समृद्धि न्यूज़

सेंसेक्स	निफ्टी
66,795.14	19,749.25

तापमान
अधिकतम 33 °c
न्यूनतम 27 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

आमंत्रण मूल्य ₹3

62 खिलाड़ियों को मिलेगी 32.50 लाख की सहायता: सहगल पेज-02
राजनीति में जनमानस की सोच बदली: सतीश महाना पेज-03

वर्ष 10 अंक 328 लखनऊ, 19 जुलाई बुधवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

लोकसभा चुनाव में एनडीए को यूपीए नहीं इंडिया देगा टक्कर

विपक्षी गुट को मिला नया नाम, राहुल गांधी ने कहा–यह एनडीए और इंडिया की लड़ाई है, नरेंद्र मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है, कुनबा बढ़ रहा है, यह अच्छी बात है: केजरीवाल

बेंगलुरु (एजेंसी)। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव का रोडमैप तैयार करने में विपक्ष जुट चुकी है। बेंगलुरु में संयुक्त विपक्ष की दूसरे दिन की बैठक में कांग्रेस समेत कुल 26 दल के नेता शामिल हुए। बैठक में विपक्षी दलों के गुट को एक नया नाम मिल गया है। अब इस गुट को 'इंडिया' के नाम से पुकारा जाएगा। ये सभी विपक्षी दल 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होंगे। यूपीए का नाम बदलकर इंडिया कर दिया गया है। यूपीए का नाम बदलने का प्रस्ताव कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेश किया, जिसका सभी ने समर्थन किया। इंडिया का फुल फॉर्म है, जिसे इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव एलायंस नाम दिया गया है। गौरतलब है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए (यूपीए) की जगह अब विपक्षी दलों के गुट को इंडिया कहा जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आधिकारिक रूप से गुट का नाम बदलने का एलान कर दिया है। बेंगलुरु में आयोजित हुए इस बैठक में कांग्रेस समेत कुल 26 दल के नेता शामिल हुए। नेताओं की बात करें तो सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, शरद पवार से लेकर अरविंद केजरीवाल तक बैठक में मौजूद थे। बता दें कि विपक्ष गुट का नाम बदल दिए जाने के बाद राजद ने भाजपा पर तंज कसा है। राजद ने कहा है कि अब भाजपा को इंडिया कहने में भी तकलीफ होगी। विपक्ष दलों की अगली बैठक मुंबई में आयोजित की जाएगी। इस बैठक के बाद घोषणा की गई कि 11 नेताओं की समन्वय समिति बनाई जाएगी।

एनडीए की बैठक पर पीएम मोदी का ट्वीट

हमारा गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है

नई दिल्ली (एजेंसी)। 26 विपक्षी दलों की एकता बैठक के बाद दिल्ली में एनडीए भी अपनी ताकत दिखा रहा है। एनडीए की 38 दलों की आज दिल्ली में बड़ी बैठक हो रही है। अब से कुछ देर में यह बैठक शुरू होगी। बैठक को लेकर तमाम राजनीतिक दलों के नेता पहुंचने लगे हैं। इन सब के बीज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्वीट कर अपनी खुशी व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा कि मुझे इस बात की खुशी है कि हमारे सहयोगी इकट्ठा हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनडीए ने हमेशा देश की प्रगति के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि पूरे भारत से हमारे मूल्यवान सहयोगी आज दिल्ली में राजग की बैठक में भाग लेंगे। हमारा गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है जो राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाना चाहता है और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा के मुताबिक राजग की बैठक में 38 दलों ने शामिल होने की पुष्टि की है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद रहेंगे। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान यह राजग की इस स्तर की पहली बैठक होगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब विपक्षी दलों ने आज ही बेंगलुरू में अपनी दूसरी बैठक की और अपने गठबंधन का नाम 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)' रखा है।

हमें देश की प्रगति को आगे बढ़ाना है: पीएम

लड़ाई इंडिया और पीएम मोदी के बीच

देश की आवाज को कुचला दबाया और जा रहा: राहुल

बंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में विपक्षी दलों की बड़ी बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज बहुत ही सार्थक बैठक हुई है जिसमें बहुत काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि लड़ाई भाजपा की विचारधारा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि लड़ाई इंडिया और नरेंद्र मोदी के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में बेरोजगारी फैल रही है। चुने हुए लोगों के हाथ में पूरा धन जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने साफ तौर पर कहा कि देश की आवाज को दबाया और कुचला जा रहा है। राहुल ने कहा कि हमारी लड़ाई इस देश के लिए है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह ह्रष्ठ और ढ्ढह्रष्ठढ्ढ की लड़ाई है। नरेंद्र मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है। उनकी विचारधारा और इंडिया के बीच की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि हम एक एक्शन प्लान तैयार करेंगे और एक साथ मिलकर देश में हमारी विचारधारा और हम जो करने जा रहे हैं उसके बारे में बोलेंगे। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई विपक्ष और भाजपा के बीच नहीं है। देश की आवाज़ को कुचला जा रहा है, यह लड़ाई देश के लिए है इसलिए इंडियन नेशनल डेवेलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम चुना गया। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी 26 पार्टियों के साथ मिलकर हमने इस गठबंधन को इंडियन नेशनल डेवेलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम दिया है। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र, मुंबई में फिर मिलने जा रहे हैं।

चुने हुए लोगों के हाथों में जा रहा धन: राहुल

विपक्ष की बैठक दिशाहीन, राजनाथ सिंह बोले–

भाजपा को जीत की हैट्रिक बनाने से कोई नहीं रोक सकता

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि बेंगलुरु में विपक्षी एकता के प्रयासों पर चर्चा के बावजूद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का जादू और सुशासन भारतीयों पर हावी है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा अपने वादों को पूरा कर रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मैं विपक्षी खेमे में बहुत भ्रम और निराशा देख रहा हूं। लोकतंत्र में, सभी को अपने विचार रखने का अधिकार है, और हां, प्रत्येक चुनाव महत्वपूर्ण है...लेकिन मुझे लगता है कि विपक्ष को पहले से ही पता है कि भाजपा को जीत की हैट्रिक बनाने से कोई नहीं रोक सकता। राजनाथ ने आगे कहा कि हमारे पास मोदी जैसा नेता है जबकि विपक्ष दिशाहीन है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने वादे पूरे किये हैं। कुछ वैचारिक मुद्दे थे जिनके प्रति हम जनसंघ के दिनों से ही प्रतिबद्ध थे। और आपने देखा होगा कि उनको कैसे क्रियान्वित किया गया है। हमारे जनसंघ के दिनों से ही हम अंत्योदय की बात करते थे, जिसका मतलब अंतिम व्यक्ति को जोड़ना और उसका उत्थान करना था। बीजेपी और पीएम मोदी के राज में ये सब हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एनडीए बढ़ रहा है और हमारे नेतृत्व और नीतियों के कारण अधिक सहयोगी इसमें शामिल हुए हैं। हमारे पास महान नेतृत्व के साथ-साथ ऐसे प्रतिबद्ध कार्यकर्ता भी हैं। केंद्र में इन नौ वर्षों में, भाजपा ने कई गरीब-समर्थक योजनाएं शुरू की हैं।

विपक्षी खेमें में भ्रम और निराशा: राजनाथ

इंडिया होगा विपक्षी गठबंधन का नाम, खड़गे बोले–

लोकतंत्र और देश को बचाने की हुई चर्चा, महाराष्ट्र में होगी अगली बैठक

बंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आज विपक्षी एकता की बड़ी बैठक खत्म हो गई है। बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए इस बैठक में चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूपीए का नाम अब इंडिया रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारे गठबंधन को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस कहा जाएगा। उन्होंने बताया कि विपक्ष की अगली बैठक मुंबई में होगी, तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। 11 सदस्यीय समन्वय समिति गठित की जायेगी। समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा मुंबई में की जाएगी। बेंगलुरु में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि एनडीए 30 दलों के साथ बैठक कर रही है। मैंने भारत में इतनी पार्टियों के बारे में नहीं सुना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पहले उन्होंने कोई बैठक नहीं की लेकिन अब वे एक-एक करके (एनडीए दलों के साथ) बैठक कर रहे हैं। पीएम मोदी अब विपक्षी दलों से डर रहे हैं। हम यहां लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकत्र हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आज पूरी मीडिया पर पीएम मोदी का कब्जा हो गया है. उनके इशारे के बिना कोई नहीं चलता. अपने 52 साल के सक्रिय राजनीतिक करियर में मैंने ऐसी प्रतिकूल स्थिति कभी नहीं देखी कि विपक्षी नेताओं (आवाज़) को दबाया जा रहा हो।

यूपीए का नाम अब इंडिया होगा: खड़गे

संक्षिप्त

ममता ने एनडीए से पूछा– क्या आप इंडिया को चुनौती दे सकते हैं

नई दिल्ली। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने की रणनीति तैयार करने के लिए बेंगलुरु में महत्वपूर्ण विपक्षी दलों की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। दो दिवसीय बैठक के अंत में सभी 26 दलों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आधिकारिक तौर पर विपक्ष के संयुक्त मोर्चे– इंडिया– (भारतीय राष्ट्रीय जनतांत्रिक समावेशी गठबंधन) के नाम की घोषणा करके प्रेस वार्ता की शुरुआत की।

6 करोड़ का सोना लूटने वाला पंजाब से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पंजाब के सुनार के छह करोड़ के गहने की लूट को अंजाम देने वाले वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लुधियाना (पंजाब) के सुशील कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला था। लूट की वारदात को अंजाम देने वाला शख्स पीड़िता का करीबी ही निकला है। उसने जीएसटी अधिकारी बनकर छह करोड़ का सोना लूट लिया था।

पीएम मोदी ने पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन

नई दिल्ली/पोर्ट ब्लेयर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस नए टर्मिनल भवन का निर्माण 710 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। इससे केंद्र शासित प्रदेश में कनेक्टिविटी को रफ्तार मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की नई एकीकृत टर्मिनल बिल्डिंग से यात्रा में आसानी और व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी।

बीते छह सालों में सक्षम राज्य बना यूपी, सीएम ने कहा–

पहले ठगे जाते थे युवा, अब नौकरी में पारदर्शी तरीके से हो रही भर्ती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकार में प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट होता था। सरकारी नौकरी निकलती थी तो चाचा और भतीजा झोला लेकर के वसूली पर निकल पड़ते थे। इससे प्रदेश का प्रतिभाशाली नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश के आयोग या बोर्ड पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता है। आज हम टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करते हुए पूरे पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी की भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं।

इसी का परिणाम है कि प्रदेश के नौजवानों के मन में उत्साह है और उनके मन में प्रदेश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना है। सीएम योगी ने मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित हुई अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लोकभवन सभागार में मंगलवार को संबोधित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1,573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि पूर्व की बीमार मानसकिता की सरकार ने उत्तर प्रदेश को बीमारू बना दिया था।

19वां नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

सीएम योगी ने कहा कि यह कार्यक्रम मिशन रोज़गार के साथ-साथ मिशन शक्ति का भी है, क्योंकि इससे प्रदेश की बालिकाएं जुड़ी हुई हैं, यह उन्हें सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार 19 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है, जिसके तहत लगभग 58000 नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। अगर सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो ऐसे ही पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ सकती है।

पहले की सरकारों में एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों की होती थी उपेक्षा

सीएम योगी ने नवनियुक्त एएनएम को बधाई दी। कहा कि पहले की सरकारों में आशा वर्कर और एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों की उपेक्षा की जाती थी। इनकी सेवाओं का मूल्यांकन नहीं हो पाता था। जगह खाली पड़ी रहती थी, कोई भरता नहीं था। हमारी सरकार ने एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों के महत्व को समझते हुए इस दिशा में कार्य करना शुरू किया। इसकी नतीजा है कि खाली पड़े पद आज भरे जा रहे हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

देहरादून–अंबाला हाईवे पर हादसा: ट्रक की टक्कर से कार में लगी आग

चार लोगों की जिंदा जलकर मौत

सहारनपुर (समृद्धि न्यूज़)। रामपुर मनिहारान क्षेत्र के देहरादून अंबाला हाईवे पर मंगलवार की दोपहर भीषण सड़क हादसे में कार में आग लग गई। कार में सवार चार लोग जिंदा जल गए। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में ले लिया। कार सवार पूरी तरह जल गए। कार को कटर से काटकर शवों को बाहर निकाला गया। कार सवार मृतकों की शिनाख्त ज्वालापुर हरिद्वार की हुई है। मंगलवार को 12 बजे के लगभग सहारनपुर के अंबाला हाईवे पर चुनेटी पुल के निकट हाईवे पर एक आल्टो कार जा रही थी। जिसमें चार व्यक्ति सवार थे। कार अचानक सड़क पर ट्रक से टकरा गई। ट्रक से टकराने के बाद कार में आग लग गई। आग लगने से कार की खिड़कियां लॉक हो गई और कार में आग ने भीषण रूप ले लिया। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाकर कार में लगी आग को बुझाया, लेकिन तब तक शव बुरी तरह जल चुके थे।

बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो घायल

बुलंदशहर। ककोड़ थाना क्षेत्र के गांव धनौरा में दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। बाइक पर सवार चारों युवकों ने हेलमेट नहीं लगाया था। इससे बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें एक युवक की हालत गंभीर है। मंगलवार की सुबह गांव दस्तुरा निवासी 25 वर्षीय रितेश पुत्र टेकचंद अपने साथी गांव रायपुर निवासी 27 वर्षीय अनमोल के साथ बाइक से बुलंदशहर जा रहा था।

अंतरिक्ष यान की तीसरी कक्षा बढ़ाने की प्रक्रिया सफल

20 जुलाई को होगी अगली फायरिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। चंद्रयान-3 मिशन को लेकर एक अच्छी खबर आ रही है। दरअसल, मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ट्वीट कर के जानकारी दी है कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान की तीसरी कक्षा बढ़ाने की प्रक्रिया (पृथ्वी-बाउंड अपभू फायरिंग) को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है। अगली फायरिंग 20 जुलाई 2023 को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच करने की योजना है। ट्वीट में कहा गया है, मिशन तय समय पर है। तीसरी कक्षा बढ़ाने की तीसरी प्रक्रिया (पृथ्वी-बाउंड अपभू फायरिंग) आईएसटीआरएसी/ इसरो, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक किया गया है। अगली फायरिंग 20 जुलाई, 2023 को दोपहर 2 से 3 बजे आईएसटी के बीच करने की योजना है।

महोबा में ट्रिपल हत्याकांड से फैली सनसनी

हैवान पिता ने पत्नी सहित दो बच्चियों को मौत के घाट उतारा

महोबा, समृद्धि न्यूज़

महोबा में सोमवार शाम करीब 8 बजे एक युवक ने अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चियों की हत्या कर दी। इसके बाद वो मौके से फरार हो गया। ट्रिपल हत्याकांड के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पूरा मामला शहर कोतवाली के समदनगर का है। यहां देवेंद्र विश्वकर्मा नाम के युवक ने अपनी पत्नी राजकुमारी देवी, बेटी अरुषि (9) और सोनाक्षी (5) की ईट से कूचकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि देवेंद्र कपड़ों की फेरी लगाने का काम करता है। आए दिन पति पत्नी के बीच विवाद होता था। पड़ोसियों की मानें तो शाम को भी दोनों के बीच विवाद हुआ। गुस्से में देवेंद्र ने पहले पत्नी को मारा, फिर दोनों बच्चियों की हत्या कर भाग गया। देवेंद्र शाम 7 बजे के करीब फेरी लगाकर लौटा था। आरोपी के पिता ठाकुरदीन का कहना है कि मोटी रोटी बनाने को लेकर विवाद हुआ था देवेंद्र ने अपनी पत्नी और दो बच्चियों को मार दिया। पिता का कहना है कि वह सिलाई का काम करता है। बहू व बेटे के बीच अक्सर विवाद होता था। सुबह देवेंद्र फेरी लगाने गया था। शाम को लौटा तो फिर विवाद होने लगा। मैंने बचाव किया। इसके बाद उसने पत्नी और बच्चों को कमरे में बुलाया और मार डाला। नशे का आदी था आरोपी पिता ठाकुरदीन ने बताया कि वो गांजे का लती था अब पता नहीं शाम को गांजा पिया था या नहीं।

संकट बरकरार

जलस्तर घटा, लेकिन खतरा बरकरार

29 गांवों के साथ यमुना के किनारे बसीं 150 कालोनियां जलमग्न

मथुरा, समृद्धि न्यूज़

यमुना के जलस्तर में मंगलवार सुबह कुछ कमी आई, लेकिन संकट अभी भी बरकरार है। रविवार रात जलस्तर 167.34 मीटर था, सुबह ये 167.12 मीटर रह गया है। खतरे के निशान से अभी भी 1.12 मीटर पानी ऊपर बह रहा है। विश्राम घाट के आसपास का इलाका जलमग्न है। यहां मकानों के अंदर पानी घुस गया था, मंगलवार सुबह जलस्तर घटने से मकानों से पानी बाहर आ गया है।

खादर इलाके में हालात खराब

यमुना खादर के इलाके में अभी भी स्थिति बेहद खराब है। कालोनियों में पानी घटने के बाद भी घरों में कई फीट पानी है। यहां रहने वाले ज्यादातर परिवार पलायन कर गए हैं। घरों के अंदर रखा सामान पूरी तरह नष्ट हो चुका है। जिले के 29 गांवों के साथ ही यमुना के किनारे बसीं करीब 150 कालोनियां जलमग्न हो गई हैं। सबसे खराब हालत वृंदावन की है। यहां यमुना खादर में बसी कालोनियां जलमग्न हैं। परिक्रमा मार्ग में अभी भी करीब तीन फीट पानी भरा हुआ है।

अधिकमास शुरू, काफी कम रही लोगों की संख्या

मंगलवार से अधिकमास प्रारंभ हुआ है, लेकिन बाढ़ के चलते श्रद्धालुओं की संख्या काफी कम है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर की गली नंबर दो में भरे पानी में कुछ कमी आई है, ये गली परिक्रमा मार्ग के जुगल घाट से होकर आती है। ऐसे में श्रद्धालुओं का इस गली से आना–जाना बंद हो गया है। अब श्रद्धालु यहां दूसरे रास्ते से मंदिर पहुंच रहे हैं।

गांव से उतरने लगा यमुना का पानी

उधर, नौहझील और शेरगढ़ क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों के चारों ओर पानी आ गया है। बाबूगढ़ और छिनपारई गांव सबसे अधिक प्रभावित रहे, इनमें मंगलवार सुबह कुछ पानी कम हुआ है। यहां से काफी ग्रामीणों को निकाल लिया गया है, कुछ ने गांव के ऊंचे स्थानों पर डेरा डाल दिया है। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, आने वाले समय में जलस्तर घटेगा। हालांकि खतरे के निशान 166 मीटर से ऊपर पानी अगले दो से तीन तक रहेगा।

जल संरक्षण के साथ पौधरोपण जरूरी: स्वतंत्र देव

स्वच्छता की तरह ही अब जल संचयन भी बना जन आंदोलन, यूपी में बनाए गए 15 हजार अमृत सरोवर

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

होटल फेयरफील्ड मैरियट में जल जीवन मिशन के तहत स्वतंत्र देव सिंह ने समारोह में जलापूर्ति योजना की वर्तमान स्थिति की दी जानकारी

लखनऊ। यूपी में आज जल स्रोतों को संरक्षित करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जिसका परिणाम है कि बीते 9 वर्षों में भूगर्भ जल स्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

खासतौर पर बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। पहले जिस बुंदेलखंड में महिलाएं पानी को तरसती थीं, वहां आज जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से घर-घर नल से जल पहुंचा है। जल संचयन के लिए पोखरों का नवीनीकरण, चेक डैमों व अमृत सरोवरों का निर्माण और नदियों, तालाबों को जिंदा करने का कार्य किया जा रहा है। ये बातें मंगलवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भूजल सप्ताह के तहत गोमतीनगर के विभूतिखंड स्थित एक होटल में कहीं। भूगर्भ जल विभाग और आगा खान फाउंडेशन की ओर से जल जीवन मिशन की योजनाओं में जल आपूर्ति के लिए स्रोत स्थिरता सुनिश्चित करने की वर्तमान स्थिति और अवसर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जल संचय करना छोटा काम नहीं है। एक लोटा पानी बचाकर हम आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में विकास के पथ पर बढ़ चुके यूपी में जल संचयन व जल संरक्षण के साथ पौधरोपण भी जरूरी है।

प्रदेश सरकार के साथ सामाजिक संगठनों की भागीदारी से समाज की सोच में बदलाव आया है। स्वच्छता की तरह ही अब जल संचयन भी जन आंदोलन बन गया है।

जल शक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के साथ जब समाज भी आगे बढ़कर जल संरक्षण व जल संचयन की दिशा में काम कर रहा है तो उसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल से ही स्वस्थ्य रह सकते हैं। ऐसे में स्वच्छ पेयजल,जल संचयन व जल संरक्षण से जुड़ी कार्यशालाओं को गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर भी आयोजित किया जाना चाहिये।

इससे पहले जल निगम ग्रामीण के प्रबंध निदेशक डॉ. बलकार सिंह ने कहा कि भूगर्भ जल के स्तर को बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन भी बेहद जरूरी है। आज यूपी में 15 हजार अमृत सरोवर हैं। उन्होंने कहा कि आज जल जीवन मिशन से ग्रामीण परिवारों की सेहत में सुधार हो रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर हुई है। कार्यशाला में भूगर्भ जल प्रबंधन विषय पर आधारित परिचर्चा हुई जिसमें वक्ताओं ने अपने अपने विचारों को साझा किया।

इसके बाद प्रोजेक्ट इंजीनियर अनुभव भटनागर ने भूजल बोरवैल मॉनिटरिंग ऐप के बारे में जानकरी दी। उन्होंने बताया कि इस एप से भूगर्भ जल स्तर की मॉनिटरिंग भी की जा सकती है।

सपा ने विस चुनाव में हमें धोखा दिया: ओम प्रकाश राजभर

निशाना

▸ बैठक में भाग लेने के लिए लखनऊ से दिल्ली के लिए हुए रवाना

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्हें धोखा दिया। राजभर आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में भाग लेने के लिए लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इसके पहले उन्होंने कहा कि सपा ने पिछले साल उप्र विधानसभा चुनाव में सीट देने के मामले में उन्हें धोखा दिया। उन्होंने 13 सीट पर अब्बास अंसारी सहित अपने उम्मीदवार दिए, लेकिन चुनाव चिन्ह हमारा था। हम राजग की बैठक के बाद उनके बारे में चर्चा करेंगे और इसके अनुसार कार्य करेंगे।

बता दें कि अब्बास अंसारी माफिया सह राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे हैं, जो जेल में बंद हैं। राजभर ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले उनके विधायकों की संख्या 47 थी और पिछले साल उप्र विधानसभा चुनाव में उनके विधायकों की संख्या 125 तक पहुंच गई, लेकिन इस बार वह उप्र में जीत नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा, ''संजय निषाद कुछ वोट काटेंगे, अनुप्रिया पटेल और दारा सिंह चौहान वोट काटेंगे।

जानकीपुरम विस्तार के ट्रामा सेंटर में पौधरोपण कर बांटी मिठाई

लखनऊ। जानकीपुरम सेक्टर-3 में स्थित ट्रामा सेंटर के लोकार्पण के बाद लखनऊ जन विकास महासभा के पदाधिकारियों ने ट्रामा सेंटर के प्रांगण में पौधरोपण कर एक-दूसरे को मिठाइयां वितरित की। इस अवसर पर लखनऊ जनविकास महासभा के संस्थापक संयोजक पंकज कुमार तिवारी 'अधिवक्ता', महामंत्री राम तिवारी, मंत्री अजय यादव, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, दिव्या शुक्ला सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर क्षेत्र में इस ट्रामा सेंटर की पहली बार मांग उठाने वाली लखनऊ जनविकास महासभा के संयोजक पंकज तिवारी ने बताया कि ट्रामा सेंटर को लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार में बनवाने को लेकर लखनऊ जन विकास महासभा ने काफी संघर्ष किया था, एक समय ऐसा भी आया, जब ट्रामा सेंटर को जानकीपुरम से कही दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने की भी बात उठने लगी थीं।

खबरें एक नजर में

एयरटेल के इंटरनेशनल रोमिंग पैक की मांग बढ़ी

लखनऊ। भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल ने पिछले वर्ष की तुलना में उत्तर प्रदेश से विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए इंटरनेशनल रोमिंग पैक के सब्सक्रिप्शन में 100 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। एयरटेल ने अपने अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग प्लान को भी अपडेट किया है, ताकि इसे किफायती बनाया जा सके, जिसकी शुरुआत केवल 133 रूपए, प्रतिदिन से होती है। यह अधिकांश देशों में स्थानीय सिम कार्ड से भी सस्ता है, जिससे ग्राहकों के लिए कनेक्टिविटी आसान और अधिक सुविधाजनक हो जाती है। इसके परिणामस्वरूप प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों सेगमेंट में पैक सब्सक्रिप्शन में कंपनी ने महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है। विदेश यात्रा करने वाले उत्तर प्रदेश के निवासियों के बीच 10-दिन की वैधता वाला पैक सबसे लोकप्रिय सब्सक्रिप्शन पैक बना हुआ है। भले ही संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम भारत से सबसे अधिक यात्रा करने वालों के फेवरेट डेस्टिनेशन हैं, उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए एयरटेल के नेटवर्क पर सबसे लोकप्रिय इंटरनेशनल हॉलीडे डेस्टिनेशन संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, बांग्लादेश और भूटान जैसे देश हैं।

बागेश्वर बाबा के खिलाफ महिला आयोग में शिकायत

लखनऊ। बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री सिंदूर और मंगलसूत्र के बयान के चलते चर्चा में है। समाज सेविका नूतन ठाकुर ने इस मामले में महिला आयोग में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वह प्रवचन में किसी स्त्री की शादी हो गई हो तो उसकी दो पहचान होती है-मांग का सिंदूर, गले में मंगलसूत्र। अच्छा, मान लो मांग का सिंदूर न भरा हो, गले में मंगलसूत्र न हो तो हम लोग क्या समझते हैं कि भाई ये प्लॉट अभी खाली है। जिसके बाद लोगों ने उनके इस बयान को ट्रोल करना शुरू कर दिया था। अधिकार सेना की महासचिव नूतन ठाकुर ने बताया कि बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने खाली प्लाट को लेकर जो महिलाओं से जोड़कर बयान दिया है वह गलत है। इसको लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग से शिकायत की है। उनके इस बयान के बाद महिलाओं को लेकर कई आपत्तिजनक बनाय सोशल मीडिया पर आ रहे हैं। इसलिए इस पर आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए।

जैन गुरु की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कल

लखनऊ। श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा द्वारा कर्नाटक में आचार्य 108 श्री कामकुमार नंदी जी गुरूदेव की जघन्य हत्या कर दी गयी जिसके विरोध में 20 जुलाई दिन गुरुवार को महावीर पार्क डालीगंज में प्रातः 9.00 बजे से 11.00 बजे तक विरोध प्रदर्शन होगा। अध्यक्ष विनय कुमार जैन ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में प्रदर्शन हो रहा है। विरोध के सन्दर्भ में पूरे भारत वर्ष में 20 जुलाई दिन गुरूवार को दुकान, व्यापार कारखाने सर्विस पर न जाकर सकल दिगम्बर जैन समाज लखनऊ के द्वारा शान्तिपूर्वक अहिंसात्मक ढंग से धर्म की रक्षा हेतु प्रदर्शन होगा।

दारूल उलूम फरंगी महल में मुहर्रम से जलसे का आरम्भ

लखनऊ। इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया फरंगी महल के अर्न्तगत नाजिम दारूल उलूम फरंगी महल मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह, लखनऊ की सरपरस्ती में दस दिवसीय जलसा ''शुहादाये दीन-ए-हक व इस्लाह-ए-मआशरा'' जामा मस्जिद दारूल उलूम ईदगाह लखनऊ में में आज अर्थात पहली महुर्रम से आरम्भ हो रहे हैं। जलसों का उद्देश्य कुरान व हदीस के पैगाम को फैलाना, मुसलमानों में फैली हुई बेजा रस्मों और उनके अकीदों व आमाल की इस्लाह करना है। जिसको हजरत मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह, लखनऊ, मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी प्रधानाचार्य दारूल उलूम, मौलाना मुहम्मद मुशताक अध्यक्ष ऑल इण्डिया सुन्नी बोर्ड, मौलाना मुफ्ती अतीकुर्रहमान, मौलाना मुहम्मद सुफ्यान निजामी, मौलाना मुहममद हारून व अन्य उलामाक्राम खिताब फरमायेंगें।

भाजपा का सामाजिक न्याय में विश्वास नहीं: नरेश उत्तम

बयान

▸ भाजपा सरकार में भय व्याप्त, भ्रष्टाचार को दिया जा रहा बढ़ावा

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ के बुद्धेश्वर चौराहा मोहान रोड पर अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी संस्थान द्वारा आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि नरेश उत्तम पटेल ने महारानी अवंती बाई लोधी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने महारानी अवंती बाई लोधी का स्मरण करते हुए कहा कि उनके त्याग और बलिदान को भूलना नहीं चाहिए। 1857 की क्रांति में महारानी अवंतीबाई लोधी ने अंग्रेजों का डटकर मुकाबला करते हुए अंग्रेजों की बंदी बनने के बजाय अपना आत्म बलिदान करना उचित समझा था। उन्होंने कहा, भाजपा का सामाजिक न्याय में विश्वास नहीं है। वह समाज को जोड़ने में नहीं बल्कि तोड़ने में विश्वास करती है। भाजपा सरकार में भय और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सबको एकजुट होना है।उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के सवा छह साल के शासन काल में महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय चरम पर है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर कर रही है और पिछड़ों, दलितों तथा अल्पसंख्यकों के हितों से खिलवाड़ कर रही है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देगी सपा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर समाजवादी पार्टी जमकर तैयारियों में जुटी हुई है। सपा ने चुनाव में 80 की 80 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है। इसी के मद्देनजर अब सपा पिछड़ों, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) सरकार का नारा बुलंद करने वाली अगड़ों को भी जोड़ने की मुहिम शुरू करने जा रही है। सपा ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है और भाजपा को हराने के लिए रणनीति तैयार कर रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए सपा ने रणनीति तैयार की है। इस रणनीति के तहत सपा पीडीए को उनके अधिकार दिलाएंगे और किसी का भी साथ लेने से कोई परहेज नहीं करेगे। सपा क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य और कायस्थ समाज के बीच पैठ बढ़ाने की योजना पर भी काम कर रही है। इसके लिए पार्टी दो चरणों में काम करेगी। पहले चरण में जगह-जगह क्षत्रिय सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत जनता को समाज से जोड़ने का काम किया जाएगा।

बरेली मण्डल के18 मार्गों हेतु दो करोड़ 42 लाख 83 हजार रूपये अवमुक्त

लखनऊ। राज्य सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत बरेली मण्डल के दो जनपदों के 18 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 02 करोड़ 42 लाख 83 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश के अनुसार 35 चालू कार्यों में जनपद बरेली के 17 तथा शाहजहांपुर के 01 कार्य शामिल हैं। जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2024 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

एकलव्य क्रीड़ा कोष

62 खिलाड़ियों को मिलेगी 32.50 लाख की सहायता: सहगल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में आज बापू भवन में आयोजित एकलव्य क्रीड़ा कोष की बैठक में 62 खिलाड़ियों को 32.50 लाख रुपये आर्थिक सहायता फेलोशिप दिये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें 25 महिला एवं 37 पुरूष खिलाड़ी शामिल है। विभिन्न प्रकार के 25 खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को फेलोशिप दिये जाने पर निर्णय लिया गया है। खेल एवं खिलाड़ी का प्रोत्साहन तथा संवर्धन नियमावली-2021 में निहित व्यवस्था के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। बैठक में तैराकी ,पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, टेबिल टेनिस, बास्केटबाल, साफ्ट टेनिस, हॉकी, वॉलीबाल, भारोत्तोलन, कुश्ती, तीरंदाजी, शूटिंग, जूडो, हैण्डबाल, ताइक्वांडो, स्कवैश, कबड्डी, पंजा कुश्ती, खो-खो, फुटबाल, थ्रो-बाल, कराटे तथा जिम्नास्टिक खेल में पदक विजेता खिलाड़ियों को फेलोशिप प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 06 पैरा खिलाड़ियो को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं मण्डलों से राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की।

यूपी में गरीबी का ग्राफ गिरा कई राज्यों को पिछाड़ बना अव्वल

आंकड़ा

▸ प्रदेश में 37.68 फीसदी लोग गरीबी के दायरे में थे, 2019-21 में उनकी संख्या घटकर 22.93 प्रतिशत हुई

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2019-21 की समयावधि में 3.43 करोड़ लोग गरीबी की गिरफ्त से बाहर आए हैं। 2015-16 में 37.68 फीसद लोग गरीबी के दायरे में थे, 2019-21 में उनकी संख्या घटकर 22.93 फीसदी रह गई। नगरीय क्षेत्रों की तुलना में गरीबी ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से कम हुई है। राज्य के ग्रामीण इलाके में 2015-16 लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे में थे, वहीं 2019-21 में उनकी संख्या घट कर 26.35 फीसदी रह गई। 2015-16 में नगरीय क्षेत्रों में 17.72 फीसदी लोग गरीबी के चंगुल में फंसे थे जिनकी संख्या 2019-21 में घटकर 11.57 प्रतिशत रह गई है।सोमवार को नीति आयोग ने एक रिपोर्ट जारी की है।उत्तर प्रदेश में वित्तीय 2015-16 से 2019-21 की समयावधि में 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी की गिरफ्त से बाहर आए हैं। प्रदेश में 37.68 फीसदी लोग गरीबी के दायरे में थे, 2019-21 में उनकी संख्या घटकर 22.93 प्रतिशत रह गई। नगरीय क्षेत्रों की तुलना में गरीबी ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से कम हुई है।राज्य के ग्रामीण इलाके में 2015-16 में जहां 44.29 फीसदी लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे में थे, 2019-21 में उनकी संख्या घट कर 26.35 फीसदी रह गई। 2015-16 में नगरीय क्षेत्रों में 17.72 फीसदी लोग गरीबी के चंगुल में फंसे थे जिनकी संख्या 2019-21 में घटकर 11.57 फीसदी रह गई है। कल सोमवार को नीति आयोग की ओर से जारी की गई।

इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है मुहर्रम

लखनऊ। राष्ट्रीय सामाजिक संगठन के संयोजक मुहम्मद अफाक ने अपने बयान में कहा कि मुहर्रम जल्द ही आने वाला है, मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। इसे मुहर्रम उल हर्रम भी कहा जाता है इस्लाम से पहले भी इस महीने को बहुत सम्मानित माना जाता था। इस्लाम ने इस सम्मान को जारी रखा. इस महीने में युद्ध और संघर्ष वर्जित है। इसी पवित्रता के कारण इसे मुहर्रम कहा जाता है। इस महीने से नया इस्लामिक साल शुरू होता है, इसी महीने की पहली तारीख को हजरत उमर को शहीद किया गया था उन्होंने आगे कहा कि निश्चित रूप से मुहर्रम का महीना एक गौरवशाली और धन्य महीना है. और यह उन पवित्र महीनों में से एक है जिसके बारे में अल्लाह ने महान कहा है निश्चित रूप से, अल्लाह के पास, महीनों की संख्या बारह है, और (यह संख्या) उस दिन से स्थापित की गई है जब अल्लाह ने आकाश और पृथ्वी का निर्माण किया। उन्होंने कहा, उनमें से चार पवित्र और विनम्र महीने हैं।

पॉलीथीन का इस्तेमाल जन सामान्य के लिए घातक: अनूप मिश्रा

आयोजन

▸ स्कूल में सेल्फी विद झोला के कार्यक्रम कर किया जागरूक

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

पॉली बैग्स और पॉलीथीन थैलियों से पर्यावरण के संग आम जनमानस को होने वाले नुकसान के साथ साथ दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने और दैनिक दिनचर्या के सामान को झोले में लाने और ले जाने के प्रति लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पुलिस में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर जनपद उन्नाव में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा एक अनूठी मुहिम सेल्फी विद झोला को चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को सरोजनीनगर के शांति नगर स्थित के क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में सेल्फी विद झोला अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण विद अनूप मिश्रा अपूर्व (सीनियर सब इंस्पेक्टर) द्वारा बच्चों को अभियान से जुड़ी जानकारी दी गईं और कपड़े या जूट के बने झोले के उपयोग करने हेतु संकल्प दिलाया गया अनूप मिश्रा ने पॉली बैग्स के इस्तेमाल किए जाने स्कूल के बच्चों के बीच पॉलीथीन से होने वाले नुकसान पर चर्चा करते हुए जागरूक किया । इस अभियान की कॉलेज प्रबंधक इंजीनियर योगेंद्र सचान ने प्रशंसा करते हुए करते अनूप मिश्रा अपूर्व की अनूठी पहल की सराहना करते हुए उन्होंने भी बच्चों , शिक्षकों और अभिभावकों से पॉली बैग्स का इस्तेमाल न किए जाने की अपील की। मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि 31 जुलाई तक करीब एक लाख लोगों तक अभियान के तहत जागरूक किया जाना है।इस अवसर पर कॉलेज के बच्चों समेत शिक्षक , अभिभावक और काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

आईआईटी गांधीनगर के विशेषज्ञों से ट्रेनिंग लेंगे यूपी के शिक्षक

बैठक

▸ गुणवत्तापरक शिक्षा खातिर योग्य और अपडेट अध्यापक जरूरी, प्रत्येक गुरुवार को होगा एक सत्र

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

बच्चों के शिक्षित होने के लिए आवश्यक है कि शिक्षक योग्य और अपडेट हों। योगी सरकार ने इसी दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उत्तर प्रदेश के विशेष योग्यता वाले शिक्षकों को योगी सरकार आईआईटी गांधीनगर के विशेषज्ञों के माध्यम से प्रमुख विषयों खासकर स्टेम साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, आर्ट्स और मैथ में दक्ष बनाएगी और फिर इसका लाभ अन्य शिक्षकों और छात्रों तक पहुंचेगा। योजना के तहत आईआईटी गांधीनगर के विशेषज्ञों द्वारा 80 ऑनलाइन सेशन आयोजित किए जाएंगे और प्रत्येक सप्ताह एक सेशन का आयोजन होगा। 2022-23 में उत्तर प्रदेश के विशेष योग्यता वाले शिक्षकों के लिएआईआईटी गांधीनगर के विशेषज्ञों द्वारा 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसे और प्रभावी बनाने के लिए अब ऑनलाइन माध्यम से लाइव सेशन के जरिए प्रदेश की शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के मिशन में जुटेंगे।महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार शैक्षिक सत्र 2023-24 में कार्यक्रम की निरंतरता को बनाए रखने तथा प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्टेम की अवधारणा को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए प्रदेश के विज्ञान तथा गणित के एआरपी,एसआरजी तथा मास्टर ट्रेनर्स के लिए आईआईटी गांधीनगर, गुजरात द्वारा 80 ऑनलाइन सत्र संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

वित्तीय अधिष्ठानों को कराना होगा बीमा एवं वाहय सहायतित परियोजना से पंजीकरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कारोबार करने वाले अथवा जमा स्वीकार करने वाले प्रत्येक वित्तीय अधिष्ठानो को उत्तर प्रदेश वित्तीय अधिष्ठानों में जमाकर्ताहित नियमावली 2016 में निर्धारित प्रारूप के तहत विवरण प्रस्तुत करके महानिदेशक संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाहय सहायतित परियोजना से पंजीकरण कराना होगा। अधिष्ठान द्वारा अपना कारोबार जिस क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है संबंधित क्षेत्र के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को विवरण, कारोबार प्रारंभ करने के 7 दिन के भीतर प्रेषित करना होगा। ऐसे वित्तीय अधिष्ठान जो इस नियमावली के प्रारंभ होने के पूर्व अपना कारोबार कर रहे हैं वे नियमावली के प्रारंभ होने के दिनांक से 7 दिन के भीतर प्रारूप 1 में पंजीकृत किए जायेंगे। महानिदेशक संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना शिव सिंह यादव ने बताया कि इसपर विशेष ध्यान दिया जाए कि वास्तविक भू संपदा से संबंधित कारोबार अथवा निर्माणकर्ता सम्मिलित हो सके।

पुलिस ने किया मादक पदार्थों के साथ तीन को गिरफ्तार

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

पारा कोतवाली के कोतवाल श्रीकांत राय के निर्देश पर काम कर रहे उप निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा व उपनिरीक्षक अजय सिंह व हेड कांस्टेबल पन्ने लाल व कांस्टेबल दीप नारायण व आकाश कुमार ने सफलता हासिल की। पारा कोतवाली के अंतर्गत बड़े स्तर पर स्विफ्ट डिजायर कार से तीन अभियुक्त घूम-घूम कर मादक पदार्थ गांजा बेचने का करते थे। पारा कोतवाली की पुलिस टीम ने तीनों अभियुक्तों को मादक पदार्थ गांजा के साथ धर दबोचा। उनके पास से 105000 नगद व 10 किलो 750 ग्राम गांजा, स्विफ्ट डिजायर, 3 मोबाइल बरामद किये। इस मामले में तीनों अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

पीएम ग्राम सड़क योजना के लिए सात करोड़ स्वीकृत

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत औरैया, अयोध्या, गोरखपुर एवं कानपुर नगर लोनिवि के कतिपय पैकेजों मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने हेतु 72873538 रुपये अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि के संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ इस बात का ध्यान रखेंगे कि धनराशि स्वीकृत कर सीधे संबंधित विभाग संस्था के बैंक खाते में अंतरित की जायेगी। स्वीकृत धनराशि के नियमसंगत आहरण व्यय, स्वीकृत की गयी धनराशि के विरुद्ध निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्त होने तथा निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा।

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की अध्यक्षता में हुई बैठक

बैठक

▸ उप्र के 11 जिलों की पदाधिकारियों ने मीटिंग में हिस्सेदारी की

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति उप्र राज्य कमेटी की बैठक सुमन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में एडवा राष्ट्रीय अध्यक्ष केरल की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री पीके राष्ट्रीय सचिव मरियम धावले व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाषिनी अली उपस्थित थीं। उप्र के 11 जिलों की पदाधिकारियों ने मीटिंग में हिस्सेदारी की। मीटिंग में उप्र में बढ़ती महिला हिंसा की घटनाओं और उसके खिलाफ कार्यवाही करने में पुलिस की उदासीनता के खिलाफ चिंता व्यक्त की गई तथा महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ आंदोलन का आह्वान भी किया गया। समान नागरिक संहिता-केंद्र सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता को लागू करने के प्रस्ताव पर एडवा का स्पष्ट मत है कि यह 22 वें लाएँ कमीशन द्वारा एक सीमित समय में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सुझाव मांगना एक औपचारिकता मात्र है जबकि 2018 में 21 वें ला कमीशन ने इसे लागू करना गैरजरूरी बताया था। एडवा का मानना है कि यह समुदायों के बीच ध्रुवीकरण को बढ़ायेगा। हमारा देश विविधताओं का देश है और यही हमारे देश के लोकतंत्र की खूबसूरती है। समान नागरिक संहिता का एक ऐसा मुद्दा है जिसका संबंध महिलाओं के अधिकार व समानता से जुड़ा है।

विश्वविद्यालय में सृजित पदों पर भर्ती शीघ्रः राज्यपाल

कुलाधिपति ने राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ की प्रगति की समीक्षा की

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन से ऑनलाइन राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय के विविध प्रशासनिक मुद्दों, निर्माण कार्यों, विश्वविद्यालय संचालन हेतु पर्याप्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी वर्ग की उपलब्धता, परीक्षा सत्र तथा वित्तीय स्थिति जैसे अन्य विषयों पर वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चन्द्रशेखर ने राज्यपाल जी को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में जनपद अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज शामिल है। इससे समबद्ध कुल 365 महाविद्यालयों में 11 राजकीय महाविद्यालय, 12 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय तथा 342 स्वावित्त पोषित महाविद्यालय हैं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 में कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या-156315 है। 94.89 एकड़ के क्षेत्रफल पर विश्वविद्यालय परिसर के भवन अभी निर्माणाधीन हैं। विश्वविद्यालय की प्रशासनिक प्रगति पर चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने सृजित पदों के सापेक्ष चयन प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भर्ती के लिए निर्धारित प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी रखने तथा सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग कराने का निर्देश भी दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में वर्तमान में कार्यरत स्टाफ डिजिटाइजेशन तथा ऑनलाइन पोर्टल की प्रगति की जानकारी भी ली।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट में आसम्बद्ध लिंक दृष्टव्य होने की जानकारी पर वेबसाइट का सिक्युरिटी आडिट कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में ''समर्थ पोर्टल'' पर कार्य करने ''दर्पण डैशबोर्ड'' पर रजिस्ट्रेशन कराकर सेवाएं प्राप्त करने का निर्देश भी दिये।

अकादमिक कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन के लिए तैयारी कराने, परीक्षा परिणामों को कम से कम समय में घोषित करने, नए सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन में बीस से तीस प्रतिशत कोर्स रिवीजन करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर नैक कार्यशाला कराकर सम्बद्ध महाविद्यालयों को नैक के उच्चतम ग्रेड हेतु तैयारी कराई जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर दीक्षांत कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी भी ली। बैठक मे विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा न करने की स्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित होने में हो रहे विलम्ब की चर्चा होने पर राज्यपाल जी ने कहा कि विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क सीधे विश्वविद्यालय में जमा कराने के प्रावधान पर विचार किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय को शासन से प्राप्त अनुदान, खातों संख्या तथा धनारशि की जानकारी भी ली।

उन्होंने कहा कि सेविंग खातों में जमा रकम को सावधि जमा योजना में रखा जाए। बैठक में ऑनलाइन जुड़े जिलाधिकारी, श्री इन्द्र विक्रम सिंह को विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों को शीघ्रतिशीघ्र पूरा कराने तथा विश्वविद्यालय के प्रयोग हेतु तीन से चार कमरों, शौचालय तथा फर्नीचर आदि की व्यवस्था कराने को कहा। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय से जुड़े राजकीय महाविद्यालयों एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबन्धकों से भी ऑनलाइन व्यवस्थाओं, प्रगति, शिक्षण कार्यों की जानकारी ली।

प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने पर हुआ मंथन

बैठक

- कृषि मंत्री की अध्यक्षता में बेहतर परिणाम प्राप्त करने की रणनीति पर दिया बल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

यूपी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी प्रोजेक्ट में कृषि और संबद्ध क्षेत्र की गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा के लिए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में 18 जुलाई को मुख्य भवन में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कैबिनेट मंत्री जल शक्ति स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री पशुपालन, धर्मपाल सिंह, और राज्य मंत्री, कृषि, बलदेव सिंह औलख के साथ मुख्यमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. केवी राजू ने भाग लिया। कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि, डॉ. देवेश चतुर्वेदी और सचिव, कृषि डॉ. राज शेखर भी उपस्थित थे। परियोजना के सलाहकार के रूप में डेलॉइट ने इस वर्ष की शुरुआत में प्रस्तुत रणनीति रिपोर्ट के आधार पर अगली तिमाही के लिए कार्य योजना के साथ अब तक कार्यान्वयन की स्थिति प्रस्तुत की।इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि आज मंत्री स्तर पर यह पहला प्रेजेंटेशन हुआ है। इस संबंध में प्रयासों को और बेहतर किए जाने की आवश्यकता है।

एसजीपीजीआई में डिजिटल ट्रांजेक्शन शुरू

लखनऊ। केजीएमयू में मरीजों को फीस और अन्य सुविधाओं के लिए नगद भुगतान से राहत मिलेगी। अब वे डिजिटल माध्यम से भी भुगतान कर सकेंगे। डेबिट और क्रेडिट कार्ड के साथ ही मरीजों को पेटीएम, गूगल पे डिजिटल माध्यम से भी पेमेंट करने की सुविधा मिलनी शुरू हो गई। अब तक लखनऊ के सरकारी चिकित्सा संस्थानों में सिर्फएसजीपीजीआई में यह सुविधा मिल रही थी। केजीएमयू और लोहिया संस्थान दोनों में डिजिटल ट्रांसक्शन न होने से मरीजों और तीमारदारों को कैश में ही भुगतान करना पड़ता था। केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. सुधीर सिंह ने बताया कि मई 2023 से पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह सुविधा ट्रायल के आधार पर शुरू की गई थी। एचआईएमएस यानी अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली, ई-अस्पताल (एनआईसी, नई दिल्ली द्वारा) के साथ डिजिटल गेटवे को मजबूत करने के बाद अब यह सुविधा सामान्य रूप से शुरू की जा रही है।

तीन कंपनियों में 57 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

टैक्स चोरी

- लखनऊ से दूसरे राज्यों की फर्मों के लिए जारी करते थे फर्जी इनवॉयस

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश राज्य जीएसटी विभाग ने 57 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी है। 3 अलग-अलग कंपनी फर्जी इनवॉयस बनाकर करोड़ों की टैक्स चोरी कर रही थीं। विभागीय जांच में यह खुलासा हुआ है। इसमें लखनऊ की आरसी इंफ्रा डिजिटल सल्यूशंस, लड्डू डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड और मुंबई फिल्म इंस्टीट्यूट शामिल हैं। विभाग के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि इन कंपनियों ने 122 करोड़ रुपए का फर्जी इनवॉयस बनाया था। ये तीनों कंपनियां बिल्डिंग मैटेरियल, फिल्म इक्यूपमेंट समेत अलग-अलग व्यापार की वस्तुओं का इनवॉयस बनाने का काम करती थीं। छापामारी में दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद हुए हैं, जिसके आधार पर चोरी की बात सामने आ रही है। राज्य जीएसटी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि टीम ने ये टैक्स चोरी इंटेलीजेंस इनपुट पर पकड़ा गया है। इनके व्यापार को लेकर विभाग के अधिकारियों को शक हुआ।

श्रावण मास में वटुकों व आचार्यों ने किया शिवार्चन पूजन

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

मंगलवार को चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि प्रोफेसर नंदकिशोर पांडे स्मृति संस्थान द्वारा संचालित वेद विद्यालय, बरगदी, कुम्हरावां, बीकेटी लखनऊ में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड (शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार) से संबद्ध एवं अनुदानित है गुरुकुल मे बालकों को वेद की शिक्षा एवं भारतीय संस्कार प्रदान किए जा रहे हैं समिति द्वारा पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर 51 वटुकों एवं आचार्यों द्वारा विधि विधान से शिवार्चन पूजन किया गया। गुरुकुल के सभी आचार्य गणों एवं बालकों का सम्मान भी समिति द्वारा किया गया, इस अवसर पर वेद पंडित विजय कृष्ण भागवत का भी सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ , प्राचार्य वेद मूर्ति महामाया दत्त पराशर ने वेद के उत्तम महत्व को समझाया, आचार्य राजेश शुक्ल ने कहा ऐसे वैदिक पाठशाला में समाज को भी बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान करना चाहिए जिससे वेद का प्रचार प्रसार अच्छे से हो सके।

आचार्य उमेश पाठक ने शिव महिम्न स्तोत्र का गायन किया, गुरुकुल के सभी बटुकों ने इस अवसर पर वेद एवं गीता का पाठ किया। आचार्य आशुतोष पाठक ने कहा -शिव तत्वं न जानामि कीदृशोऽसि महेश्वर। यादृशोऽसि महादेव तादृशाय नमो नमः।। अर्थात महेश्वर मैं आपका तत्व (वास्तविक रूप) नहीं जानता , आप कैसे हैं इसका ज्ञान मुझे नहीं है, आप चाहे जैसे हों , वैसे ही आपको बारंबार प्रणाम है।समिति के अध्यक्ष जी ने कहा हर गांव में वेदशाला की आवश्यकता है जिससे सभी बालक सुयोग्य बने, इस अवसर पर गांव वासी जन भी उपस्थित रहे।

सरकार से मिलेगा एसईएमए का प्रतिनिधिमंडल, जमीन दिलाने की करेगा मांग

लखनऊ। इंडस्ट्री शुरू करने वालों की संख्या काफी ज्यादा है, लेकिन उसके हिसाब से जमीन नहीं मिल रही है। बिना जमीन मिले इंडस्ट्री शुरू नहीं हो सकती। अगर अर्थव्यवस्था को रफ्तार देनी है तो एमएसएमई और माइक्रो इंडस्ट्री को बिना जमीन दिए और आगे बढ़ाए काम नहीं हो सकता है। इसको लेकर जल्द ही एक डेलिगेशन सरकार के सामने अपनी बात रखेगा। स्माल इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन (एसईएमए) के अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वह लोग एमएसएमई में भी माइक्रो के लिए अलग से सेल बनाने की मांग कर रहे है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई विभाग आज माइक्रो पर टिका है। इसके अलावा सबसे ज्यादा नौकरी भी इसी सेक्टर से निकलती है।

शिया पीजी कालेज में प्रवेश के लिए आवेदन 30 जुलाई तक

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

शिया पीजी कालेज, लखनऊ में सत्र 2023-24 में स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी (बायो वर्ग), बीएससी (गणित वर्ग), बीकॉम, एलएलबी, बीबीए (आई.बी.), बीजेएमसी एवं परास्नातक पाठ्यक्रम (एमए समाजशास्त्र, (एमए उर्दू, एमए इतिहास, एमए राजनीतिशास्त्र, एमए शिक्षाशास्त्र, एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, एमकॉम कामर्स एवं व्यवहारिक अर्थशास्त्र, एमएससी जन्तु विज्ञान) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिये आवेदन करने की तिथि 30 जुलाई, 2023 तक विस्तारित कर दी गई।

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए प्रवेश-समिति के निदेशक, डॉ. मिर्जा मोहम्मद अबु तैय्यब ने बताया कि अभ्यर्थी शिया महाविद्यालय के एडमिशन पोर्टल अथवा वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ-साथ अभ्यर्थी शिया महाविद्यालय के सीतापुर रोड परिसर से आवेदन फार्म लेकर ऑफ्लाइन माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की समस्या या आवश्यकता पड़ने पर महाविद्यालय के सीतापुर रोड परिसर के सम्बन्धित काउंटर पर प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा जानकारी के लिये ई-मेल आईडी- पद व हेल्पलाइन नम्बर- 7080372122, 9682815122, 8090578428 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

असंगठित मजदूरों के गरिमापूर्ण जीवन की हो गारंटी

लखनऊ। संविधान में हर नागरिक के गरिमा पूर्ण जीवन की गारंटी करने का दायित्व सरकार का है और सुप्रीम कोर्ट ने भी इस संबंध में आदेश दिए हैं इसलिए उत्तर प्रदेश के करोड़ों असंगठित मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा कानून के तहत योजनाएं बनाकर लाभ दिया जाए ताकि उनके सुरक्षित जीवन की गारंटी हो सके। यह बात आज शासन के निर्देश पर इंदिरा भवन में असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड के कार्यालय पर आयोजित बैठक में श्रमिक प्रतिनिधियों ने उठाई।

श्रमिक प्रतिनिधियों ने कहा कि ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के लिए पेंशन, आवास, बच्चों को छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य रक्षा के लिए आयुष्मान कार्ड, पांच लाख का दुर्घटना बीमा और ढाई लाख रुपए का सामान्य मृत्यु बीमा, अंत्येष्टि हितलाभ, महिला मजदूरों के बच्चों के लिए शिशु पालना गृह आदि योजनाओं को लागू किया जाना चाहिए।

फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर सेवा नियमावली के विपरीत नियुक्ति पर रोष

असंतोष

- तीन वर्षीय डिप्लोमा फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम यूपी में केवल अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में ही संचालित हो रहा था

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ प्र के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि एसजीपीजीआई के अन्तर्गत फिजियोथेरेपी पद पर नियुक्ति हेतु विगत वर्ष 2021-22 में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। जिसमें शैक्षिक अर्हता 3 वर्ष डिप्लोमा इन फिजियोथेरेपी मांगी गई थी। उक्त के संबंध में परिषद द्वारा पुरजोर विरोध करते हुये तत्कालीन अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा उप्र शासन को अवगत कराया गया था कि 3 वर्षीय डिप्लोमा फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम उत्तर प्रदेश में केवल अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में ही संचालित हो रहा था एवं प्रदेश में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा 4 वर्षीय डिग्री कोर्स एवं 2 वर्षीय डिप्लोमा,डिग्री पाठ्यक्रम अतिविशिष्ट संस्थान एस जी पीजीआई ,केजीएमयू सहित कई अन्य संस्थानो में चलाया जा रहा है। ऐसे में केवल 3 वर्षीय डिप्लोमा धारकों को फिजियोथेरेपिस्ट पद हेतु चयन करने पर 4 वर्षीय डिग्री धारक एवं 2 वर्षीय डिप्लोमा धारकों के साथ अन्याय होगा। शासन द्वारा संज्ञान लेते हुये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाई गई फिजियोथेरेपिस्ट सेवा नियमावली के अनुसार 2 वर्षीय डिप्लोमा 4 वर्षीय डिग्री धारकों की चयन प्रक्रिया में शामिल करने हुते निर्देशित किया गया था।

खाद्य एवं रसद विभाग लगायेगा एक लाख पौध

पर्यावरण

- वन महोत्सव को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें अधिकारीः सतीश

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा करते समीक्षा बैठक

उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को समर्पित वन महोत्सव-2023 कार्यक्रम को सफल व सार्थक बनाने, खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों पर विस्तृत चर्चा और खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत मोटे अनाजों के अन्तर्गत खरीद की तैयारियों गहन समीक्षा की।

श्री शर्मा आज बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को उचित दर दुकानदारों, राइस मिलर्स और विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से ही पूरी तरह सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा इस वर्ष 01 लाख से अधिक पौधे लगाये जायें। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में वृक्षारोपण कराया जाएगा। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वन महोत्सव-2023 को सफल बनाना एवं वनाच्छादन के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना ही नहीं, बल्कि रोपित किये गये वृक्षों की देखभाल भी आवश्यक है।श्री शर्मा ने खरीद की तैयारियों समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि खरीद सम्बन्धी सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाय, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने अवगत कराया कि खरीद सम्बन्धी तैयारियों को पूर्ण करने की तेजी से कार्यवाही की जा रही है और आगामी एक अक्टूबर से खरीद प्रारम्भ होगी। धान खरीद हेतु खाद्य एवं रसद विभाग के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकरण 01 जुलाई से शुरू प्रारम्भ हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान का समर्थन मूल्य धान कॉमन 2183 रूपये प्रति कुन्तल तथा ग्रेड 'ए' धान 2203 रूपये प्रति कुंतल, ज्वार हाइब्रिड 3180 रूपये प्रति कुन्तल, ज्वार मालदण्डी 3225 रूपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से खरीदा जायेगा। बाजरा 2500 रूपये प्रति कुन्तल तथा मक्का 2090 रूपये प्रति कुन्तल की दर से खरीदा जायेगा। बैठक में खाद्यान्न व फोर्टिफाइड चावल के वितरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उचित दर दुकानों का निर्माण, दर दुकानों हेतु इलेक्ट्रॉनिक कॉर्ट सहित ई-पॉस स्थापित व संचालन किये जाने, उचित दर दुकानों में सीएससी सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराने, प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी।

अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी

लखनऊ। शहर में नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में सभी मुख्य मार्ग, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों पर व्याप्त अतिक्रमण को वृहद स्तर पर अभियान चलाकर हटाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही अभियान से पूर्व अतिक्रमण कर्ताओं को सूचित भी किया जा रहा है। अभियान के तहत आज जोन एक तीन और चार में दर्जनों ठेले हटाने के साथ नालियों पर किए गए पक्के रेम्प तोड़े गए। अभियान में जोन-1-क्षेत्रान्तर्गत बलिंगटन चौराहे से उदयगंज होते हुये सदर पुल तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिसमें 50 ठेला 12 छोटा काउन्टर, कुर्सी, मेज, 22 स्थानों से नाली पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण एवं सवारी गाडियों को हटाया गया तथा 11 चार पहिया व 19 दो पहिया वाहनों को रोड से हटाया गया। जोन-3-क्षेत्रान्तर्गत वार्ड लाला लाजपतराय में भवन संख्या 652,124 ग्राम सबौली से.-सी में बनी अवैध दीवाल को तोड़ा गया।

निजी नलकूप संयोजनों की सरलीकरण प्रक्रिया शुरू

सुविधा

- उपभोक्ता को सीधे वेंडर से सामान लेने का मिलेगा विकल्प

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

प्रदेश में पूर्ण जमा योजना के तहत नए निजी नलकूप जो अपना विद्युत का संयोजन लेने के लिए बिजली कंपनियों में कॉस्ट डाटा बुक के तहत तय शुल्क के तहत एस्टीमेट जमा करते हैं और फिर बिजली कंपनियों के स्टोर से अपना सामान प्राप्त कर अपनी लाइन का निर्माण कराते है।ं उसके उपरांत उनका नया संयोजन निर्गत होता है।

इस प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर यह शिकायतें आती रहती हैं कि किसानों ने स्टीमेट का पैसा तो बिजली विभाग के पास जमा कर दिया लेकिन स्टोरों में सामग्री की उपलब्धता ना होने के कारण उन्हें सामान नहीं निर्गत हो पा रहा है। ऐसे में पावर कारपोरेशन ने नए निजी नलकूप विद्युत संयोजन की इस संपादित व्यवस्था को सरलीकरण करने के लिए किसानों को स्वयं लाइन निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री का विकल्प देने के लिए पंजीकृत वेंडरों के सेलेक्शन पर सभी बिजली कंपनियों से राय मांगी है। जिससे किसानों को सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत वेंडर की सूची जो बिजली कंपनियां किसानों को उपलब्ध कराएगी उसके आधार पर स्वेच्छा से अपनी सुविधानसार सामग्री का करा कर सकेंगे। उपभोक्ता परिषद ने कहा इस नई व्यवस्था को लागू किया जाना होगा निश्चित तौर पर पावर कारपोरेशन का यह प्रस्ताव आने वाले समय में जब लागू होगा तो प्रदेश के किसानों को इसका बडे पैमाने पर लाभ होगा। उपभोक्ता परिषद ने पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से मिलकर इस व्यवस्था को लागू कराने के लिए बिजली कंपनियों से प्रस्ताव मांगने के क्रम में कहा उपभोक्ता परिषद भी कुछ ऐसे पारदर्शी सुझाव देगा। उपभोक्ता परिषद के सुझाव से आने वाले समय में किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। उपभोक्ता परिषद ऐसे प्रस्ताव की सराहना करता है। इस व्यवस्था को पारदर्शी तरीके से लागू कराने में उपभोक्ता परिषद का पूरा सहयोग रहेगा।

अभ्युदय योजना से युवा-युवतियों का बेहतर होगा भविष्यः महापौर

महापौर ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर सरकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम को किया प्रेरित

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के द्वितीय सत्र का प्रारंभ हुआ। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना मुख्यमंत्री योगी की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है।

जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के उन सभी छात्र छात्राओं को निशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर लखनऊ श्रीमती सुषमा खर्कवाल की गरिमामयी उपस्थित रही।कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्तव के द्वारा मुख्य अतिथि महापौर का स्मृति चिन्ह एवं पर्यावरण के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित करते हुए हरियाली का प्रतीक, पौधा देकर किया गया। महिला सशक्तिकरण की प्रतीक सुषमा खर्कवाल ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र निर्माण में छात्र-छात्राओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें बढ चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिसके माध्यम से बड़ी से बड़ी लड़ाई को ,बिना किसी का अहित किए, सभी का कल्याण करते हुए जीता जा सकता है और इसके लिए उन्होंने सरकार की इस योजना को एक महत्वपूर्ण साधन माना, जिसके माध्यम से युवा न केवल एक बेहतर करियर बना सकते हैं बल्कि राज्य के विकास में अपना पूर्ण योगदान देकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में भी अपना सहयोग दे सकते हैं। महापौर के द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर सरकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये सभी को पौधारोपण हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में अभ्युदय योजना प्रभारी आर बी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह , प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव सहित लगभग 200 छात्र-छात्रायें, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

125 जरूरतमंद बच्चों को वितरित की गई ड्रेस

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल की उपस्थिति में आलमबाग स्थित केंद्रीय सिंह सभा गुरुद्वारा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से 125 बच्चो को निःशुल्क स्कूल ड्रेस वितरित की गई। साथ ही वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया और इस वर्ष के वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु आम जन द्वारा सहभागिता दिए जाने की अपील की गई।सिख समाज द्वारा सेवा के क्रम में गुरुद्वारा आलमबाग द्वारा दशमेश पब्लिक स्कूल के प्राइमरी सेक्शन की सभी कक्षाओं के समस्त बच्चों को नयी स्कूल ड्रेस वितरित की गई। गुरुद्वारा आलमबाग में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश के मंत्री स. बल्देव सिंह औलख ने महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल को बधाइयाँ दी व कहा कि हमें पता है कि अब लखनऊ सफाई ,के मामले में देश में एक नम्बर पर होगा। महापौर सुषमाओं खर्कवाल ने पूरी कमेटी को सेवा के हर क्षेत्र में में अग्रणी रहने पर बधाइयाँ देते हुये कहा कि योगी के नेतृत्व में शहर के विकास में कोई कसर नहीं रखी जायेगी , व बन रहे साहिबजादा पार्क में मुख्यमंत्री की भावना व इच्छा को देखते हुये अलौकिक व आधुनिक तरीके से निर्माण कार्य को पूरा किया जायेगा, लाइट, सीवर व सड़क की जरूरत को अतिशीघ्र पूरा करने के लिये सभासद गिरीश मिश्रा व टीम को निर्देशित किया जायेगा। गुरुद्वारा आलमबाग के अध्यक्ष निर्मल सिंह ने सभी महानुभावों का स्वागत करते हुये कहा कि योगी जी व सरकार का सिक्खों के प्रति स्नेह जगजाहिर है, साहिबजादा पार्क, गुरूगोबिन्द सिंह द्वार, खालसा चौक, गुरूनानक तिराहा, के साथ ही अब योगी जी कि भावना में उनकी सरकार के कर्मठ विधायक श्री राजेश्वर द्वारा विरासतें खालसा हेतु अपने क्षेत्र सरोजिनी नगर में जमीन की उपलब्धता करवाने से पूरी दुनिया का सिक्ख समाज अभिभूत है।

राजनीति में जनमानस की सोच बदलीः सतीश महाना

बयान

- देश संविधान से चलता है और संविधान में विधायिका,कार्यपालिका व न्यायपालिका का अपना महत्व है

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पिछले छह सात वर्षो में यूपी तथा 2014 के बाद राजनीति के प्रति आम जनमानस की सोच में बदलाव आया है। इससे पहले राजनीतिक क्षेत्र से जुडे लोगों के प्रति नकारात्मक सोच हुआ करती थी। अब राजनीति के प्रति आम जनमानस में बदलाव दिखने लगा है। अब राजनीति के क्षेत्र से जुडेघ् लोगों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा है। विधानभवन के राजर्षि पुरुषोत्म दास टण्डन हाल में आज वाराणसी एवं चंदौली से भ्रमण पर आये व्यवसायिक क्षेत्र से जुडे परिवारों से शिष्टाचार भेंट करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि देश संविधान से चलता है और संविधान में विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका का अपना महत्व है। विधायिका में आम लोगों की रक्षा करना, उनके लिए कानून बनाना और जनहित की रक्षा करना होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने एक से एक बेहतरीन काम किए हैं जिसके कारण विधायिका का महत्व और बढ़ा है। श्री महाना ने कहा कि अब यूपी विधानसभा में ई विधान लागू हो चुका है जिसके तहत अब विधानसभा पेपरलेस विधानसभा हो चुकी है। इसके साथ विधानसभा में डॉक्टर ,एमडी, एमएस,एमटेक, बीटेक, एमसीए, बीसीए है मैनेजमेन्ट, पीएचडी, लॉ ग्रेजुएट है, महिला विधायक तथा युवा विधायकों के साथ अलग अलग ग्रुप बनाकर बैठकें की।

नवागत पुलिस अधीक्षक ने नगर कोतवाल को किया निलंबित

ट्रैक्टर व्यापारी के दुकान पर कराया था कब्जा, 50 लाख के लूट का था, आरोप

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल से एक निवेदन क्या नगर कोतवाल के द्वारा इतना बड़ा भ्रष्टाचार किए जाने पर निलंबन की सजा ही काफी है या कुछ और भी होना चाहिए । जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कोतवाली नगर के लापरवाह प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह को सोमवार की देर रात क्राइम मीटिंग के दौरान निलंबित कर दिया। पिछले दिनों नगर कोतवाली क्षेत्र के छेदी पुरवा गांव के करन दीप मल्होत्रा पुत्र सुदेश मल्होत्रा ने बताया कि वह टैक्टर की एजेंसी करता था। उस ने करीब 50वर्ष पहले उस ने उस दुकान को एक ज्वलौरी नमक व्यक्ति से किराये पर लिया था। वह सब लोग दिल्ली में रहते थे। उस का किराया देता था। 90 के दशक तक किराया जमा किया। बाद में कोई नही आया। न्यायालय के माध्यम से उस ने किराया जमा किया। कुछ वषों के बाद इसरार नामक व्यक्ति ने उस को बताया कि उस ने खरीद लिया है। जिस का विवाद और मुकदमा न्यायालय में चलने लगा। बीते 27 जून को जब वह शो रूम को खोलने पहुँचा तो शो रूम में किसी और का ताला लगा हुआ था। ताला तोड़ने के दौरान ही एक दर्जन लोगों ने करन दीप मल्होत्रा पर हमला कर दिया। इस की जानकारी उस ने

बडगांव चौकी प्रभारी को दिया। इस पर करन मल्होत्रा और दूसरे पक्ष के साजिद को नगर कोतवाली लेकर चले आये। करन मल्होत्रा का आरोप है कि नगर कोतवाल ने पैसा लेकर एक पक्षीय कार्यवाही किया है। उस पर उल्टे ही मुकदमा लिख दिया गया। उस ने बताया कि शो रूम में उस का ट्रैक्टर का सामान और दो लाख नगद रुपये रखे थे। जिस को लूट लिया गया। दुकान पर कब्जे की नीयत से उस पर अपना ताला लगा दिया गया था। इस प्रकरण में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने भी मामले को संज्ञान में लिया था। नगर कोतवाल राकेश सिंह ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर को गुमराह कर के फर्जी रिपोर्ट लगा दिया था। इसी बीच उन का स्थानन्तरण हो गया। और जिले में तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने कमान संभाला और प्रकरण की अंदरूनी जांच कराया जिस में कोतवाल राकेश सिंह के पैसा लेकर दुकान पर कब्जा कराने का मामला सही पाया और तुंरत कार्यवाही करते हुए नगर कोतवाली राकेश सिंह को निलंबित कर दिया।

डीएम ने धरने का लिया संज्ञान, लोगों को दिया कार्यवाही का आश्वासन

डीएम के आश्वासन के बाद धरना समाप्त

गोण्डा, समृद्धि न्यूज

इटियाथोक के ग्राम पारासराय निवासी लक्ष्मीकान्त कसौंधन व अन्य द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में दिये जा रहे धरना पर डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर सोमवार को तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सदर द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया। अनशनकर्ता ने बताया कि उनकी मुख्य मांग ग्रामसभा पारासराय में सार्वजनिक जमीनों की जॉच व उन पर किये गये अवैध कब्जे को हटवाने की है। अनशनकर्ताओं को आश्वस्त किया गया कि ग्राम पारासराय की सार्वजनिक एवं

सुरक्षित जमीनों के चिन्हांकन एवं अवैध कब्जा हटवाने की कार्यवाही हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन किया गया है। इस आश्वासन पर अनशनकर्ताओं द्वारा धरना समाप्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी निगरानी में पूरे मामले की जांच करा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

युवती का मोबाइल छिनने वाले पहुंचे सलाखों के पीछे

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के खैरा कालोनी में एक युवती अपने घर जा रही थी। एक बाइक पर सवार दो युवकों ने उस के मोबाइल को छीन कर भाग निकलने। पुलिस ने दोनो युवकों को बाद में गिरफ्तार कर के जेल भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के खैरा नई बस्ती निवासी आनन्द कुमार पुत्र पुत्तन ने कोतवाली नगर में तहरीर दिया कि उस की पुत्री ईशा सोमवार की देर शाम को घर पैदल खैरा कालोनी की तरफ से आ रही थी। तभी एक बाइक पर सवार दो युवक तेजी से आये और उस के मोबाइल को हाथ से छीन कर भाग निकले। उस की तहरीर पर रहीम और अनवर निवासी खैरा बाग के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दोनो युवको को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया।

महिला ने सीएमओ से की एफआईआर दर्ज कराने की मांग

कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

लगाया मरीजों से नाजायज पैसा वसूलने व गलत इलाज कर मरीजों का शोषण करने का आरोप

तहसील क्षेत्र के थाना कटरा बाजार अन्तर्गत ग्राम अशोकपुर बंजरिया निवासिनी महिला गुड्डू उर्फ गीता पत्नी इन्द्रकुमार ने इकबाल पाण्डेय के माध्यम से सीएमओ को शिकायती पत्र देकर मंडेनाला स्थित कुसुमा हास्पिटल गोंडा में मरीजों से नाजायज पैसा वसूलने व गलत इलाज कर मरीजों का शोषण करने व उन्हें परेशान करने के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने एवं आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में पीड़िता गुड्डू उर्फ गीता ने कहा है कि वह एक गरीब असहाय महिला है। दिनांक 02.07.2023 को सुबह 8 बजे प्रार्थिनी अपने रिश्तेदार के साथ उक्त अस्पताल में पहुंची,जहाँ डा0 बीना सक्सेना को दिखाया गया तो उन्होंने बताया कि सफाई करना पड़ेगा वर्ना जान को खतरा है। वह अपने रिश्तेदारों से राय मश्विरा लेकर डा0 बीना सक्सेना के कहने के मुताबिक अस्पताल में भर्ती हो गई, 2:30 बजे दिन में 7000 रुपये फीस जमा कराकर सफाई की गई। सफाई के दौरान डा0 बीना सक्सेना के साथ काम कर रहे व्यक्तियों द्वारा गलत तरीके से कार्य करने की वजह से अंदर की नस कट गई और बेहोशी की गलत दवा देकर रात 1:30 बजे तक भर्ती रखने के उपरांत डिस्चार्ज कर दिया गया। बेहोशी की हालत में मेरे रिश्तेदार इकबाल पाण्डेय मुझे मेरे घर पहुंचाये और तीन दिन स्थिति काफी खराब रही। नस कट जाने की वजह से काफी दर्द उलझन से वह पूर्ण तरीके से कराहती रही। दिनांक 05.07.2023 को पुनः उसके रिश्तेदार इकबाल पाण्डेय लाकर डा0 बीना सक्सेना को दिखाये तो उन्होंने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है एक सप्ताह में ठीक हो जायेगा। डा0 बीना सक्सेना के यहाँ गलत इलाज व नस कटने के कारण प्रार्थिनी के शरीर में खून जम गया और वह मरणासन्न अवस्था में पहुँच गई, जिस पर आशा देव नर्सिंग होम में लाकर प्रार्थिनी को दिखाया गया व जांच कराई गई तो पता चला कि डा0 बीना सक्सेना के गलत इलाज के कारण प्रार्थिनी मरणासन्न अवस्था में आ गई है और आशा देव में प्रार्थिनी का आपरेशन हुआ। नस कटने के कारण खून के लोथड़े शरीर में पैदा हो गये थे, जिसे आपरेशन के दौरान आशा देव के डाक्टर द्वारा निकालकर प्रार्थिनी की जान बचाई गई। प्रार्थिनी एक सप्ताह से आशा देव अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने एवं आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

तार का फाल्ट सही करते करंट की चपेट में आया लाइन मैन

खम्भे से गिरा, हालत गंभीर

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी पुरवा निवासी 43 वर्षीय रामू यादव पुत्र फलाहारी बाबा विद्युत विभाग में ठेकेदारी संविदा पर कार्यरत था। सोमवार की देर शाम को गायत्री पुरम कालोनी में खम्भे पर चढ़ कर विद्युत का तार जोड़ रहा था। तभी उस को अचानक करंट ने मार दिया। जिस से खम्भे से नीचे गिर गया। उस की हालत खराब हो गई। उस को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। हालत खराब होने पर उस को लखनऊ रेफर किया गया। रामू यादव संविदा पर अंबेडकर चौराहे के पास स्थित पावर हाउस पर कार्यरत था। वही से कम्प्लेन मिलने पर ठीक करने गया था।

सावन मेला उत्सव पर झूम कर बरसा मानसून का रंग

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

रानी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में श्री राम जानकी महिला मंडल द्वारा सावन मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बनारस, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, गोरखपुर व अन्य जगहों से कपड़े सूट साड़ी, आभूषण, राखी खिलौनों ,यूनिक कलेक्शन के अलावा खाने पीने में पिज्जा, बर्गर ,चाऊमीन ,आइसक्रीम, चाट,बाटी, मैगी और बेकरी के भी स्टाल लगे हुए थे। स्टाल लगाने में एकता अग्रवाल, हर्षिता, जया पांडे ,प्रीति खेमका, निधि जैन, प्रीति बग्गा, सरिता, अनामिका बंसल, नेहुल नेवटिया,कवि गोयल, सरोज नेवटिया ,अंबिका, ज्योति, नूपुर सहित.आदि रहीं। मेला कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई । दीप प्रज्वलन महिला मंडल की सरोज गर्ग ने किया। सावन मेला मानसून थीम पर आधारित हरियाली झूला, कुंआ, आधुनिक सेल्फी के 5 पॉइंट बनाए गए थे और इसके अलावा,भगवान गणेश, भगवान शिव जी मूर्ति सजाई गई थी। मेले में आने वाले लोग लोगों ने भगवान गणेश और भगवान शिव की पूजन भी किया। महिला मंडल द्वारा सर प्राइज सावन पर आधारित प्रश्न पूछे गए और सही जवाब देने वाले को पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा हाऊजी गेम झींगा गेम बच्चों के लिए शॉपिंग गेम और सावन चूड़ी गेम का भी आयोजन मंडल द्वारा किया गया जिसमें आए हुए महिलाओं ने हिस्सेदारी की। जीतने वाली महिलाओं को पुरस्कार भी दिया गया। महिला मंडल द्वारा मनोरंजन के लिए टैरो कार्ड विशेषज्ञ पूनम दूबे को भी बुलाया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला मंडल के अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, कविता काबरा, अनामिका बंसल, बेनू मोदी, पूजा केडिया, नीलम जैन, पूनम मित्तल, मीनू पचेरिया, सरिता नेवटिया, कविता बंसल, सरोज अग्रवाल, ज्योति मित्तल एवं श्री राम जानकी समित के अध्यक्ष अनिल मित्तल एवं सचिव संजय अग्रवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

पुलिस की गिरफ्त से दूर ब्राउन शुगर कारोबारी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। बीते कुछ वर्षों पूर्व जनपद बाराबंकी के रामनगर क्षेत्र से आकर कर्नलगंज में पैर जमाने वाले प्रापर्टी डीलर के तौर पर मशहूर मोहम्मद शाहिद उर्फ मस्तान का नाम ब्राउन शुगर की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तस्करी में आने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का बाजार काफी गर्म है। आपको बता दें कि अभी हाल ही में बहराइच से तीन किलो ब्राउन शुगर (अंतर्राष्ट्रीय कीमत तीन करोड़ रूपये) के साथ पकड़े गए ड्रग सप्लायर मोहम्मद फरीद निवासी सदर बाजार कर्नलगंज ने एसटीएफ की पूछताछ के दौरान कर्नलगंज कस्बा निवासी मोहम्मद शाहिद उर्फ मस्तान पुत्र मो0 शफी का नाम लिया है और पुलिस को बताया है कि यह ब्राउन शुगर उसे मस्तान ने दी थी जिसे लेकर वह किसी दूसरे व्यक्ति को देने बहराइच जा रहा था। ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में मस्तान का नाम आने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूत्रों की मानें तो एसटीएफ ने कुछ जगहों पर छापेमारी की है लेकिन शातिराना अंदाज का माहिर खिलाड़ी माना जाने वाला मस्तान अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। माना जा रहा है कि कर्नलगंज में सक्रिय रहकर उसने जमीन खरीद फरोख्त का बड़े पैमाने पर कारोबार किया और करोड़ों की संपत्ति अर्जित की। प्रॉपर्टी डीलर के काम में उसके कुछ पार्टनर भी सहयोग की भूमिका में थे,जिनकी मदद से वह लोगों तक पहुंचता था। आमजनमानस में यह व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है कि कम समय में इतनी बड़ी मात्रा में प्रॉपर्टी खरीदना और उससे धन अर्जित करना अब लोगों की समझ में आ रहा है कि यह पैसा कहां से आया। यह सवाल लोगों को बहुत तेजी से मथ रहा है कि कहीं उसके तार बाहर से तो नहीं जुड़े हैं? और इस काले कारोबार का सरगना कहीं बाहर तो नहीं बैठा है। मामले में नाम आने के बाद पुलिस मस्तान को तेजी से तलाशने में जुटी हुई है। फिलहाल कम समय में अमीर बनने के इस काले धंधे में शामिल बताया गया मस्तान अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले में आगामी मोहर्रम माह को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने लोगों से अपील किया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनायें तथा शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में यदि कहीं से कोई सूचना प्राप्त हो तो उसे तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लाए। डीएम व एसपी ने कहा कि त्यौहार हमारी पहचान हैं, हमें त्यौहार इस प्रकार से मनाना चाहिए कि लोगों को इससे शान्ति और सौहार्द का सन्देश पहुंचे। डीएम व एसपी ने समाज के बड़े बुजुर्गों, संभ्रान्तजन व गणमान्यजन से अपील की कि युवा पीढ़ी व बच्चों को इस बात की सीख दें कि त्यौहार परम्परागत ढंग से मनाएं। डीएम व एसपी ने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक जुलूसों में किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं करेगा और न ही साथ लेकर चलेगा। डीएम व एसपी ने कहा कि जिले के अम्नो-अमान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा है। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले आसामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम व एसपी ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी के सहयोग से पूर्व की भांति आगामी त्यौहार भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होंगे। डीएम व एसपी ने लोगों से अपील की कि ऐसा कोई कार्य न करें कि जिससे एक दूसरे समुदाय की भावनाएं आहत हों।

प्रशानिक उपेक्षा से आहत होकर चार दिनों से कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठा परिवार

12 लोगों ने जमीन पर कब्जा करके करवा लिया निर्माण, नहीं हुई कोई कार्रवाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के टेपरहा गांव निवासी एक परिवार प्रशानिक उपेक्षा से आहत होकर धरने पर बैठ गया है। परिवार का कहना है कि उसकी जमीन पर चार लोगों ने कब्जा कर जमीन निर्माण करवा लिया है। लेकिन पुलिस और प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाई नहीं की जा रही है। रामगांव इलाके के टेपरहा गांव निवासी संजय अपने परिवार के साथ धरना स्थल पर 4 दिन से धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि लॉकडाउन में विपक्षी रामजश, रामनाथ, उदयराज, बृजेश, राकेश, अरविंद, किशुन, राजाराम, प्रहलाद, इलाइची, जयंकर, मयंकर, सोनू समेत 12 लोगों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करा लिया था। वह थाने पर दौड़ते रहे पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। लॉकडाउन हटने के बाद अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया उनका कहना है की प्रशासनिक उदासीनता के चलते अब तक उनको इंसाफ न मिल सका। प्रशासन द्वारा इस मामले में जांच करा कर किसी भी तरह की रिपोर्ट नहीं लगाई गई जिससे कि उन्हें उनकी जमीन वापस मिल सके। ग्रामीण ने अपनी जान को खतरा बताया है। उनका कहना है कि जब वह पुलिस के पास किसी भी प्रकार की शिकायत लेकर जाते हैं तो पुलिस द्वारा इस मामले में कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं की जाती न ही कोई जांच करने मौके पर आता है। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले में जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

सेवानिवृत्त फौजी ने फावड़े से बहन के काटे हाथ

मां को बचाने दौड़ी बहन पर किया ताबड़तोड़ वार, जिला अस्पताल में भर्ती

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के धरसवा लोनियनपुरवा गांव निवासी सेवानिवृत्त आर्मी का जवान अपनी मां की पिटाई करने लगा। बचाने दौड़ी बहन के हाथों को फावड़े से काट डाला। हाथ कटकर लटक गया है। उसका गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अभी परिवार की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम पंचायत धरसवा के मजरा लोनियन पुरवा निवासी हरिचरण पुत्र बाउर सेवानिवृत्त आर्मी का जवान है। सेवानिवृत्ति के बाद हरिचरण को रेलवे में नौकरी मिल गई, लेकिन इस समय वह निलंबित चल रहा है। पिता बाऊर ने बताया कि बेटा हरिचरण मां की पिटाई सोमवार को पारिवारिक विवाद में करने लगा। इस पर बेटी राधा पत्नी बैजू बचाने दौड़ी। नाराज सेवानिवृत्त जवान ने फावड़े से बहन के हाथों पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। आरोपी भाई ने बहन के दोनों हाथ को फावड़े से काट डाला। पिता पर भी हमला किया। इसके बाद वह फरार हो गया। घायल राधा देवी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल के डॉक्टर अंकित त्रिपाठी ने बताया कि दोनों हाथ लटक रहे हैं। जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। मालूम हो कि राधा देवी का विवाह हो चुका है। लेकिन ससुराल में विवाद के चलते वह मायके में ही रह रही है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत आयोजित हुआ जागरूकता कार्यशाला

वाहन स्वामियों, चालकों एवं परिचालकों को दी गयी यातायात नियमों की जानकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने तथा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने एवं नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 17 से 31 जुलाई 2023 तक मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत नानपारा बस स्टैण्ड झिंगहाघाट पर आयुषमान भारत योजना एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में बस, ट्रक वाहन स्वामी, वाहन चालक, परिचालको को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओम प्रकाश सिंह द्वारा यातायात नियमों के सम्बंध में जानकारी प्रदान करते हुए दुर्घटना से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नानपारा बस यूनियन के अध्यक्ष मतीउल्ला महामंत्री शहाब जैदी, सड़क सुरक्षा सोसाइटी जयप्रकाश अवस्थी, माधव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

एमएलसी ने डीएम के साथ 29 एएनएम को वितरित किया नियुक्ति पत्र

महिला सशक्तिकरण के लिए इससे अच्छी मिसाल क्या हो सकती है : डीएम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

मिशन रोज़गार अन्तर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत प्रदेश के जनपदों के लिए 1573 एएनएम.को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ जनपद के लिए नियुक्त 29 एएनएम को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर एमएलसी डॉ. त्रिपाठी ने नवनियुक्त ए.एन.एम. को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग में सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि अभिनव प्रयोगों के माध्यम से जनपद के विकास को नई दिशा प्रदान करने के लिए प्रयत्नशील जिलाधिकारी के नेतृत्व में आप लोग कठिन परिश्रम, लगन, मेहनत, समर्पण एवं सेवाभाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोगों को विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर पुण्य के भागीदार भी बने। डीएम मोनिका रानी ने भी नवनियुक्त एएनएम को बधाई देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए इससे अच्छी मिसाल क्या हो सकती है कि महिला डीएम व एमएलसी के हाथों 29 महिला एएनएम को नियुक्त पत्र प्राप्त हो रहे हैं।

डीएम ने नवनियुक्त एएनएम का आहवान किया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान करें। सभी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए डीएम ने कहा कि साकारात्मक सोच व ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह कर ज़रूरतमन्द लोगों को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ दिलायें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, डीसीपीएम मोहम्मद राशिद, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

दो मकानों का ताला तोड़कर घर में घुसे चोर

चोरों ने नकदी समेत लाखों की उड़ाई संपत्ति

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के मधवापुर गांव में सोमवार रात को चोरों ने दो मकानों से नगदी समेत लाखों के संपत्ति चोरी कर ली। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत मधवापुर के जमुनापुर गांव निवासी तेज प्रताप सिंह पुत्र कौशल कुमार सिंह सोमवार रात को परिवार के साथ सो रहे थे। देर रात मकान के पीछे दरवाजे पर लगे ताले को चोरों ने काट दिया, इसके बाद सभी घर में घुस गए। चोरों ने 16 हजार रुपए नकदी, सोने और चांदी के जेवरात कपड़ा बर्तन समेत डेढ़ लाख की चोरी की। इसके बाद चोरों ने पड़ोसी राज किशोर सिंह पुत्र गोपाल सिंह के यहां चोरी की। यहां से चोरों ने दो हजार रूपये नकदी, सोने चांदी के जेवरात और कपड़े समेत 50 हजार से अधिक की चोरी की। सुबह ग्रामीण जब सोकर उठे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। कोतवाल शशि कुमार राणा ने बताया कि चोरी की जानकारी होने पर पुलिस टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई गई है। जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

स्कूली बच्चे गड्ढे में गिर कर हो रहे चोटिल

रेलवे ने कूड़े का ढेर लगाकर अकारण रास्ता किया जाम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत मिहींपुरवा के मेन मार्केट में रेलवे सिग्नल के पास छोटी बाजार के सामने वाली गली जो कस्बे की एक बहुत ही पुरानी एवं मुख्य गली है जिससे होकर दिन भर हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है तथा कस्बे में जाम की स्थिति से बचने के लिए भी लोग इस गली का इस्तेमाल करते हैं। इस गली को रेलवे विभाग ने अकारण कूड़े का ढेर लगाकर एवं रास्ते में पत्थर के पाइपों को हटाकर गड्ढा कर आवागमन को पूरी तरह से बंद कर दिया है। जिससे प्रतिदिन आम नागरिक एवं स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे गड्ढों में गिरकर चोट खा रहे है।गली का मुख्य कस्बे से जुड़ाव एवं कई स्कूलों के बच्चों का इसी गली से होकर आने जाना होता है गली बंद हो जाने के कारण बच्चों को मेन मार्केट से होकर गुजरना पड़ता है तथा दुर्घटनाएं भी होती है अक्सर बच्चे चोट खा जाते हैं। एवं कस्बे में जाम होने से वह जाम में फंसे रहते हैं जिससे वे समय पर ना तो विद्यालय पहुंच पाते हैं। और ना ही वह विद्यालय से छूटने पर घर पहुंच पा रहे हैं जिससे छोटे-छोटे बच्चे काफी परेशान रहते हैं उल्लेखनीय है इस गली से होकर नवयुग इंटर कॉलेज, सर्वोदय इण्टर कालेज, मदरसा गौसिया, विवेकानंद विद्या मंदिर, अवध बाल शिक्षा निकेतन, प्रगति पब्लिक स्कूल, बालिका विद्यालय, तथा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय समेत दर्जनों विद्यालय के बच्चों का आना-जाना होता है। रास्ता अवरुद्ध किए जाने से कस्बा वासियों में काफी रोष व्याप्त है लोगों ने प्रशासन से कूड़े का ढेर हटाने एवं रास्तों की साफ-सफाई कराकर शीघ्र ही रास्ता खुलवाने की मांग की है।

संकुल स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी फखरपुर जगन्नाथ यादव के प्रयासों द्वारा ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था में निरंतर अपेक्षित प्रगति हो रही है। खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल निर्देशन में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग अभियान सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संकुल बौंडी में संकुल स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वरिष्ठ संकुल साकेत भूषण तिवारी ने सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकृत छात्र-छात्राओं के आधार का प्रमाणीकरण डीबीटी की स्थिति विद्यालय प्रबंध समिति एवं शिक्षक अभिभावक बैठक की समीक्षा की गई। केडमिक रिसोर्स पर्सन अशोक शर्मा द्वारा निपुण भारत के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में निपुण लक्ष्य की प्रगति की स्थिति पर तथा संकुल बैठक एवं डीसीएफ भरने की स्थिति की समीक्षा किया गया।

जनता दर्शन में मंडलायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

- विभागीय अधिकारी करें समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण : मंडलायुक्त
- मंडलायुक्त ने देर शाम तक समस्त फरियादियों की सुनी समस्याएं

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री की मंशानुरूप लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने जनपद रायबरेली कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी। जनता दर्शन का उद्देश्य समस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करना था। उनके सामने भूमि, आवास, सड़क, जलभराव, पानी, राशन, सुरक्षा और स्वास्थ्य सम्बन्धित सहित अन्य मामले आए। मण्डलीय जनता दर्शन में मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयान्तर्गत गुणवत्तापरक निस्तारण कराए। मंडलायुक्त ने कुछ मामले को अधिकारियों को सौंपते हुए उन्हें फील्ड में जाकर तुरंत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामले में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर मुआयना करने के उपरांत मामले का निस्तारण करें। मुआयना करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिये कि समस्याओं के निस्तारण में अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

जनता दर्शन में मंडलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय में समय से जनता की समस्याएं सुनें। यदि अधिकारी अपने कार्यालय में जनता की समस्याओं का निस्तारण लगातार करते रहेंगे तो तहसील दिवस के अवसर पर लोगों की कम समस्याएं आएंगी।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्कूटी बनी टार्जन | मिठाई की दुकान में बगैर ड्राइवर की घुसी दुकान को किया तहस नहस दुकानदार भी हुआ घायल

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

वर्षों पहले अजय देवगन की फिल्म आई थी टार्जन द वंडर कार उस फिल्म मे एक कार बगैर किसी ड्राइवर के अपने दुश्मनों को चुन चुन कर मरती थी ऐसा ही एक मामला आज महराजगंज कस्बे में घटा है जहा एक स्कूटी टार्जन बन गई और टार्जन बनकर वह एक मिठाई की दुकान में ऐसे घुसी की मिठाई वाले का 35 हजार के नुकसान के साथ-साथ उसे भी घायल कर दिया। जी हां मामला महराजगंज तहसील के सामने का है जहां आशीष नाम के युवक द्वारा यूपी 33 पी 2894 गाड़ी में जैसे ही सेल्फ मारा गाड़ी एका एक स्टार्ट होकर बगैर ड्राइवर के ही सड़क पर भागने लगी और करीब 100 मी जाने के बाद एक मिठाई की दुकान में जाकर घुस गई देवीलाल की दुकान में स्कूटी बगैर ड्राइवर के घुस गई वही इस मंजर को देखने वालों का तांता लग गया और देखते ही देखते सैकड़ो लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई सामने ही पुलिस चौकी है जहां पर बैठे हुए पुलिस के जवानों ने जब यह मंजर देखा कि बगैर किसी ड्राइवर के स्कूटी भागी चली जा रही है किसी तरह जाकर काउंटर के नीचे दबे देवीलाल गुप्ता को बाहर निकल गया लेकिन तब तक स्कूटी ने पूरी दुकान को तहस-नहस कर डाला और साथ ही देवीलाल गुप्ता को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। लोगों का कहना है की स्कूटी का एक्सीलेटर शायद कहीं फस गया और गाड़ी एकाएक ही भागने लगी वही इस घटना के बाद लोगों के बीच अजय देवगन की फिल्म टार्जन द वंडर कार की चर्चा जोरों पर है की स्कूटी आखिर कैसे टार्जन बन गई।

खबरें एक नजर में

स्वास्थ्य कर्मियो को गोल्डन कार्ड बनाने हेतु किया प्रेरित

महराजगंज /रायबरेली, समृद्धि न्यूज। मंगलवार को सीएचसी में आयुषमान अधिकृत अस्पतालों को शामिल आयुषमान जगरूपता शिविर लगाकर एनम और आशाओं को गोल्डन कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य प्रेरक डॉ बालेंदु शेखर द्वारा कार्ड के माध्यम से क्या क्या इलाज करवा सकते हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। बड़े से बड़े आपरेशन जैसे घुटना प्रत्यारोपण , कुल्हा प्रत्यारोपण , गुर्दा प्रत्यारोपण, आँखों के आपरेशन ,नाक कान गला , दिमाग,रीढ़ की हड्डी इत्यादि सभी आपरेशन मुफ्त हो रहे है। आपरेशन के वीडियो भी दिखा कर प्रेरित किया। मेडिसिन के मरीजो को भर्ती कर दवाओं से ही ठीक किया जाता है। एक बार मरीज में भर्ती ही जाने के बाद संबधित बीमारी सभी खून की जाचें, एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, ईसी जी इत्यादि मुफ्त होतें हैं। आयुषमान योजना गरीबो के लिए बरदान हैं। इस मौके पर अधीक्षक डॉ एस पी सिंह, बीपीएम कमल, बीसीपीएम शिवकांत, एचईओ आशीष सिन्हा, आयुषमान मित्र कुलदीप, यूनिसेफ की जीनत फातिमा, डब्लूएचओ मॉनिटर समेत स्टाफ के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ शिविर

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों के लिए पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप कानूनी जानकर बने अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके नि:शुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी और बताया गया कि यदि वृद्धजनों की संपति पर किसी ने अतिक्रमण या कब्जा कर लिया है जो वृद्धजन पैसों की कमी के कारण अपना अधिकार नहीं प्राप्त कर पा रहे है तो वह नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वृद्धावस्था पेंशन आवेदन हेतु भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय अथवा पराविधिक स्वयं सेवकों से सम्पर्क कर सकते है। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के सहायक अधीक्षक अनुज श्रीवास्तव, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व महिला पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह आदि उपस्थित रहे।

टीकाकरण से वंचित रह गए बच्चों को ढूँढेगा स्वास्थ्य विभाग

- सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 का पहला चरण सात से 12 अगस्त तक

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। नियमित टीकाकरण से छूटे हुए शून्य से पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों और गर्भवती को टीकों से आच्छादित करने के लिए मिशन इंद्रधनुष अभियान(आइएमआई)5.0 तीन चरणों में चलेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि आइएमआई-5.0 तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण सात से 12 अगस्त, दूसरा 11 से 16 सितंबर और तीसरा चरण नौ से 16 अक्टूबर तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शिशुओं और बच्चों की मृत्यु दर में कमी का मुख्य कारण टीकाकरण है। लोगों तक यह संदेश पहुंचाना बहुत जरूरी है कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है और यह जान बचाता है। इसके साथ ही बच्चे को समय से टीका लगवाना चाहिए ताकि जानलेवा बीमारियों से बचाव हो सके और उसमें समय से प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो सके। अभिभावकों को मातृ शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड संभाल कर रखना चाहिए। उसमें बच्चे को लगाए गये टीकों का विवरण होता है। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा मांगने पर उसे जरूर दिखाएं और स्वास्थ्य केंद्र पर जब भी जाएं तो एमसीपी कार्ड अवश्य लेकर जाएं। बच्चे के टीकों को लेकर किसी प्रकार का संशय होने पर स्वास्थ्य कर्मी से मिलें। नियमित टीकाकरण से वंचित शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों और गर्भवती का19 से 25 जुलाई तक हेडकाउंट सर्वे करवाकर उन्हें चिन्हित करते हुए टीकाकरण किया जाएगा और इसकी एंट्री ई-कवच पोर्टल पर की जाएगी।

छात्र-छात्राओं को दिलाई यातायात जागरूकता की शपथ

महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज। स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महराजगंज में भैया बहनों को यातायात सप्ताह निमित्त यातायात जागरूकता की शपथ दिलाई गई।हमारे देश में हर वर्ष अनेकों अनेक लोग गलत ड्राइविंग के कारण और यातायात के नियम न मानने की वजह से काल के गाल में समा जाते हैं और अपने पीछे छोड़ जाते हैं वह बेसहारा परिवार जिसे सबसे अधिक जरूरत उनकी होती है। इस समय सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात सप्ताह मनाया जा रहा है इसी कड़ी में कस्बा स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सभा के दौरान प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को यातायात जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

गीता प्रेस को गांधी शान्ती पुरस्कार दिए जाने का किया विरोध

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

केंद्र सरकार द्वारा 2021 का गांधी शान्ती पुरस्कार गीता प्रेस को देने के निर्णय पर कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा विरोध किया गया और जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा 2021 का गांधी शांति पुरस्कार देने का निर्णय गीता प्रेस को लिया गया था जिसके विरोध में आज कांग्रेसियों द्वारा जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष की अगुवाई में दर्जनों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दरसल केंद्र द्वारा 2021 के गांधी शांति पुरस्कार द्वारा गीता प्रेस को सम्मानित किए जाने का मामले को रायबरेली में कांग्रेसियों द्वारा राजनीतिक रूप दिया जा रहा है। आज कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो0 उमर की अगुवाई में दर्जनों की संख्या में कांग्रेसियों ने डीएम माला श्रीवास्तव को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर गीता प्रेस पर गंभीर सवाल खड़े किए है, गीता प्रेस द्वारा कल्याण पत्रिका के अंक में भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर पर एक जातिगत लेख छापा गया था जिसको लेकर आज हम लोगों के द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया है उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाते हुए कहा है कि गीता प्रेस की निष्पक्षता जांच के कटघरे में होना चाहिए और उनके द्वारा जो बाबा साहब पर आरोप लगाए गए हैं वह निराधार व असत्य है जिससे समाज के लोग आहत हैं और ऐसे प्रतिष्ठान को गांधी शांति पुरस्कार नहीं दिया जाना चाहिए साथ ही अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष द्वारा यह भी कहा गया है कि अभी हम लोगों के द्वारा जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है हाल में ही हम लोग प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में बड़े पैमाने में इसका विरोध करेंगे इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला महासचिव उपाध्यक्ष वाह दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में मनाई गई नेल्सन मंडेला जयंती

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल जी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके चित्र पर पुश्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक नवनीत शुक्ल जी ने बच्चों को नेल्सन मंडेला के जीवन से जुड़ी अनेक जानकारियों से अवगत कराया।

प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि नेल्सन मंडेला अहिंसा के माध्यम से रंगभेद नीति का विरोध करने वाले विश्व शांति के संवाहक थे। उनका जीवन त्याग और संघर्ष की अनूठी मिसाल है। अपने उत्कृट कार्यो हेतु उनको नोबेल पुरस्कार व भारत रत्न से अलंकृत किया गया। उन्होंने अपनी बात का समापन मंडेला द्वारा कहे गये इस वाक्य से किया- मुझे सफलताओं से मत आंकिए, बल्कि जितनी बार गिरा हूँ, गिर कर उठा हूँ, उस बल से आंकिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिलेंडर लदे ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाल-बाल बचा

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चन्द्रशेखर आजाद मार्ग गाजियाखेडा के सामने सिलेंडर लदे ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी लेकिन बाइक सवार बाल बाल बच गया।

जानकारी के अनुसार प्रेम पुत्र पन्ना लगभग 11 बजे मरहला चौराहे से अपने गांव गाजियाखेडा जा रहा था तभी ककवन से सिलेंडर लेकर उन्नाव हिंदुस्तान पैट्रोलियम प्लांट जा रहा था तभी ट्रक ने गाजियाखेड़ा के सामने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे चालक बाल-बाल बच गया। वहीं मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे फंस कर काफी दूर तक घिसटी चली गई। बहरहाल कोई घायल नही हुआ।

सिटी मजिस्ट्रेट ने मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी के साथ की बैठक

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को कोतवाली गंगाघाट में आगामी मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा क्षेत्र के सभी संभ्रान्त व्यक्तियों व डिजिटल वालंटियर्स के साथ पीस कमेटी मीटिंग की गई। मीटिंग में सभी को आवश्यक मोहर्रम में निकाले जाने वाले जुलूसों के संदर्भ में शासन व प्रशासन द्वारा जारी नियमों व निर्देशों की जानकारी दी गई तथा अधिकारियों ने इस संदर्भ में समस्याओं को भी सुना एवं निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया है।

नाले में मिला विवाहिता का शव

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। मौरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत धानीखेड़ा गांव के बाहर लापता विवाहिता का सुबह के समय नाले में शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद करने के बाद पहचान कर परिजनो को सूचना दी तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दौलतखेड़ा निवासी कंचन 30 पत्नी रामबरन सोमवार को ग्राम धीनाखेड़ा निवासी किसी यादव के मजदूरी पर धान की बेड़ उखाड़ने गई थी। देरशाम घर ना पहुंचने पर परिजनो ने खोजबीन की मगर कहीं पता नही चला जिसका सुबह धीनाखेड़ा गांव के बाहर नाला पुलिया के पास पानी में डूबा हुआ शव पड़ा ग्रामीणों ने देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पानी से शव को बाहर निकलने के बाद पहचान कर घटना की सूचना परिजनो को दी। स्थानीय लोगों में चर्चा रही कि महिला पैर फिसलने से नाले में गिर गई और पानी भरा होने से उसकी डूबने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दो धड़ो में बंटे तहसील अधिवक्ता

- एक गुट के बहिष्कार को किया गैरकानूनी
- स्थानीय पंजीकृत बार एसोसिएशन एसडीएम न्यायालय के बहिष्कार का समर्थन नहीं करता

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

बांगरमऊ तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और मंत्री ने विज्ञप्ति जारी कर गैर पंजीकृत अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा एसडीएम कोर्ट के बहिष्कार के निर्णय को गैरकानूनी करार दिया है। पदाधिकारियों ने कहा कि मौजूदा एसडीएम ईमानदार अधिकारी हैं और नियमित तौर पर मुकदमों की सुनवाई कर रही हैं। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामभरोसे और मंत्री छोटेलाल गौतम द्वारा जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि गैर पंजीकृत अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा उप जिलाधिकारी राजस्व न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय असंवैधानिक है। अधिवक्ता एसोसिएशन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद से संबद्ध नहीं है। स्थानीय पंजीकृत बार एसोसिएशन एसडीएम न्यायालय के बहिष्कार का समर्थन नहीं करता है।

अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा यह कृत्य अनावश्यक रूप से किया जा रहा है। जबकि एसडीएम नूपुर गोयल ईमानदार आईएएस अधिकारी हैं। तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी वकीलों से एसडीएम न्यायालय में नियमित रूप से अपने मुकदमों की पैरवी करने की अपील की है।

जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा म अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा की गयी। शिविर में बन्दियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि आप सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए जिसके लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। सचिव द्वारा शिविर में बताया गया कि यदि जेल में निरुद्ध किसी बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जरिये जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र प्रेषित कर सकता है। जिस पर उसे निःशुल्क अधिवक्ता नामित कर दिया जाएगा। चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल राजकुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रकार की विधिक जानकारी के लिए आप जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक में सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है जिसमें हर सप्ताह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवकगण उपस्थित रहते है। जागरुकता शिविर में प्रभारी जेलर सत्यप्रकाश, उपकारापाल कुंवर वीरेन्द्र विक्रम सिंह, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल योगेश चन्द्र, पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल व मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

कूटरचित तरीके से पंचायत भवन की जमीन का कराया बैनाम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम पंचायत माधवपुर में प्रस्तावित पंचायत सचिवालय की जमीन को दबंगों ने कूटरचित तरीके से उसी जमीन का बैनामा करा लिया।भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित आबादी की जमीन का गांव के कुछ दबंग लोगों ने बैनामा अपने नाम करा लिया।सोमवार ग्राम प्रधान ने डीएम नेहा शर्मा से शिकायत किया। जिस पर एसडीएम तरबगंज को पूरे प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए हैं। अवगत कराते चले की बेलसर ब्लॉक के माधवपुर ग्राम प्रधान आनंद प्रकाश ओझा ने बताया कि वर्ष 2021 में पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि का प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन गांव के अशोक कुमार पाण्डेय ने उसे पट्टे की जमीन बताकर कार्य रुकवा दिया। इसके बाद तरबगंज तहसील में पट्टे की पुष्टि नहीं हुई और अशोक ने इस मामले में सुलह कर लिया। अब अशोक के विपक्षी ने आबादी की इस जमीन को गांव के एक व्यक्ति के नाम बीते पांच जुलाई को बैनामा कर दिया। इससे पंचायत भवन के निर्माण में दोबारा विवाद उत्पन्न हो गया है। ग्राम प्रधान आनंद प्रकाश ओझा ने बताया कि पंचायत भवन निर्माण के लिए दो साल से सामग्री रखी है। लेकिन गांव के कुछ लोग आबादी की जमीन को अपना बता रहे हैं। हल्का लेखपाल राजेंद्र कुमार ने बताया कि जमीन आबादी की श्रेणी में दर्ज हैं। इसकी रिपोर्ट तहसील कार्यालय में सौंपी गई है सचिवालय निर्माण न होने से लोग ग्रामीण को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।सचिवालय निर्माण दबंग नहीं होने दे रहे हैं।जिसकी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ लोगों से बात करने पर बताया कि सरकार की योजनाएं आंशिक रूप से ही मिल रही है। ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश तिवारी का बताना है,कि पंचायत सचिवालय निर्माण कार्य के लिए प्रधान ने बहुत पहले ही प्रस्ताव कर दिया है।लेकिन के कुछ लोग बनने नहीं दे रहे हैं। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है।

छत से गिरकर अबोध घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम बंदीखेड़ा निवासी दिनेश की दो वर्षीय पुत्री छोटी बीते सोमवार की शाम अपने मकान की छत पर खेल रही थी तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और बच्ची नीचे जमीन पर आ गिरी। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल छोटी को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर अबोध बच्ची को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़े

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

मांखी थाना क्षेत्र में अमरूद तोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच गाली-गलौज के साथ ही मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों से दो महिलाओं सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। पंडितखेड़ा गांव निवासी माया पत्नी महेश लोध ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि खेत में खड़े अमरुद के पेड़ से गांव के बिरजू की पुत्री ने चोरी से अमरूद तोड़ लिए उसने जब इसका विरोध किया तो बिरजू, कामता, सचिन ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष के दिनेश पुत्र रामसहांय ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि अमरूद तोड़ने पर माया, सुलोचना, दीपांशु सहित चार लोगों ने मारपीट की। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि अमरूद तोड़ने को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज के साथ मारपीट की घटना हुई है जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है दोनों पक्षों से सात लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

महिला ने पिया कीटनाशक

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आसीवन थाना क्षेत्र में पत्नी सावन माह में मायके जाने के लिए तैयार थी लेकिन पति ने जाने से मना कर दिया जिससे छुब्ध होकर कीटनाशक निगल लिया। पनापुर खुर्द गांव निवासी विमला का भाई सोमवार को बहन की ससुराल आया था। मंगलवार को उसने बहन से चलने के लिए कहा जिसपर उसने पति बृजेश से मायके जाने के लिए कहा तो उसने इंकार कर दिया जिसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गयी जिससे छुब्ध होकर महिला ने कीटनाशक निगल लिया। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

गुणवत्ता की दवा

देश में दवाओं की गुणवत्ता के मानक निर्धारण और उनके नकारात्मक प्रभावों पर कारगर नियंत्रण करने की मांग बहुत पुरानी है। जिस देश में एक बड़ी आबादी झोला छाप डॉक्टरों व मेडिकल स्टोर से दवा लेकर इलाज करती हो, वहां दवाओं का मानकीकरण बेहद जरूरी हो जाता है। हाल के दिनों में अफ्रीका और मध्य एशिया के देशों में कफ सीरप से होने वाली कथित मौतों के बाद दवाओं के मानकीकरण की बहस तेज हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन की टिप्पणियों से भी भारतीय दवा उद्योग की विश्वसनीयता पर आंच आई। निस्संदेह इस प्रकरण से भारत की प्रतिष्ठा भी प्रभावित हुई है। लगता है इसके बाद केंद्र सरकार भी हरकत में आई और सुरक्षित दवाओं का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिये पहल हुई। बहुत संभव है इसी घटनाक्रम के बाद उच्च मानकों वाली सुरक्षित औषधियों का उत्पादन सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया हो। संसद के मानसून सत्र में सुरक्षित दवाओं का उत्पादन सुनिश्चित करने वाला एक विधेयक लाना प्रस्तावित है। जिसके जरिये सुनिश्चित किया जा सकेगा कि घटिया दवाओं द्वारा देश -विदेश पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर अंकुश लगे। निस्संदेह, इसके मूल में भारत तथा दुनिया के कई देशों में लोगों पर पड़े नकारात्मक प्रभावों के सबक हैं। इसी मकसद से ड्रग्स, मेडिकल डिवाइस और कॉस्मेटिक्स बिल, 2023 लाया जा रहा है। निस्संदेह, इस विधेयक को कानून का रूप देने से पहले इसके विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से मंथन करने की जरूरत होगी। जिससे इस उद्योग से जुड़ी खामियों को दूर किया जा सके। निस्संदेह,देश में भरोसेमंद फार्मास्युटिकल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की जरूरत है। जिसके लिये गुणवत्ता का शोध और नियमन भी जरूरी है। यह विधेयक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों के निर्माण, बिक्री, आयात व निर्यात के उच्च मानकों को सुनिश्चित करेगा। जो औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम-1940 को निरस्त करेगा और नई जरूरतों के हिसाब से कानून को उपयोगी बनाएगा। दरअसल, दवाओं की गुणवत्ता के निर्धारण के मार्ग में जहां दवा उद्योग की लॉबी और राजनीतिक घालमेल की बाधाएं हैं, वहीं हमारे नियामक तंत्र में व्याप्त विसंगतियां भी इसके मूल में हैं। ऐसे में कानून बनाते वक्त कई तरह की सावधानियां बरतने की जरूरत होगी। यह भी देखना होगा कि नये कानून से राज्यों के फार्मास्युटिकल उद्योग पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। आज भारत दुनिया में एक बड़े दवा उत्पादक देश के रूप में उभरा है। लेकिन दवाओं की गुणवत्ता का निर्धारण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह देश की साख के लिये भी जरूरी है। आशंकाएं जतायी जाती रही हैं कि नये कानून से दवा निर्माण के लाइसेंस से जुड़ी राज्य दवा नियंत्रकों की शक्तियों में कटौती हो सकती है। यहां उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि औषधि मानक नियंत्रण संगठन को सशक्त बनाने के प्रयास पहले भी दो बार विफल हो चुके हैं। वर्ष 2007 और 2013 में औषधि और प्रसाधन सामग्री (संशोधन) विधेयक विसंगतियों के चलते अंततरू संसद द्वारा वापस ले लिये गये थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में जब नया विधेयक बन रहा था तो पंजाब के फार्मा उद्योग ने लाइसेंसिंग और अन्य नियामक प्रक्रियाओं के प्रस्तावित केंद्रीयकरण पर आपत्ति व्यक्त की थी। भविष्य की आशंकाओं से ग्रसित राज्य की करीब दो सौ छोटी फार्मा इकाइयों के प्रतिनिधियों को फिक्र हुई कि उनके पास केंद्रीय एजेंसियों से संपर्क करने अथवा बदले नियमों के अनुरूप बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिये पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की कमी होगी। दरअसल, पंजाब का दवा उद्योग हिमाचल प्रदेश के दवा उद्योग से कमजोर प्रतिस्पर्धा कर रहा था क्योंकि हिमाचल की दवा उत्पादक इकाइयों को निर्धारित समय तक जीएसटी में छूट का लाभ मिल रहा था। जिससे वे बाजार में सस्ती दवा बेचकर पंजाब के उत्पादकों के लिये चुनौती पेश कर रहे थे। निस्संदेह, इस नये कानून के बनने से पहले बीच का रास्ता निकालना भी जरूरी है क्योंकि यदि छोटी इकाइयों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तो दवा बाजार में जेनेरिक दवाओं का उत्पादन प्रभावित होगा, जो कि गरीब व कमजोर वर्ग की जरूरतों को पूरा करती हैं।

गठबंधन की राजनीति में हावी अवसरवादिता

राजेश माहेश्वरी

राजनीति में रहने वाले कहें कुछ भी किंतु उनके मन में ले-देकर सत्ता ही घूमती रहती है। इस बारे में अजीत पवार की स्पष्टवादिता अच्छी लगी जो बिना लाग लपेट के कहते हैं कि उनका लक्ष्य मुख्यमंत्री बनना है। ओमप्रकाश राजभर भी अखिलेश के साथ इस उम्मीद से जुड़े थे कि उनकी सत्ता आने वाली थी किंतु जब वह उम्मीद पूरी नहीं हुई तो उन्होंने उसी भाजपा के साथ दोबारा याराना बिठा लिया जिसे कुछ दिन पहले तक जी भरकर गरियाया था। इसी तरह जीतनराम मांझी, अजीत पवार और ओमप्रकाश राजभर जैसे नेताओं को अपने साथ बिठाने से भाजपा की छवि प्रभावित होती है। बीजेपी पर आजकल ये आरोप लगता है कि वह सत्ता की लालच में बेमेल समझौते कर रही है और अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते हुए बाहर से आए मौकापरस्तों को उपकृत करने में तनिक भी संकोच नहीं करती। कांग्रेस भी इससे अछूती नहीं है। राजनीतिक विशलेषकों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्षी दलों का एकजुट होना आसान नहीं है, लेकिन किसी तरह समझौता हो भी जाता है तो सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर जबरदस्त तरीके से पेच फंसेगा। कांग्रेस भले ही राष्ट्रीय पार्टी हो और वो सबसे ज्यादा सीटों पर चुनावी किस्मत आजमाए, लेकिन देश के करीब 10 राज्यों में उसे अपने लिए क्षेत्रीय दलों से सम्मानजनक सीटें हासिल करना आसान नहीं होगा और उसे जूनियर पार्टनर के तौर पर ही रहना पड़ सकता है। फिलवक्त देश की राजनीति दो खेमों में एकजुट होती दिख रही है। फिलवक्त नफे नुकसान को हिसाब लगाकर दोस्ती और गठबंधन हो रहा है। लोकसभा चुनाव से पहले देश की राजनीति कई रंग दिखाएगी। पर अवसरवादिता और उपयोगितवादी सिद्धांत तमाम दूसरे आदर्शों और सिद्धांतो पर भारी दिखाई देता है।

देश में आम चुनाव को लगभग छह महीने का समय बाकी है। लेकिन अभी से देश में आम चुनाव का माहौल बनता दिख रहा है। साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां मंथन में जुट गई है। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी नौ साल सत्ता में रहने के बाद चुनावों के मद्देनजर जोड़ तोड़ में लगी है, तो वहीं दूसरी तरफ सत्ता से बाहर रही कांग्रेस भी अपनी राजनीतिक बिसात बिछा रही है। कुल मिलाकर वास्तव में देश में इन दिनों गठबंधन की राजनीति पूरे उफान पर है। बड़े छोटे दल अपने-अपने राजनीतिक नफे नुकसान के हिसाब से गठबंधन का हिस्सा बन रहे हैं।

विपक्ष ने दो दिन बेंगलुरू में और एनडीए ने दिल्ली में बैठक कर अपने घर को मजबूत करने का काम किया। विपक्षी बेंगलुरू से पूर्व पटना में भी बैठक कर चुका है। विपक्षी खेमे में तमाम अन्य मसलों के अलावा अहम मुद्दा प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर है। एनडीए की ओर से नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री के उम्मीदवार होंगे। यह पहले से ही तय है। कुल मिलाकर इस प्रकार 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए दोनों पक्ष अपने खेमे को ताकतवर बनाने में जुटे हुए हैं। लेकिन इसमें सैद्धांतिक या वैचारिक पक्ष के लिए कोई स्थान नहीं है। अवसरवाद और उपयोगितावाद के मुताबिक नेताओं का इस या उस गठबंधन से जुडने का सिलसिला जारी है। देश की जनता इस सारी कसरत को बड़े इत्मीनान से देख और समझ रही है।

पिछले दो लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को बुरी तरह हराकर बहुमत हासिल किया था। कांग्रेस को हराने के बाद बीजेपी ने कई राज्यों में अपनी ताकत को बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय पार्टियों पर भी अलग अलग तरह के पैंतरे आजमाए। नतीजतन पिछले कुछ सालों में कई सहयोगी दलों ने बीजेपी का साथ छोड़ दिया। वहीं दूसरी तरफ धीरे-धीरे कई विपक्षी दल एकजुट होने लगे। विपक्षी एकजुटता का सबसे बड़ा उदाहरण नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान देखने को भी मिला। जब पीएम मोदी से उद्घाटन के विरोध में 19 पार्टियां समारोह से गायब रही। इसके अलावा दिल्ली में उपराज्यपाल को अधिकार देने वाले केंद्र सरकार के अध्यादेश के विरोध में भी एक दर्जन पार्टियां आम आदमी पार्टी के साथ आ गई।

भाजपा के पास जहां लोकसभा में अपना स्पष्ट बहुमत है वहीं कांग्रेस अर्धशतक पर ही सिमटी हुई है। इसीलिये शरद पवार, ममता बैनर्जी, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, और स्टालिन जैसे नेता उस पर हावी रहते हैं। आम आदमी पार्टी ने भी बेंगलुरु बैठक में आने जो शर्त रखी उसे कांग्रेस को स्वीकार करना पड़ा। और फिर इस बैठक के पहले ही महाराष्ट्र में एनसीपी टूट गई।

शिवसेना, जेडीयू, गोरखा जनमुक्ति मोर्चा और जनसेना जैसे दलों ने एनडीए का आरोप है कि एनडीए के साथ रहते हुए उसे कमजोर करने की कोशिश की जा रही थी। इन दलों का आरोप था कि बीजेपी राज्य में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए पीछे से खेल करती है। इसके अलावा गोरखा जनमुक्ति मोर्चा ने बीजेपी पर लोगों के साथ विश्वासघात करने का आरोप भी लगाया है। लेकिन बदलते हालातों में विपक्षी एकता की मुहिम के जवाब में भाजपा ने भी एनडीए का कुनबा बढ़ाते हुए जीतनराम मांझी और ओमप्रकाश राजभर के अलावा आंध्र की एक क्षेत्रीय पार्टी को भी अपने पाले में खींच लिया। वहीं यूपी में पूर्वांचल के बड़े नेता दारा सिंह चौहान सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। यूपी में इस बात की भी चर्चा थी कि बीजेपी पश्चिम उत्तर प्रदेश के किले को फतह करने के लिए राष्ट्रीय लोक दल को अपने साथ लाना चाहती है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी से अंदरखाने बातचीत भी हो रही थी, लेकिन जयंत ने बेंगलुरू की बैठक में पहुंचकर बीजेपी को झटका दिया है।

बात अगर बिहार की कि जाए तो वहां इस बात की भी चर्चा है कि महाराष्ट्र जैसा धमाका बिहार में भी होने वाला है। चर्चाओं के अनुसार जनता दल (यू) के अनेक विधायक और नेता लालू की पार्टी आरजेडी को जरूरत से ज्यादा खुला हाथ दिए जाने से नाराज हैं। तेजस्वी का नाम नौकरी घोटाले की चार्जशीट में आ जाने के बाद नीतीश की पार्टी में ये भय व्याप्त है कि लालू परिवार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार से उसकी छवि भी खराब हो जायेगी। इसलिए उससे पिंड छुड़ा लिया जाए। भाजपा इस स्थिति का लाभ लेने तैयार बैठी है। ऐसे में नीतीश सरकार खतरे में पड़ी तब उसका सीधा असर विपक्ष के गठबंधन पर पड़ेगा।

दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस की जड़ें खोदने वाले अरविंद केजरीवाल कांग्रेस की गोद में बैठने मात्र इसलिए राजी हो गए क्योंकि उसने केंद्र सरकार द्वारा जारी अध्यादेश का विरोध करने की मांग मान ली। इसी तरह की सौदेबाजी यूपी में ओमप्रकाश राजभर के साथ भाजपा ने की जिसके बाद वे एनडीए का हिस्सा बनने राजी हो गए। खबर ये भी है कि उनको योगी मंत्रीमंडल में शामिल किया जा रहा है। गौरतलब है कि ओम प्रकाश राजभर पहले भी भाजपा के साथ मिलकर सत्ता में रह चुके हैं। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले उन्होंने अखिलेश यादव के साथ मिलकर भाजपा को हराने में पूरी ताकत झोंकी किंतु असफलता हाथ लगी तो उनके विरुद्ध बयानबाजी करने लगे और अब मौका मिलते ही भाजपा के साथ आकर सत्ता की रेवड़ी खाने का इंतजाम कर लिया।

महाराष्ट्र में अजीत पवार और भाजपा के बीच जिस तरह की बयानबाजी अतीत में हुई उसको देखने के बाद उनका एकाएक हृदय परिवर्तन क्यों हुआ ये बताने की जरूरत नहीं है। भाजपा ने भी अजीत को भ्रष्ट साबित करने क्या कुछ नहीं कहा? लेकिन अब वे महाराष्ट्र सरकार में उप मुख्यमंत्री बन बैठे। ज्यों- ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आते जायेंगे त्यों-त्यों ऐसा आवागमन देखने मिलता रहेगा।

राजनीति में रहने वाले कहें कुछ भी किंतु उनके मन में ले-देकर सत्ता ही घूमती रहती है। इस बारे में अजीत पवार की स्पष्टवादिता अच्छी लगी जो बिना लाग लपेट के कहते हैं कि उनका लक्ष्य मुख्यमंत्री बनना है। ओमप्रकाश राजभर भी अखिलेश के साथ इस उम्मीद से जुड़े थे कि उनकी सत्ता आने वाली थी किंतु जब वह उम्मीद पूरी नहीं हुई तो उन्होंने उसी भाजपा के साथ दोबारा याराना बिठा लिया जिसे कुछ दिन पहले तक जी भरकर गरियाया था। इसी तरह जीतनराम मांझी, अजीत पवार और ओमप्रकाश राजभर जैसे नेताओं को अपने साथ बिठाने से भाजपा की छवि प्रभावित होती है। बीजेपी पर आजकल ये आरोप लगता है कि वह सत्ता की लालच में बेमेल समझौते कर रही है और अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते हुए बाहर से आए मौकापरस्तों को उपकृत करने में तनिक भी संकोच नहीं करती। कांग्रेस भी इससे अछूती नहीं है।

राजनीतिक विशलेषकों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्षी दलों का एकजुट होना आसान नहीं है, लेकिन किसी तरह समझौता हो भी जाता है तो सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर जबरदस्त तरीके से पेच फंसेगा। कांग्रेस भले ही राष्ट्रीय पार्टी हो और वो सबसे ज्यादा सीटों पर चुनावी किस्मत आजमाए, लेकिन देश के करीब 10 राज्यों में उसे अपने लिए क्षेत्रीय दलों से सम्मानजनक सीटें हासिल करना आसान नहीं होगा और उसे जूनियर पार्टनर के तौर पर ही रहना पड़ सकता है। फिलवक्त देश की राजनीति दो खेमों में एकजुट होती दिख रही है। फिलवक्त नफे नुकसान को हिसाब लगाकर दोस्ती और गठबंधन हो रहा है। लोकसभा चुनाव से पहले देश की राजनीति कई रंग दिखाएगी। पर अवसरवादिता और उपयोगितवादी सिद्धांत तमाम दूसरे आदर्शों और सिद्धांतो पर भारी दिखाई देता है।

-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

विचार

एनसीपी की अनबूझ पहेली

2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में एक ओर तो कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कांग्रेस को समर्थन देने वाले विपक्षी दलों संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) की दो दिवसीय बैठक सोमवार को प्रारम्भ हुई। वहीं दूसरी तरफदिल्ली में मंगलवार की शाम को भाजपा प्रणीत राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (एनडीए) भी अपने सहयोगी दलों के साथ विचार-विमर्श करने जा रहा है। यह रस्साकशी चुनावी तैयारियों के मद्देनजर कोई सामान्य घटनाक्रम इसलिये नहीं रह गया है क्योंकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने सबको उलझाकर रख दिया है। इसका कारण है पार्टी के उस धड़े का जाकर दल के सुप्रीमो शरद पवार से रविवार को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सेंटर में जाकर मुलाकात करना। ये वे 19 विधायक हैं जो हाल ही में पार्टी से अलग होकर शिवसेना (शिंदे गुट) एवं भाजपा की सरकार में शामिल हो गये हैं। पवार के भतीजे अजित पवार न केवल भाजपा के देवेन्द्र फडनवीस की तरह उप मुख्यमंत्री बन बैठे हैं वरन वित्त जैसा महत्वपूर्ण विभाग पाकर इतने शक्तिशाली हो गये हैं कि दोनों उप मुख्यमंत्री अब स्वयं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिये खतरा बन गये हैं। बहरहाल, सोमवार को अजित पवार अपने प्रमुख सहयोगियों, जो कभी शरद पवार के सर्वाधिक विश्वसनीय लोगों में शुमार थे, प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, दिलीप वलसे पाटिल, छगन भुजबल आदि सहित सभी विधायकों के साथ एनसीपी प्रमुख से मिल तो आये पर अनेक पहेलियां भी पीछे छोड़ आये हैं। बेशक, इस बैठक से आशंकित एनडीए उन्हें सुलझाने के लाख प्रयास करती रहे पर कई बातों के कोई जवाब नहीं हैं। मसलन, मुलाकात करने वाले विधायकों का यह कहना कि श्बिना समय लिये हम लोग अपने भगवान (पवार) से मिलने गये थे। उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया और कहा कि वे उनका बहुत सम्मान करते हैं तथा चाहते हैं कि पार्टी एकजुट रहे और वे उनका मार्गदर्शन करते रहें। ऐसा कहना एक तरह से यह इंगित करता है कि पार्टी अभी वास्तविक रूप से दो फाड़ नहीं हुई है। सम्भवतः सुविधा की राजनीति के तहत ये लोग सरकार में शामिल हो गये हैं ताकि केन्द्रीय अन्वेषण एजेंसियों की जांच से बच सकें। सभी जानते हैं कि अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल आदि की व्यावसायिक गतिविधियों पर इन एजेंसियों की नजर है तथा इनमें से कुछ जेल में समय भी गुजार चुके हैं। फिर, पवार की चुप्पी एनडीए को बेचैन करने के लिये काफी है। तिस पर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल का यह कहना भी महाराष्ट्र सरकार को डांवाडोल करने के लिये पर्याप्त हो सकता है कि श्उनके साथ 19 विधायक अब भी हैं और जो विधायक पार्टी को छोड़कर चले गये हैं वे चाहें तो लौट सकते हैं। उनके लिये एनसीपी के दरवाजे खुले हैं। उनके बारे में तमाम तरह की अविश्वसनीयता व संदेहों के बावजूद पवार के बारे में कहा जाता है कि केन्द्रीय गृह मंत्री व भाजपा के तथाकथित चाणक्य अमित शाह का मुकाबला अगर कोई कर सकता है तो पवार ही क्योंकि सामान्य व्यक्ति जहां तक सोच सकता है वहां से तो उनका काम शुरू होता है। लोग इस बात को भूले नहीं हैं कि किस प्रकार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद पवार ने अपने भतीजे के खिलाफ आपराधिक मामलों में जांच एजेंसियों की क्लीन चिट प्राप्त कर भाजपा को सरकार बनाने में मदद की थी। फडनवीस तब सीएम बने थे और अजित तब भी उप मुख्यमंत्री। माकूल अवसर आने पर उन्होंने शिवसेना के उद्धव ठाकरे को एनसीपी व कांग्रेस का समर्थन जुटाकर मुख्यमंत्री बना दिया था। महाविकास आघाड़ी के नाम से करीब ढाई साल तक सरकार चली भी। यह अलग बात है कि शिंदे की महत्वाकांक्षा एवं भाजपा की शह पर यह सरकार जाती रही। फिर भी सत्य यही है कि महाराष्ट्र की राजनीति में पवार का दबदबा बना हुआ है और वे पवार फिलहाल कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए का हिस्सा हैं। जो धड़ा अलग हुआ है, वह अपने पूर्व कहें या अब भी सुप्रीमो बने हुए शरद पवार साहेब के कहे में है और उनके आदेश पर कुछ भी कर सकता है। यही संदेश जहां एक तरफ महाराष्ट्र सरकार को अस्थिर बना सकता है वहीं एनडीए इस भ्रम में बनी रहेगी कि इन विधायकों का रुख उसके प्रति क्या होगा। इस बैठक से भाजपा की यह खुशी तो निश्चित ही काफूर हो गयी होगी कि एनसीपी टूट चुकी है। पवार की भूमिका यूपीए की बैठक को लेकर क्या रहेगी, यह देखना भी दिलचस्प होगा। क्या पवार की योजना के तहत ही उसके कुछ विधायक टूटकर शिवसेना (शिंदे गुट) व भाजपा की महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए हैं? क्या लोकसभा चुनाव तक उनके प्रमुख नेताओं को जांच एजेंसियों की वक्र दृष्टि से बचाये रखने के लिये यह खेल खेला गया है? या फिर भाजपा को भुलावे में डालकर पवार ने 2024 में बड़ी भूमिका के लिये खुद को मुक्त कर लिया है? ऐसे अनेक सवाल हैं जो पहेलियां बनकर भाजपा को परेशान करते रहेंगे। बहरहाल, दो प्रमुख खेमों- यूपीए व एनडीए की आपसी खींचतान के बीच एनसीपी की भूमिका रहस्यमय ही सही परन्तु महत्वपूर्ण बन गयी है।

साहित्य

झरोखा

तेरे इश्क में डूब कर...

दीपक सिंह

तेरे इश्क में डूब कर वो मंजर दिख रहा।
दिल में घुसा प्रेम का खंजर दिख रहा।

मोहल्ले में गदर है तुमसे प्यार कर गये।
कई ब्यायफ्रेन्ड तेरे तुझपर हम मर गये।
अब छोड़ो इतराना जान बात मान लो।
बातों में तेरी डूबा न ऐसे मेरी जान लो।।

अरे प्यासा तेरे प्यार मे समुंदर दिख रहा।
तेरे इश्क में डूब कर वो मंजर दिख रहा।
दिल में घुसा प्रेम का खंजर दिख रहा।

हमरे प्यार में तुम न भूल करो बबुआ।
जाके सेटिंग कहीं और करो बबुआ।।
हमरी लिस्ट में वेटिंग पड़े हैं कितने
आशिकी में अपने न फेल करो बबुआ।।

तेरे इश्क में सवार दिल का पैसेंजर दिख रहा।।



तेरे इश्क में डूब कर वो मंजर दिख रहा।
दिल में घुसा प्रेम का खंजर दिख रहा।

तेरे हुस्न पर बैनर छपवा देंगे।
मानी जो तू न नाम लिखवा देंगे।।
लो हम मान गये तेरे इजहार पर
दिल हार गये सोना के प्यार पर

अरे तेरे रंग में डूबा ये अंजरपंजर दिख रहा।।
तेरे इश्क में डूब कर वो मंजर दिख रहा।
दिल में घुसा प्रेम का खंजर दिख रहा।

राशिफल

मेष:- ईश्वरीय आस्था में वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। महत्वाकांक्षाओं को फलित करने में असमर्थता संभव। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

वृषभ:- उच्च महत्वाकांक्षा ऊंची प्रगति के लिए आपको प्रेरित करेंगी। किसी नई योजना पर विचारमग्न होंगे। दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

मिथुन:- राजनीति से जुड़ लोगों के लिए लाभप्रद स्थितियों के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। असमाजिक तत्वों से दूरी बनायें। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूरा करें।

कर्क:- सगे-संबंधों में नैतिक कर्त्तव्यों से विमुख न हों। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। नये कार्य में संलग्नता से लाभ संभव। परिवार में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

सिंह:- आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा। नये कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा स्वयं की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं। जीवन साथी के साथ मधुरका कायम रखें।

कन्या:- निराशावादी विचारों का त्याग करें। परिजनों की छोटी-छोटी बातों का बुरा न माने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

तुला:- सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। अच्छे आचार-विचार से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखें। जीवन साथी का ख्याल रखें।

वृश्चिक:- कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ाएंगे। रोजगार क्षेत्र में अनुकूल स्थिति रहेगी और लाभ होगा।

धनु:- महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनेगा। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। पुराने संबंध प्रगाढ़ होंगे। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को कल पर न टालें।

मकर:- निकट संबंधों में कुछ अप्रिय बातें दूरी पैदा करेंगी। भौतिक आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। मूल्यवान समय को व्यर्थ में जाया न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

कुंभ:- पूरा दिन अध्यात्मिक एवं पारंपरिक कायरें में व्यतीत होगा। किसी इच्छित कार्य की पूर्ति से प्रसन्नता संभव। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। संतान संबंधी महत्वपूर्ण दायित्व पूर्ति हेतु दवाब बनाएंगे।

मीन:- अत्याधिक कार्य के बोझ से मन बोझिल होगा। जीवनसाथी के भावनात्मक सहयोग से उत्साह का संचार होगा। शासन-सत्ता व राजकीय क्षेत्र के लोगों की क्रियाशीलता बढ़ेगी। आलस्य कतई न करें।

चीतों की कब्रगाह बनता कूनो

आदित्य नारायण

कूनो नैशनल पार्क चीतों की कब्रगाह बन चुका है। नामीबिया से लाए गए एक और चीते सूरज की मौत के साथ ही आठ चीतों की मौत हो चुकी है। इससे पहले तेजस नाम के चीते का शव मिला था। तेजस के आंतरिक अंग गंभीर रूप से घायल पाए गए। अब कूनो में केवल 15 चीते बचे हैं और चीता प्रोजैक्ट से जुड़े अधिकारियों की चिंता भी बढ़ गई है। चीतों की कभी बीमारी से या आपसी हिंसक मुठभेड़ों में मौतें हो चुकी हैं। इससे पूरे प्रोजैक्ट पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। अब चीतों की मौत के कारण तलाशे जा रहे हैं लेकिन अभी तक चीतों की सुरक्षा को लेकर उपाय ही ढूंढे जा रहे हैं। 17 सितम्बर 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्म दिवस पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो नैशनल पार्क में रिलीज किया था और इस साल 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को लाकर कूनो में छोड़ा गया। पहले यह कहा गया था कि नामीबिया और भारत की जलवायु मैं बड़ा फर्क है। नामीबिया में औसत वार्षिक तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रहता है। जबकि नवंबर से मार्च के महीने में औसत तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और जून तथा जुलाई में 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। जबकि औसत वार्षिक वर्षा 269.2 मिमी के आसपास होती है। दक्षिण अफ्रीका में औसत वार्षिक तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस है। दिसंबर से जनवरी में औसत मासिक तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और जून से जुलाई में 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। जबकि वार्षिक वर्षा 469.9 मिमी होती है। जबकि कूनो नैशनल पार्क की वेबसाइट के मुताबिक मध्य प्रदेश में मार्च से जून के बीच आमतौर पर गर्मी के महीने होते हैं। औसत तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाता है। अक्तूबर से मध्य मार्च तक शीत ऋतु आती है। दिसंबर और जनवरी के महीने विशेष रूप से ठंडे होते हैं, जिनका औसत न्यूनतम तापमान क्रमशः 7.27 और 6.3 डिग्री सेल्सियस होता है। अगस्त सबसे नम महीना है। जिसमें औसतन 30.4 सेमी वर्षा होती है। मौसम को लेकर सवाल उठाने के बाद अब नई थ्योरी सामने आई। विशेषज्ञों ने दावा किया है कि चीतों की मौत का कारण उनके गले में बंधा रेडियो कॉलर हो सकता है। दक्षिण अफ्रीकी चीता विशेषज्ञ ने कहा है कि अत्यधिक उमस के कारण रेडियो कॉलर संक्रमण पैदा कर रहे हैं जिसके चलते सैप्टीसीनिया हो सकता है। यह संभव है कि रेडियो कॉलर के इस्तेमाल में असामान्य व्यवहार और उमस भरा मौसम संक्रमण का कारण बन सकता है। दूसरी ओर चीता परियोजना संचालन समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि भारत में पिछले 25 वर्षों से वन्य जीव संरक्षण के लिए कॉलर का इस्तेमाल किया जा रहा है। हमारे पास अच्छे स्मार्ट कॉलर उपलब्ध हैं लेकिन पहले ऐसी कोई घटना नहीं हुई। रेडियो कॉलर से मौतों का दावा किसी वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित नहीं है बल्कि यह अटकलों पर आधारित है। प्रबंधकों कहना है कि चीतों की मौतें प्राकृतिक कारणों से हुई। हालांकि प्रबंधकों में दस चीतों की रेडियो कॉलर हटाने का फैसला किया है। चीतों की मौत के बाद पर्यावरण मंत्रालय भी काफी सक्रिय हो गया है और उसने चीता परियोजना का सहयोग करने के लिए कई कदमों की योजना बनाई है जिसमें बचाव पुनर्वास, क्षमता निर्माण सुविधाओं के साथ चीता अनुसंधान केन्द्र की स्थापना शामिल है। चीतों की मौतों के कारणों की जांच के लिए अंतर्राष्ट्रीय चीता विशेषज्ञों और दक्षिण अफ्रीका तथा नामीबिया के पशु चिकित्सकों से परामर्श किया जा रहा है। पहले यह दावा किया गया था कि चीतों की मौत हिंसक संघर्ष के कारण हुई है लेकिन रेडियो कॉलर के नीचे दबी चीतों की स्किन में घाव पाए जाने के बाद अब इसे हटाने का फैसला किया गया है। बड़े पैमाने पर शिकार के कारण भारत में सबसे तेज गति से चलने वाले स्तनपायी जीव चीते के आधिकारिक तौर के विलुप्त होने के 7 दशक बाद कूनो नैशनल पार्क चीतों से गुलजार हुआ था लेकिन एक के बाद एक मौतों ने सवालिया निशान खड़े कर दिए। अब इन मौतों की समीक्षा की जा रही है। अब अतिरिक्त वन क्षेत्रों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान के प्रशासनिक नियंत्रण में लाने की तैयारी कर ली गई है और चीतों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त फ्रंट लाइन स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी और एक चीता सुरक्षा बल की स्थापना की जाएगी। मध्यप्रदेश के गांधी सागर वन्य जीवन अभ्यरण्य में चीतों के लिए एक दूसरे रहवास की योजना भी तैयार की जा रही है। चीता परियोजना की सफलता, विफलता का आंकलन करना अभी जल्दबाजी होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एबीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

राज्यमंत्री ने जनपद में चयनित 25 एएनएम को सौंपे नियुक्ति पत्र

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

- व्यक्ति की पहचान उसके कार्यों से ही होती : धर्मवीर
- गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य का देखभाल करना पुनीत कार्य

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, करागार एवं होमगार्ड विभाग धर्मवीर प्रजापति, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की उपस्थिति में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में नवनियुक्त चयनित एएनएम अभ्यर्थियों को राज्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा गया, जनपद में कुल 25 एएनएम की नियुक्ति हुई है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में चयनित 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस वितरण समारोह का सजीव प्रसारण विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में देखा गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कार्यो से ही होती है।

इस अवसर पर नवनियुक्ति एएनएम स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई

देते हुए सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्मियों की जो कमी है उसको पूरा किया जाये, आपकी नियुक्ति इसी दिशा में एक प्रयास है, आप जनपद के स्वास्थ्य विभाग में चल रहे अभियानों में निष्ठा के साथ अपना योगदान दे, आपका योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती माँ और उनके बच्चों के स्वास्थ्य का देखभाल करना आपका पुनीत कर्तव्य है और मैं उम्मीद करता हूँ कि आप सभी इस कार्य में पूरी तरह से खरी उतरेंगी। विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने नवनियुक्त कार्यकत्रियों से कहा कि वह ईमानदारी व कर्तव्य, निष्ठा के साथ अपने पदेन दायित्वों का निवर्हन करें। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री ने बिना किसी भेदभाव, धन, बल के परे रखकर पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां की जा रही है आज आप लोगों को नियुक्ति पत्र देकर बड़ी खुशी हो रही हैं। विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये सरकार कृत संकलिप्त है इसके लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने राज्यमंत्री व जनप्रतिनिधियों सहित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविन्द चौहान, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, सीएमएस आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

खीरी की आराधना को मुख्यमंत्री ने समारोह में दिया नियुक्ति पत्र

- अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 24 एएनएम को कार्यक्रम में मिला नियुक्ति पत्र, लखीमपुर खीरी में देंगी सेवाएं

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

युवाओं को रोजगार, डबल इंजन की सरकार कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ लोक भवन में आयोजित नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा लखीमपुर खीरी की आराधना वर्मा को नियुक्ति पत्र दिया गया है। लखीमपुर के लिए 24 एएनएम को नियुक्ति पत्र दिया गया है। यह जानकारी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित एएनएम को लखनऊ लोक भवन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। इस दौरान करीब 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। जिनमें लखीमपुर खीरी की 24 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियां शामिल हैं। इसमें आराधना वर्मा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया है। चयनित 24 एएनएम को जनपद लखीमपुर खीरी में जॉइनिंग के आदेश दिए गए हैं। यह सभी एएनएम जल्द ही अपने-अपने कार्य क्षेत्र में पहुंचकर आम जनमानस को स्वास्थ्य सेवाएं देने लगेंगीं। उन्होंने सभी चयनित एएनएम को शुभकामनाएं भी दी हैं।

खबरें एक नजर में

भेद भाव पूर्ण कराया जा रहा ग्रामपंचायत भोगियापुर में विकास कार्य

मोहम्मदी-खीरी, समृद्धि न्यूज। मोहम्मदी विकास खण्ड की ग्राम पंचायत भोगियापुर में ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी की मिली भगत के चलते चौपट हो रहा विकास कार्य तमाम नल नाली खड़ंजा आदि विकास कार्यों में जम कर हुई धांधलेबाजी कागजों पर चला मनरेगा चहेतों को मिले आवास बाकी सब बेकार परिवार रजिस्टर नकल जन्म प्रमाण पत्र आदि के लिए भी ग्रामीण दरबदर भटकने को विवश हैं।

तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन दाखिल खारिज मामले में सुविधा शुल्क लेने का लगाया आरोप

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन दाखिल खारिज के मामले में पीड़ित ने तहसील कर्मचारी पर सुविधा शुल्क लेने के बाद भी काम न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र भेजकर दाखिल खारिज कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी राममूर्ति पत्नी सुरेशचंद्र ने मंडलायुक्त को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनकी जमीन का दाखिल खारिज होना है। दाखिल खारिज का मामला तहसीलदार कार्यालय में विचाराधीन है। पीड़ित ने दाखिल खारिज का काम देख रहे कर्मचारी पर उससे दाखिल खारिज कराने के नाम पर 15 हजार रुपये सुविधा शुल्क मांगने एवं 10 हजार रुपये लेने के बाद भी वह उसका कार्य न करने का आरोप लगाया। पीड़ित का आरोप है कि शेष रुपये न देने पर कर्मचारी ने उसके कागजातों को रोक दिया है। पीड़िता ने मंडलायुक्त से मामले की जांच कराकर उसका दाखिल खारिज कराने की मांग की है।

बीमारी से ग्रसित युवक ने लगायी फांसी

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। ससुराल में रह रहे युवक ने बीमारी के चलते भूसाघर में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनाम भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मचा। कानपुर के गजौनी निवासी अजय वर्मा (35) पुत्र श्रीकृष्ण हाल निवास मोहल्ला हरीपुरा पिछले लगभग एक माह से अपनी ससुराल में रह रहा था। वह पिछले काफी समय से बीमारी के चलते मानसिक रूप से परेशान रह रहा था। जिसके चलते उसके ससुरालन के लोग उसे जालौन ले आए थे। सोमवार की रात परिवार के सभी सदस्य खाना खा पीकर कमरे में सो गए। रात में किसी समय अजय वर्मा कमरे से निकलकर भूसाघर में पहुंच गया। जहां उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर भूसाघर के कुंडे में फंसा लिया और उस पर लटक गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब परिवार के सदस्य जानवरों के लिए भूसा लेने के लिए भूसाघर में पहुंच तो उसके शव को लटका फांसी के फंदे पर लटका देखकर उनकी चीख निकल गई। कुछ ही देर में परिवार के सदस्य और पड़ोसी भी वहां पहुंच गए। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शशांक बाजपेई मौके पर पहुंचे और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि अजय काफी समय से बीमार रहते थे। अपने घर में भी उन्होंने फांसी लगाने का प्रयास किया था। जिसके चलते उन्हें जालौन ले आए थे। लेकिन क्या पता था कि यहां भी वह ऐसा कर लेंगे। युवक की मौत से पत्नी विनीता का रो रोकर बेहाल है। बता दें मृतक के दीपेश (6), ऋषि (3) समेत एक दस माह का पुत्र है।

एनबीडब्लू वारंटी को डकोर पुलिस ने किया गिरफ्तार

कुसमिलिया (जालौन), समृद्धि न्यूज। डकोर थाना क्षेत्र के जैसारी कला गांव में पुलिस ने एनबीडब्लू वारंट के खिलाफछापेमारी अभियान चलाया। जिसमें जैसारी कला गांव से एक एनबीडब्ल्यू वारंटी हरिश्चंद्र पुत्र गंगाप्रसाद उर्फपप्पू कोरी उम्र 23 बर्ष निवासी जैसारी कला को 54/2021 अपराध संख्या 68/2020 धारा 363, 366, 376 भादवि व पाक्सो एक्ट के तहत वारंटी को घर के दरवाजे से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में माननीय न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष डकोर योगेंद्र पटेल ने बताया कि कोर्ट की अवमानना करने वाले एनबीडब्लू वारंटी हरिश्चंद्र पुत्र गंगाप्रसाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सीएचसी में विधायक निधि से लगवाए हेल्थ एटीएम

- 98 जांचों का मिलेगा फायदा

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

सीएचसी मितौली और सीएचसी बेहजम पर अब हेल्थ एटीएम के जरिए आम जनमानस अपनी जांच करा सकेगा। दोनों ही स्थानों पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ मंगलवार को कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू द्वारा किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता और एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

हेल्थ एटीएम के शुभारंभ अवसर पर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उनकी निधि से लगाए गए हेल्थ एटीएम मितौली और

बेहजम की जनता के साथ ही आसपास रहने वाले आम लोगों को भी अपनी सेवाएं देगा। जिससे डॉक्टर्स को बीमारी समझने में मदद मिलेगी और वह मरीजों का बेहतर इलाज कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने सीएचसी मितौली पर रेन बसेरे व विश्राम स्थल की भी शुरुआत की। जिससे न सिर्फ आम जनमानस बल्कि आशा बहुओं को भी लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार स्वास्थ्य क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रही है जिसका फायदा आज आम जनमानस को मिल रहा है।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मितौली और बेहजम सीएचसी पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ हो गया है। पूरे जनपद में चयनित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। इसके लिए जनपद के सभी विधायकों ने अपना पूरा सहयोग दिया है और इसी के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 हेल्थ एटीएम खरीदे गए हैं। जिसका सीधा फायदा जिले की आम जनता को मिलेगा। 98 जांचें हेल्थ एटीएम के माध्यम से हो सकेगीं और प्रशिक्षित चिकित्सकों से उनका इलाज भी संभव होगा। एक-एक करके जल्द ही सभी हेल्थ एटीएम को उनके चयनित स्थानों पर लगाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। पलिया सीएचसी पर लगाए गए हेल्थ एटीएम के बाद सीएचसी मितौली और सीएचसी बेहजम में भी हेल्थ एटीएम शुरू हो गया है और जल्द ही बचे हुए स्थानों पर भी हेल्थ एटीएम की शुरुआत कर दी जाएगी। इस दौरान सीएचसी मितौली अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह व सीएचसी बेहजम अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आधार बना घर के पते की खोज का जरिया, बिछड़े मां बाप से हुआ मूकबधिर बच्चें का मिलन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

सोमवार का दिन माता पिता और उनके जिगर के टुकड़े बिछड़े मूक बधिर बच्चे के लिए खास रहा। महिला कल्याण विभाग एवं जिला बाल कल्याण समिति की सूझबूझ और आधार इस परिवार के लिए वरदान साबित हुआ। आधार वेरिफिकेशन से मां बाप से बिछड़े मूकबधिर बच्चें का मिलन हो सका। बिछड़े हुए अपने बेटे से मिलकर मां-बाप फूले नहीं समा रहे थे। पहचान के बाद बाल कल्याण समिति ने मूक बधिर बच्चे को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया कि कुछ समय पूर्व जिला बाल कल्याण समिति के आदेश पर एक भटके हुए बालक नाम अज्ञात (नशान सिंह) माँ काली सेवा संस्थान द्वारा प्रबंधित बालगृह

(बालक) लखीमपुर खीरी में आवासित कराया गया था। बालक मूक होने के कारण अपना पता बता पाने में असमर्थ था, जिसके पते की खोज के लिए उनके निर्देश पर बालगृह की अधीक्षक ने बच्चे का आधार वेरीफिकेशन कराया, जिसमें बच्चे के पिता व पता ज्ञात हो गया।

उन्होने बताया कि आधार के जरिए प्राप्त डाटा के आधार पर बच्चे के पिता से बात करके उनको बाल कल्याण समिति लखीमपुर खीरी आने को कहा गया। माता-पिता व अन्य सगे संबंधी के साथ आकर पिता ने बाल कल्याण समिति के सामने प्रस्तुत होकर बच्चे को देखा तो उनकी आँखों में आँसू आ गए। देखते ही अपने जिगर के टुकड़े को पहचान लिया और बच्चों को गले से लगा लिया। बाल कल्याण समिति ने मुक्त आदेश पारित कर बच्चे को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। इस मौके पर सुरेंद्र पाल सिंह व रामशरण सिंह रोहित कुमार, अजय वर्मा व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

चार वेद, अठारह पुराण, गीता और महाभारत के रचियता महर्षि वेद व्यास आश्रम को लगा उपेक्षा रूपी ग्रहण

- सीएम से मिलकर पौराणिक स्थलों के जीर्णोद्धार कराने का राज्यमंत्री ने दिया आश्वासन

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।

चारों वेदों, अट्ठारह पुराणों, गीता और महाभारत के ज्ञाता महर्षि वेदव्यास, ऋषि पराशर, वशिष्ठ जी जैसे महापुरुषों के आश्रम होने के बाबजूद उनकी देखरेख के अभाव में स्थिति बद से बदतर बनी हुई है अगर इन धार्मिक महत्व के स्थलों में कोई जाना भी चाहता है तो वहां पहुंचने के लिए मार्ग तो छोड़िये दूर दूर तक कीचड़ ही कीचड़ चारों ओर नजर आता है। आपको बताते चले कि आज ओबीसी संघ की एक बैठक राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन मां गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अदल सरांय कालपी में किया गया था।

इतिहास प्रेमियों की बैठक में जैसे ही राज्यमंत्री पहुंचे तो वहां पर मौजूद लोगों हरगोविंद कुशवाहा जिंदाबाद, ओबीसी संघ जिंदाबाद के नारों के साथ उनका स्वागत किया। ओबीसी संघ के लोगों ने राज्यमंत्री को अवगत काराया कि कालपी नगर महर्षि वेदव्यास की तपोस्थली है। जिन्होंने चारों वेद, पुराण, गीता, महाभारत इतियादि को लिखा है और हमारे ऐसे विद्वान महापुरुष की तपोस्थली होने के बाबजूद भी शहर में उनका कही नाम नहीं है उनके नाम से शहर का नाम रेलवे स्टेशन का नाम, बस स्टेशन का नाम रखा जाना चाहिए। इसीक्रम में ओबीसी संघ के संयोजक एड. दीपचंद्र सैनी वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि कालपी कस्बा ही नहीं कालपी

रास्ता खराब होने से राज्यमंत्री सूर्य मंदिर की दुर्दशा नहीं देख सके

इसके बाद वह खुद वेदव्यास मंदिर पहुंचे लोगों से रूबरू हुये फिर उन्होंने सूर्य मंदिर जाना चाहा परंतु रास्ता खराब होने से वहां पहुंच नहीं सके इसके बाद वह परासन गांव में ऋषि पराशर के आश्रम पहुंचे जहां रास्तों को देखकर खुद अफसोस में पड़ गए कि यह क्षेत्र तो लगता है कि आज भी आजादी से पूर्व की दशा बोल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे महर्षियों की तपोस्थली जो धूल के गर्त में दुर्दशा की शिकार हो चुकी है जिसमें सूर्य मंदिर भी शामिल उसको लेकर वह सूबे के मुखिया योगी को अवगत करायें ताकि ऐतिहासिक स्थलों का जीर्णोद्धार सुनिश्चित कराया जा सके ताकि आने वाले समय में यह स्थल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर सके।

तहसील क्षेत्र के गांव परासन में वेद व्यास जी के पिता ऋषि पराशर जी का सिद्ध स्थान है जहां से लाखों लोगों को श्रद्धा है परंतु बड़ी विडंबना है कि आज तक किसी भी राजनैतिक दल के द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों की ओर ध्यान तक नहीं दिया परासर मंदिर वेद व्यास मंदिर जहां जीर्णशीर्ण हो रहे हैं वही रास्ते तो कीचड़ से पटे हुये हैं कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधयों को अव गत कराया गया परंतु किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया एक ओर जहां भाजपा आयोध्या में करोड़ों की लागत से राम मंदिर बनवा रही है वहीं पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के कुल गुरु वशिष्ठ के आश्रम की ओर ध्यान न दिया जाना चिंतनीय है इतना ही नहीं कालप्रिय काशी विश्वनाथ की नगरी छोटी काशी से विख्यात कालपी में सूर्य मंदिर भी है जहां यदि कालपी शहर को जोड़ने वाला मार्ग विकसित हो जाय तो विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी बढ़ जाये। लेकिन दुर्भाग्य है कि रास्ता सुगम न होने के चलते लोग आते तो हैं परंतु जब यहां आते हैं और यहां के ऐतिहासिक जगहों पर जाते हैं तो पाते हैं कि अभी भी यह क्षेत्र उपेक्षा का ही शिकार है। हालांकि जनपद की जिलाधिकारी चांदनी सिंह का प्रयास तो है कि शहर कालपी में वेद व्यास पार्क बन जाये जिसके लिए जगह भी तलाश की जा रही है अब कब तक यह मूर्त रूप में आ पाएगा यह समय ही बताएगा। विभिन्न विकास संबंधी समस्याओं को सुनने के बाद राज्यमंत्री ने मांगों को सुना और शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को अवगत कराकर उनका विकास कराने का आश्वासन भी दिया। उनको समस्याओं से अवगत कराने वालों में अरविंद राठौर जिलाध्यक्ष राठौर समाज, दीप चंद्र सैनी जिलाध्यक्ष सैनी समाज, वीर सिंह बघेल, वेद व्यास के वंशज राम बिहारी निषाद, माता प्रसाद निषाद, संजय सविता, फूल सिंह कुशवाहा, राज पाल प्रजापति, गोलू विश्वकर्मा, सौरभ निरंजन, संजीव निरंजन आदि लोग मौजूद रहे।

उत्साह उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव, बेटियों को बचाने पढ़ाने का लिया संकल्प

- सीएचसी बेहजम, कुंभी (गोला) ने मनाया कन्याओं का जन्मोत्सव

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से भ्रूण हत्या व बाल लिंग अनुपात में सुधार को लेकर गत दिवस को सीएचसी पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए।

प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में एमओआईसी ने नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट का वितरण किया। एमओआईसी ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देश, समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाएं। बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इस दौरान प्रचार-प्रसार पंपलेट आदि वितरित किए। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंभी

(गोला) सहित अन्य सीएचसी में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों के साथ नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट प्रदान की।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ योजना के तहत महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिलेभर में बेटियों के बचाने, पढ़ाने का संकल्प लिया गया।सभी को संकल्प लिया कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे। कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे। समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे और इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन प्रदान करते रहेंगे।

डायलिसिस कराने के लिए नहीं खर्च करनी पड़ेगी मोटी रकम

सीतापुर जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट मे मशीने बढ़ने से अब नये मरीजों के लिए रजिस्ट्रेशन स्टार्ट हो गए डायलिसिस सेंटर मैनेजर प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि डायलिसिस कराने के लिए मरीजों को सिर्फ अपने किडनी विशेषज्ञ डॉक्टर का पर्चा और ब्लड रिपोर्ट के साथ जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में मरीज डायरेक्ट आकर रजिस्ट्रेशन करा सकते है HCV+ve मरीज भीं करा सकते है अपना रजिस्ट्रेशन जहाँ प्राइवेट अस्पतालों में एक डायलिसिस के लिए मरीजों को 3500 से 4000 खर्च करने पड़ते थे, वही सरकारी अस्पताल मे सरकार की तरफ से फ्री में डायलिसिस सुविधा दी जा रही है।

रामपाल यादव को जिला प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

- कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर अपने नेता का किया जोरदार स्वागत

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

मानपुर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा पूर्व विधायक विसवां रामपाल यादव को सीतापुर लोक-सभा क्षेत्र का पार्टी प्रभारी बनाये जाने के बाद मानपुर कस्बे के प्रथम आगमन पर पूर्व विधायक रामपाल यादव का स्वागत करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रामपाल यादव को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया बताते चलें आज दिनांक 17 जुलाई दिन सोमवार को मानपुर चौराहे पर 30 लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक माननीय रामपाल यादव जी का भव्य स्वागत किया गया स्वागत करने आए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक रामपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई आपने चरम पर है सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं छुट्टा पशुओं द्वारा किसानों की फसलें नष्ट की जारही हैं दिन दहाड़े महिलाओं बेटियों के साथ बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं गरीबों के घर पर बुलडोजर चलवा कर उन्हें उजाड़ा जा रहा है इस मौके पर लोकदल के जिलाध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया, स्वागत समारोह के अवसर पर युवा नेता अनुज यादव,प्रधान प्रतिनिधि कौशल यादव, जुझारू सपा नेता मार्कंडेय यादव, रामसेवक यादव प्रतिनिधि सदस्य जिला पंचायत,व ग्राम प्रधान, पूर्व सदस्य जिला पंचायत मुर्तजा अली अंसारी , दीपेन्द्र वर्मा पूर्व उप ब्लाक प्रमुख,रफीक उल्ला खान, वरुण यादव, पूर्व प्रधान हरेश यादव, पूर्व प्रधान दयाराम यादव, पूर्व प्रधान सत्रोहनलाल यादव ,विनोद विमल, बृजलाल सिंह यादव वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी, युवा सपा नेता आरिफ खान जय सिंह यादव, पूर्व प्रधान नंदकिशोर यादव, पूर्व प्रधान राजेश यादव, हिमांशु वर्मा कल्हापुर (दीपू)बीडीसी,शाबान खान बीडीसी, रामऔतार भार्गव पूर्व प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत, इस्तखार अली अंसारी पूर्व प्रधान तेवला, महेश प्रसाद यादव, मुबारक अली अंसारी, रामप्रसाद यादव नसीरपुर, सपा नेता संतरामयादवपड़रिया ,सोहनलाल गौतम, आदि काफी संख्या में जनता व समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे

शांति देवी मानव सेवा समिति ने वृक्षारोपण कर जागरूकता अभियान चलाया

बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज। शांति देवी मानव सेवा समिति शुक्लापुर कटिया के द्वारा पांच सौ पौधो का वृक्षारोपण किया गया । संस्था कटिया के प्रबंधक सुधाकर शुक्ला व अन्य पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर पंचवटी के वृक्षों को लगाकर वनों के बारे में जागरूकता अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया। संस्था के प्रबंधक ने बताया कि यह एक वार्षिक वृक्षारोपण उत्सव है, जिसमें पूरे देश में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। वन महोत्सव पर लोग पौधे लगाते हैं और अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित करते हैं कि वो सब मिलकर विभिन्न वृक्षारोपण अभियान भी चलाए । संस्था ने बताया हम पदाधिकारी गण प्रत्येक वर्ष पूरे तहसील बिसवां क्षेत्र में वृक्षारोपण करने का कार्य करते हैं एवं समाजहित के लिये कार्य कर रहे हैं । ५एक कदम मानवता की ओर ५के संकल्प के साथ इस अभियान के अंतर्गत लगभग 500 दोनों का पौधा रोपण किया गया । इस अभियान के राजेश भार्गव समीर वर्मा राहुल पांडे अखिलेश शास्त्री शुभम शुक्ला अरुण मिश्रा सहित तमाम पदाधिकारियों ने सभा की । वृक्षारोपण प्रमुख रूप से बिसवाँ ब्लाक के अंतर्गत ग्राम शुक्ला पुर कटिया एवं बड़ेला तथा सकरन ब्लाक के अंतर्गत पक्का तालाब महाराज नगर के प्रांगण में किया गया ।

सूचना

मैंने अपने छोटे पुत्र आशीष कुमार सिंह। जो मेरा कहा नहीं मानते। गाली गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग कर आए दिन मुझे तंग करते हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे।

अनिल कुमार पुत्र रणवीर सिंह व कान्ती देवी पत्नी अनिल कुमार निवासीगण भदेड़ थाना गोला जिला लखीमपुर खीरी।

सूचना

मैंने अपने पुत्र आलोक कुमार पुत्र इंद्रपाल निवासी ग्राम अम्बुआपुर पो0 गोपालापुर जिला खीरी जो अविवाहित है और अपराधिक किस्म का व्यक्ति हैं। जो मेरा कहा नहीं मानते। गाली गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग कर आए दिन मुझे तंग करते हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे।

इंद्रपाल पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम अम्बुआपुर पो0 गोपालापुर जिला लखीमपुर खीरी।

महापौर ने किया रामकोट वार्ड में विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को नगर महासफाई अभियान के अन्तर्गत अयोध्या धाम जोन के रामकोट वार्ड में चलाये जा रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया।क्षेत्रीय पार्षद चमेला देवी के साथ निगम के अधिकारियों ने वार्ड का भ्रमण करते हुए सफाई अभियान की कार्यवाही का निरीक्षण किया तथा भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों से भी निगम द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।क्षेत्रीय पार्षद के सहयोग से वृक्षारोपण हेतु स्थल चिन्हित करते हुए वृक्षारोपण कराये जाने हेतु निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा निगम के अन्य 09 वार्डो अभिरामदास, साकेतनगर,निषादराज नगर, अवैद्यनाथ,अवधपुरी,कल्याण सिंह,बड़ी देवकाली,अमानीगंज तथा महात्मा गांधी वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाकर जी0वी0पी0 आदि की सफाई करायी गयी।उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा दिनांक 14 जुलाई से 21 जुलाई तक वार्डो में वृहद सफाई अभियान चलाकर जी0वी0पी0 गार्बेज वल्नेवर प्वाइन्ट को विलोपित किये जाने व जल भराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी व विसंक्रमण अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। इसके अतिरिक्त रिक्त कराये गये जी0वी0प्वाइन्ट पर वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश दिए गये है। महापौर श्री त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि अयोध्या को स्वच्छ एवं सुन्दर स्वरूप में परिवर्तित किये जाने हेतु निगम कृत संकल्पित है। इस हेतु निगम द्वारा वार्डो में वृहद स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।इसमें वार्डो में कूडे के संग्रहण से निर्मित जी0वी0पी0 प्वाइन्ट को चिन्हित करते हुए सफाई का कार्य कराया जा रहा है।आम जन से अपने आसपास स्वच्छता रखने व कूड़े को इधर उधर न फेंकने व घरों से निकलने वाल कूड़े को डोर टू डोर में लगे सफाई मित्रों को देने की अपील की गयी।व्यवसायी बन्धुओं से भी अपने प्रतिष्ठान पर एक डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने की अपील की गयी,जिससे नगर स्वच्छ एवं सुन्दर हो सके। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विजेंद्र वर्मा आदि अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पीड़ित परिवार से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के नेतृत्व में पिठला पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मिल्कीपुर तहसील के नगर पंचायत कुमारगंज के वार्ड पिठला निवासी अब्दुल मजीद सहित परिवार के 11 लोग विगत एक सप्ताह पूर्व हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली से लापता हैं।ये सभी लोग बीती सात जुलाई को कुमारगंज थाना अंतर्गत पिढला से हिमाचल के लिए रवाना हुए थे।आठ जुलाई को चंडीगढ़ से बस द्वारा मनाली जा रहे थे उसी रात भारी वर्षा,भूस्खलन व बादल फटने में कई बसें गहरी खाई में गिर गई थी।परिवार को आशंका है कि यह सभी 11 लोग भी उसी खाई में गिर गए हैं।जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज़िलाध्यक्ष श्री यादव व बीकापुर विधानसभा से सपा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज़ खान गब्बर के नेतृत्व में परिवार से मिलकर पूरे मामले की जानकारी लेते हुए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। परिवार का आरोप है कि प्रशासन सही ढंग से इनकी मदद नहीं कर रहा है।ज़िलाध्यक्ष श्री यादव ने मांग की है कि प्रशासन के आला अधिकारियों को इस घटना को प्रमुखता से संज्ञान में लेते हुए हिमाचल सरकार के अधिकारियों से वार्ता कर पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ी घटना है।एक परिवार के एक साथ 11 लोगों का लापता हो जाना दुखदाई है।शीघ्र ही पूरे प्रकरण को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष भी रखा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में सपा ज़िलाध्यक्ष पारसनाथ यादव,पूर्व बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी हाजी फिरोज़ खान गब्बर,ज़िला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद,ज़िला उपाध्यक्ष रामजी पाल,जिला सचिव आजाद सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार में शामिल हुए 57 अभ्यर्थी

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार के दूसरे दिन मंगलवार को श्रीराम शलभ भवन में फिजिक्स,मैथमेटिक्स, जुलॉजी,कमेस्ट्री व बॉटनी विषय के अभ्यर्थियों का प्रवेश साक्षात्कार हुआ।इसमें 64 अभ्यर्थियों में से 57 ने प्रवेश साक्षात्कार में हिस्सा लिया। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फार्रूख जमाल ने बताया कि परिसर के श्रीराम शलभ भवन में पूर्वाह्न 10 बजे पीएचडी प्रवेश की साक्षात्कार प्रक्रिया शुरू की गई।

मोटे अनाज सेहत के लिए जरूरी, वितरित किये गए निःशुल्क बीज

रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

जौ बाजरा मक्का कोदो आदि अनाजों का सेवन मानव समाज के लिये बहुत ही हितकर है।इसीलिये इसका उपयोग सभी के घरो मे किया जाता था।जिससे स्वस्थ रहते थे।यह बात ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने ब्लाक सभागार में कृषि विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री अन्न योजना के तहत समूह की महिलाओं को निशुल्क बीज किट वितरित करते हुये व्यक्त किया।मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मोटे अनाज के उत्पादन और सेवन पर जोर दिया जा रहा है श्री अन्न योजना के नाम से इसका शुभारंभ किया गया है अधिक से अधिक लोग मोटे अनाजों का उत्पादन करें।जिससे बाजारों में भी बिक्री किया जा सके और लोग स्वयं इसका सेवन करें।वहा उपस्थित समूह की महिलाओं से अपील करते हुए ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी ने कहा कि आप सभी लोग स्वयं अपने अपने खेतों में मोटा अनाज पैदा करें।अपने आसपास तथा गांवो में लोगों को इसके लिए प्रेरित करें।देश और प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गांव के अंतिम छोर में बैठे एक एक व्यक्ति की चिंता है।इस कार्यक्रम में ए डी ओ पी पी अनिल सिंह ए डी ओ कृषि धर्मराज सिंह रविंद्र कुमार एडीओ आईएसबी जयराम बाल्मीकि प्रदीप कुमार वर्मा रजत वर्मा हरीकिशोर कुलदीप दीक्षित आदि लोग उपस्थित थे इस कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार मिश्रा बब्बू ने किया।

ग्रामीण क्षेत्र में 20 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा फेल, खराब ट्रांसफार्मर नहीं हुए ठीक

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा भले ही उत्तर प्रदेश सरकार कर रही हो लेकिन नुमाइंदों की लापरवाही इस दावे पर सवालिया निशान खड़े कर रही है। पिछले 5 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है और लोग भीषण गर्मी मे त्राहि त्राहि कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही खुलकर सामने आ रही है जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल करवाने एवं लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। हैदरगढ़ विकासखंड के महाराजपुर मजरे उमरवल किरसिया के लगभग डेढ़ दर्जन उपभोक्ताओं को विद्युत उपकेंद्र सुबेहा के पलिया फीडर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। बिजली उपभोक्ता बृजेश तिवारी राधेश्याम नंदलाल धोबी राम लखन धोबी राम सुमिरन धोबी छोटेलाल मास्टर राकेश यादव हरिशंकर तिवारी हरि नारायण तिवारी गिरीश कुमार ताज मोहम्मद सुशील कुमार आदि ने बताया कि पिछले शुक्रवार को ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के चलते गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो चुकी है । जिसकी सूचना भी क्षेत्रीय लाइनमैन से लेकर अधिकारियों को दी गई फिर भी आज तक ट्रांसफार्मर बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं कराई जा सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां सरकार एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कृत संकल्पित है वही लापरवाह विभागीय नुमाइंदे सरकार की छवि को दाग लगाने का काम कर रहे हैं।

खबरें एक नजर में

22 वर्षों से चल रहा सम्पत्ति विवाद सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थापित मध्यस्थता केन्द्र में संतोष सिंह व गोविन्द सिंह बनाम कल्यान सिंह, जसमीत सिंह, मनमीत सिंह, रवीन्दर का मामला वास्ते पारिवारिक सम्पत्ति के आपसी बंटवारे के सम्बन्ध में सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराया गया है। यह वाद निस्तारण हेतु सात जून को दर्ज किया गया था और मंगलवार को सुलह समझौता के आधार पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केन्द्र में नियुक्त मध्यस्थ ओपी सिंह के द्वारा निस्तारण करते हुये मामले में आपसी सुलह समझौता के आधार पर सम्पत्ति के बंटवारे को निस्तारित किया गया। पक्षकारों में पिछले 22 वर्षो से सम्पत्ति के बंटवारे का विवाद चल रहा था जो सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारित किया गया जिससे परिवार पुनः एक साथ हो गया व पक्षकारों में आपसी सौहार्द कायम हो गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नाजनीन बानो द्वारा बताया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थापित मध्यस्थता केन्द्र में लोगो के सुलह समझौता होने योग्य मामलों को सुलह के माध्यम से निस्तारित किया जाता है जिससे पक्षकार न्यायालय की लम्बी प्रक्रिया से बच जाते है एवं दोनों पक्षों के धन व समय की भी बचत होती है। आज पिछले 22 वर्षो से एक परिवार के सम्पत्ति के बंटवारे को आपसी सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारित किया गया है इससे परिवार के मध्य आपसी मेलजोल पुनः कायम हो गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा मामले जो सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारित किये जा सकते है उनको सुलह के माध्यम से निस्तारित किया जाये।

तीन दिवसीय रोजा जलसा शुहदा ए इस्लाम का होगा भव्य आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी। शुहदा ए इस्लाम कमेटी द्वारा नगर के घोसियाना वार्ड स्थित वसीम घोसी के मैदान में तीन दिवसीय रोजा जलसा शुहदा ए इस्लाम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें इस्लाम धर्म से संबंधित धर्म अनुरागियो द्वारा आगंतुकों को संबोधित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार शुहदा ए इस्लाम कमेटी के अध्यक्ष फिरोज आलम उर्फ़ भांजे भाई बताया कि 20 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले इस जलसे में मौलाना अजमत अली साहब नदवी मौलाना मोहम्मद अयूब मैनेजर हसन इस्लामिया पब्लिक स्कूल हैदरगढ़ मौलाना मोहम्मद रियाज, मोहम्मद अबरार मुफ्ती रहीम कारी मोहम्मद रियाज मोहम्मद अब्बास, असद आज़मी, कौसर नदवी सहित कई जिलों के मौलाना शिरकत करेंगे। कमेटी के सदस्य के रूप में भांजे भाई के साथ साथ हसीर खान मोहम्मद शादाब कुरेशी मोहम्मद शब्बीर कुरेशी नावेद लाला आदि लोग शामिल हैं।

जेके सीमेंट कंपनी ने ग्राहकों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। लोगों में निर्माण सामग्री उपयोग को लेकर जागरूकता लाने के लिए जेके सीमेंट कंपनी के द्वारा रवि वर्मा के संस्थान पर कोटवाधाम में गोष्ठी का आयोजन कर लोगो को जागरूक करते हुए पुराने ग्राहकों को लंच बॉक्स टिफिन बाल्टी कूलर आदि पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंगलवार को वर्मा ट्रेडर्स पर आयोजित गोष्ठी में जेके सीमेंट के इंजीनियर हिमांशु दुबे अजय तिवारी आदर्श यादव कुलदीप वर्मा ने उपस्थित सैकड़ों ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्माण के समय उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री की मात्रा एवं गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए जिससे निर्माण टिकाऊ और मजबूत बने। ग्राहकों से सीमेंट के उपयोग के बाद की फीडबैक भी लिया।जेके सीमेंट कंपनी के द्वारा वर्मा ट्रेडर्स प्रोपराइटर रवि वर्मा के स्थान पर 70 ग्राहकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

गुलालझरिया गांव में अज्ञात कारणों से युवती ने लगाई फांसी, हुई मौत, परिजनों का रोरोकर बुरा हाल

दुद्धी सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के गुलालझरिया गांव में मंगलवार की सुबह तकरीबन साढ़े 9 बजे एक आदिवासी युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुँची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम प्रधान त्रिभुवन यादव ने बताया कि गुलालझरिया के कुड़ियादामर टोला निवासी एक 21 वर्षीय युवती मंजू गोंड पुत्री राम विचार गोंड आज सुबह घर में सब्जी बना रही थी उधर माँ खेत में कोड़ाई कर रही थी, कि इसी दरमियान परिजनों ने जब युवती को आवाज दिया तो कोई जबाब ना पाकर रसोई में जाकर देखा तो पास के कमरे में बरेड से दुप्पटे के सहारे युवती का शव लटक रहा था जैसे ही घर के सदस्यों को इसकी जानकारी हुई तो सभी दहाड़े मार कर रोने लगे ,युवती ने फांसी किन परिस्थितियों में लगाई है इसका पता नहीं चल पाया है ,पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। युवती के पिता खेती किसानी करते हैं। युवती अविवाहित थी।

झारोखुर्द गांव में विषैले जंतु के काटने से एक युवक हुआ अचेत, सीएचसी में इलाज जारी

दुद्धी सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र के झारोखुर्द गांव में विषैले जंतु के काटने से एक युवक अचेत हो गया है। जानकारी के अनुसार झारोखुर्द गांव निवासी 18 वर्षीय अजय कुमार पुत्र मंगरु आज अपने खेत मे हल व बैल की सहायता से जुताई कर रहा था कि किसी विषैले जंतु ने काट लिया जिससे ऊक्त युवक अचेत हो गया। अचेतावस्था में आनन फानन में इलाज हेतु परिजनों ने एम्बुलेंस की सहायता से दुद्धी सीएचसी में लाया गया जहाँ इलाज चल रहा है।

नवनियुक्त प्राचार्य ने पदग्रहण के साथ ही स्पष्ट संदेश

सिकरीगंज गोरखपुर। बाबू विश्राम सिंह महाविद्यालय रोहारी सिकरीगंज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. दीपक प्रताप सिंह ने नवीन सत्र 2023 -24 के आरम्भ के पूर्व विभागवार बैठकों में समस्त विभागाध्यक्षों, समितियों ,प्राध्यापकों,कर्मचारियों के साथ क्रमवार संवाद कर के महाविद्यालय के शैक्षिक उन्नयन और विद्यार्थी हितों में लिए जाने योग्य निर्णयों पर चर्चा की।उन्होंने नए सत्र के आरम्भ से ही वर्ष भर के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों हेतु कार्यक्रम जारी करने के साथ ही प्रशासनिक और अनुशासन संबंधी दिशानिर्देश जारी करते हुए प्राध्यापकों को महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौपे। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिसर में उच्चस्तरीय शिक्षण कार्य के साथ ही अनुशासन के हर पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा।जिससे परिसर में आने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कड़े अनुशासन से शैक्षणिक वातावरण में पढ़ाई लिखाई हेतु अनुकूल माहौल परिलक्षित हो।

फसल बीमा योजना की कार्य योजना जारी,बीमा कम्पनी नामित

बाराबंकी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा खरीफ एवं रबी मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की कार्ययोजना जारी की गई है। योजना को जनपद में संचालित करने हेतु इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लि0 को नामित किया गया है। कृषक भाइयों को अवगत कराना है कि जनपद में संचालित की जा रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अवर्षण प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से फसलों की क्षति की निम्न स्थितियों में बीमा कवरेज अनुमन्य है। प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से ग्राम पंचायत में अधिकांश क्षेत्र में फसलों की बुवाई न कर पाने / असफल बुवाई की स्थिति । फसल की मध्य अवस्था तक प्रतिकूल मौसमीय स्थितियों से ग्राम पंचायत में फसल की सम्भावित उपज में 50त्न से अधिक की क्षति की स्थिति। फसल कटाई के उपरान्त आगामी 14 दिन की अवधि तक खेत में सुखाई हेतु रखी फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम / चक्रवाती वर्षो से नुकसान। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में कृषकों द्वारा खरीफ हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 31 जुलाई, 2023 तक फसलों का बीमा कराया जा सकता है। ऋणी कृषक, जिनका मौसम में अधिसूचित फसल हेतु फसली ऋण स्वीकृत है, की फसलों का बीमा सम्बन्धित बैंक शाखा द्वारा स्वयं किया जाता है। यदि ऋण कृषक फसल बीमा नहीं कराना चाहते हैं तो विलम्बतम दिनांक 24 जुलाई, 2023 तक बैंक को लिखित रूप से सूचित करना होगा, जबकि अन्य सभी कृषक अपनी इच्छानुसार निकटतम बैंक शाखा जन सुविधा केन्द्र / बीमा कंपनी के एजेंट अथवा सीधे फसल बीमा पोर्टल पर फसलों का बीमा करा सकते हैं किसान भाइयों को यह भी अवगत कराना है कि विगत खरीफ, 2022 में 83720 कृषकों द्वारा फसल बीमा कराया गया था जिनमें से 55342 कृषकों को रु0 4485.58 लाख का क्लेम भुगतान प्राप्त हुआ है।

घटते भूजल स्तर की जागरूकता के लिए छात्र- छात्राओं ने निकाली जल यात्रा

रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

यूनियन इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भूजल सप्ताह के अंतर्गत जल यात्रा निकालकर लोगों को घटते जलस्तर के मद्देनजर जल संरक्षण करने पर जागरूक करने का बा खूबी काम किया।मालूम हो कि जनहित कल्याण सेवा समिति लोधौरा महादेवा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा सचिव मोनू भास्कर के संयोजन में यूनियन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंह डीएफओ रुस्तम परवेज वन क्षेत्राधिकारी सुबोध शुक्ला कालेज के प्राध्यापकों व हजारों की तादाद में छात्र छात्राओं ने यूनियन इंटर कॉलेज से जल यात्रा निकाल कर छात्र-छात्राएं अपने हाथों में जल है तो कल है जल ही जीवन है सहित एक एक पौधा हाथ मे लेकर तमाम स्लोगन लिखे बैनर के साथ कस्बे का भ्रमण कर पी.जी. कॉलेज रामनगर पर छात्र-छात्राएं पहुंची।डिग्री कॉलेज परिसर में कार्यक्रम भी हुआ।लेकिन चिलचिलाती धूप में करीब डेढ़ किलोमीटर का लंबा सफर तयकर डिग्री कॉलेज पहुंची छात्र-छात्राओं के हलक प्यास से सूख रहे थे।आयोजकों ने उनके जलपान अथवा पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं की थी जिसके चलते तमाम छात्र छात्राएं पौधे हाथ में लेकर बीच कार्यक्रम से ही मायूस होकर लौट आये जिन पौधौ को वह लेकर गये थे वह भी वापसी मे अर्ध मूछित हो चुके थे।यहा पर बात इतनी ही नही है डिग्री कॉलेज में परीक्षाएं भी चल रही थी रैली के पहुंचने पर परीक्षाओं में भी व्यवधान अवश्य पहुंचा होगा समाज को फायदा के बजाय नुकसान हो ऐसै कार्यक्रम परीक्षा के दृष्टिगत उचित नही बताये जा रहे थे।इस संबंध में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ कौशलेंद्र विक्रम मिश्र का कहना है कि यह कार्यक्रम प्रशासन द्वारा पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम था परीक्षाएं जरूर चल रही थी लेकिन राष्ट्रहित में कुछ ऐसी चीजें होती हैं जिन्हें ना चाहते हुए भी करना पड़ता है।यूनियन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंह का कहना है भूगर्भ जल विभाग के निदेशक की चिट्ठी आई थी इसीलिए स्कूल के बच्चों व हम लोगों की सहभागिता रही है।

जल जंगल जमीन के लिए दिया एक दिवसीय धरना

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

- **कलेक्ट्रेट परिसर में महामहिम राष्ट्रपति नामित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि को सौंपा**
- **21 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना देकर बुलंद की आवाज**

कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक भी उसी धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के पदाधिकारियों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति नामित ज्ञापन संबंधित जिलाधिकारी बाबू को सौप कर बुलंद की आवाज । अध्यक्ष भगवान दास ने बताया कि भारत के विभिन्न राज्यों में निवास करने वाले आदिवासीयों की संस्कृति और पहचान समाप्त करने के लिए एवं विकास के नाम पर जल, जंगल और जमीन से बेदखल करने के लिए बनाये जा रहे संसद द्वारा असंवैधानिक कानूनों पर तत्काल रोक लगाकर, संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार अधिकार सुनिश्चित किया जाए वही उन्हों ने कहा कि उपरोक्त विषय के अंतर्गत निवेदन है कि संविधान में आदिवासी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में पहचान प्राप्त है और इसी पहचान के आधार पर तमाम प्रकार की सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक, राजनितिक, सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करने के लिए विभिन्न अनुच्छेदों और अनुसूचियों में अधिकार प्राप्त है। विडंबना यह है कि जिन तमाम विदेशी आक्रमणकारियों से लड़ते हुए गुलाम भारत में आदिवासी महापुरुषों ने जल, जंगल, जमीन और अपनी संस्कृति को सुरक्षित करने के लिए जान की बाजी लगाई थी, लेकिन तथाकथित 1947 को मिली आजादी और हमें 1950 में मिले अधिकारों के बावजूद विकास के नाम पर, पर्यावरण संरक्षण के नाम एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण के नाम पर आदिवासीयों को उनके जल, जंगज और जमीन से विस्थापित किया गया और उनका पुर्नवास करने का कोई ईमानदार प्रयास नहीं हुआ। जबकी संविधान में अनुच्छेद 244 के तहत अनुसूची 5 और 6 में उल्लेख है कि इन क्षेत्रों में केंद्रिय या राज्य सरकार को दखल देने का अधिकार नहीं होगा। बल्कि जनजाति मंत्रणापरिषद की स्थापनाकर वही विकास की सारी संभावनाओं को जमीन पर उतारने का काम करें और उसका नियंत्रण प्रदेश में राज्यपाल और देश में राष्ट्रपति के अधीन होगा। लेकिन संवैधानिक व्यवस्था के विरोध में राज्य और केंद्र की सरकारे लगातार आदिवासीयों के विरोध में कानून बनाकर आदिवासियों को बेदखल करने का काम कर रही है। इसलिए देशभर के लाखों जनजातियों के सामाजिक संगठनों में आक्रोश होने से उन्हें ओदालन करना पड़ रहा है और हम संगठनों ने अपनी बुनियादी और जायज मांगों को एकत्रित कर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह कदम उठाया है। हमारी निम्नलिखित मागे है कृपया आप संविधान के दायरे में रहकर हमारी मांगो पर विचार कर उचित कार्यवाही करें। कॉमन सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) लागू करने का कानून बनाकर आदिवासीयों को मिली अलग आदिवासी पहचान को खत्म करके उन्हें हिन्दू बनाने की साजिश की जा रही है। इससे आदिवासीयों का कस्टमरी लॉ, पृथक संवैधानिक पहचान एवम् तमाम तरह के संवैधानिक अधिकर खत्म होने का खतरा पैदा हो जायेगा, इसके विरोध में। वकास के नाम पर, पर्यावरण संरक्षण के नाम पर एवम् वन्य प्राणियों के संरक्षण के नाम पर आदिवासीयों को जल, जंगल और जमीन से विस्थापित करने एवम् उनकी रोजीरोटी छिनने का षड्यंत्र किया जा रहा है।

आर्यावर्त बैंक की सतरिख शाखा में हुआ बीमा दावा का भुगतान



बाराबंकी। आर्यावर्त बैंक के सतरिख शाखा में क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति के तीन लाभार्थियों के बीच दो - दो लाख की बीमा दावा राशि का चेक वितरित किया गया । उपस्थित ग्राहकों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे बीमा योजनाओं की सरलता एवं विशेषताओं के बारे विस्तृत जानकारी भी दी गयी जिसमे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति में मात्र रू0 436/- एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में मात्र रु0 20/- में एक वर्ष के लिए रू0 2.00 लाख का कवर दिया जाता है साथ ही उन्होंने बीमा दावा प्रक्रिया, एन पी ए हो चुके ऋण खातों का एक मुस्त निपटान के बारे में भी लोगों को अवगत कराया । कार्यक्रम में सतरिख नगर परिषद चेयरमैन रेहान कामिल के द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना को घर घर तक पहुंचाने में बैंक द्वारा किये जा प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी 7 कार्यक्रम में वरिष्ट प्रबंधक राजीव सिंह, शाखा के समस्त स्टाफ सदस्य गण एवं बैंक मित्र भी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने पंडित गणेश प्रसाद मिश्र की 99 वीं जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया चौपाल का आयोजन

महोबा। समृद्धि न्यूज

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात/ जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह नें अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के पहले दिन पंडित गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा जनपद महोबा में पूज्य दद्दा जी पंडित गणेश प्रसाद मिश्र की 99 वीं जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत मंत्री जी नें विभिन्न विभागों के लाभर्थियों को बीज, वृक्ष, आवास, राशन कार्ड,पेंशन कार्ड आदि का वितरण जिलाधिकारी मनोज कुमार की मौजूदगी में किया।

तत्पश्चात मंत्री जी नें किसान मेला में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी तथा किसानों की समस्याओं का अवलोकन किया। तदोपरांत चौपाल में भारी संख्या में उपस्थित लोगों की जनसमस्याएं सुनी व उनके शीघ्र निवारण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया। इस

अवसर पर प्रभारी मंत्री नें कहा कि सभी ग्रामवासी सरकार के द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। इसके पश्चात् प्रभारी मंत्री नें जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारिओं के साथ वृक्षारोपण तथा पंडित गणेश प्रसाद मिश्र मार्ग का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सांसद हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल,एमएलसी/जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जितेंद्र सिंह सेंगर, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी अनुरागी जी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के आदेश भी गौशालाओं में बन्द नहीं किये गए अन्ना पशु

पनवाड़ी/महोबा। समृद्धि न्यूज

विकास खण्ड की 64 ग्राम पंचायतों में शासन की ओर से लगभग आधा सैकड़ा गौशालाएं स्थापित कराई गई थीं. कृषकों द्वारा खरीब की फसल बुबाई के समय जिलाधिकारी ने आदेश दिये थे. कि सभी अन्ना पशुओं को ग्राम पंचायतें अपनी अपनी गौशालाओं में बन्द करें. ताकि कृषकों की फसल अन्ना पशुओं के द्वारा उजड़ने से सुरक्षित रह सके. कृषकों द्वारा फसल बोने के बाद भी अन्ना पशु खेतों में घुस फसलों को उजाड़ रहे हैं.

बताते चलें खरीब की फसल को कृषकों द्वारा बुबाई करे करीब एक माह बीत गया. फसलें भी उपज के हिसाब से दिखने लगीं हैं. फसल देख एक ओर कृषक उत्साहित है. वहीं दूसरी ओर सम्पूर्ण विकास खण्ड में अन्ना पशुओं के भारी संख्या के झुंडों के विचरण कर खेतों में घुस उजाड़ करने से कृषक पूरी-पूरी रात्रि फसलों की रखवाली करने में लगा हुआ है. वहीं दूसरी ओर फसल बोने के समय जिलाधिकारी ने सभी गौशालाओं में अन्ना पशुओं को बंद करने के आदेश दिये थे. पंचायतों के जिम्मेदारों पर जिलाधिकारी का आदेश बेअसर साबित हो रहा है. अन्ना पशुओं से कृषकों के अलावा राहगीर एवं वाहन चालक भी त्रस्त बने हुए हैं. अधिकांश अन्ना पशु हाइवे की सड़कों पर झुण्ड के झुण्ड बनाकर बैठने से वाहन चालक रात्रि में भ्रमित होकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं. इस समस्या पर अगर जिम्मेदार ना चेते अन्ना पशुओं को गौशालाओं में बंद नहीं किया गया तो कभी भी कृषकों का आक्रोश फूटकर सड़कों पर आ सकता है. जागरूक कृषकों ने समाचार के माध्यम से जिलाधिकारी से माँग की है. कि शीघ्र अन्ना पशुओं को विकास खण्ड में बनी गौशालाओं में बंद कराया जाए!

खबरें एक नजर में

पान कुंअर इण्टरनेशनल स्कूल में हुआ समारोह का आयोजन

इटावा। जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 की यूनिट एक की द्वितीय यूनिट काउन्सिल मीट, पी पी फोरम मीट एवं नवीन जायण्टस ग्रुप आफ इटावा प्लेटिनम का प्रथम अधिष्ठापन समारोह का आयोजन पान कुंअर इण्टरनेशनल स्कूल मानिकपुर वाईपास रोड़ इटावा में डा. कैलाश यादव के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। कार्य क्रम की अध्यक्षता यूनिट निदेशक आशा अवस्थी ने की। समारोह का संचालन फेडरेशन सचिव विमल कुमार सिंह ने किया।? मुख्य अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव सदस्य विशेष समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन, एवं अति विशिष्ट अतिथि ऊषा यादव अध्यक्ष फेडरेशन 5 ने मां सरस्वती की अर्चना एवं जायण्ट्स दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। आयोजक मंडल ने समस्त मन्यासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए अंग वस्त्र भेंट किये। *डॉ कैलाश यादव ने शब्द माला के साथ सभी का स्वागत वन्दन एवं अभिनन्दन किया। फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव ने कहा कि जितने ज्यादा समूह एवं सदस्य होंगे उतनी ज्यादा समाज सेवा होगी। मुख्य अतिथि डॉ शिवराज सिंह यादव ने कहा कि सौहार्द संस्कार सेवा में आत्मिक सुखानुभूति ही जायण्ट्स का मूल मंत्र है। सम्मेलन में आशा अवस्थी, संगीता तिवारी, विष्णु सिंह, राखी मित्तल, के पी सिंह शावय, दीप्ति अवस्थी, बलराज गर्ग, फेडरेशन आफीसर दाऊ दयाल वर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ रामयश सिंह यादव, मनीष सहाय, सुरेंद्र बाबू सविता, देवकुमारी यादव, यासीन आन्सारी, दीप सिंह यादव, राज्दा खातून, सीमा दीक्षित, रिन्सू दीक्षित हेमलता दीक्षित, ने जायण्ट्स के उत्थान हेतु सार्थक सुझाव दिये। अन्त में संयोजक डॉ कैलाश यादव ने समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी डॉ शिवराज सिंह यादव के आवाहन पर मैं स्वय एवं विद्यालय परिवार समाज सेवा के लिए तत्पर रहेगा।

नमामि गंगे द्वारा खोदी गई सड़कों के कीचड़ में गिर-गिर कर निकलने को मजबूर ग्रामवासी

पनवाड़ी/महोबा। विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सिलालपुरा के गांव हैवतपुरा खंगारन में नमामि गंगे योजना से डाली गई पाइप लाइनों से कीचड़युक्त सड़कें होने के कारण ग्रामबासी कीचड़ में चलने को मजबूर हैं ग्रामीणों की बार बार शिकायतों के बाद भी नमामि गंगे विभाग कुंभकर्णीय निंद्रा में बना हुआ है। बताते चलें कि विगत चार माह पूर्व नमामि गंगे योजना द्वारा विकास खण्ड के अनेकों गावों में पाइप लाइनों के जाल बिछाए गए थे. इसी क्रम में ग्राम पंचायत सिलालपुरा के गांव हैवतपुरा खंगारन में पक्की सी.सी. सड़कें तोड़कर विभाग द्वारा पाइप लाइनों के जाल बिछाए गए थे. लाइनें डलने के बाद सड़कों के गड्ढो को मिट्टी से समतल कर विभागीय कर्मचारी रफूचक्कर हो गए. सड़कें ऊबड़ खाबड़ हो जाने से अनगिनत ग्रामवासी गिरकर चोटिल होने लगे, तत्पश्चात बर्षा होने से टूटी सीसी सड़कें कीचड़ युक्त सड़कों में तब्दील हो गईं. जिस कारण मजबूरन ग्रामीणों को कीचड़ से निकलना पड़ रहा है वहीं कीचड़ युक्त सड़कें होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है. जागरूक ग्रामबासी रमेश, सुन्दर, लालदिवान, प्रेमपाल, बाबू, आदि ने आरोप लगाया है कि विभाग द्वारा कागजो में सड़कों की मरम्मत कर उसमे अमलीजामा पहना चुके है. अत- ग्रामवासियों ने उच्च अधिकारियों से उखड़ी सड़कों को दुरुस्त करने की मांग की है!

पुलिस ने विद्यालय से चोरी करने वाले चोर को पकड़ा

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस टीम ने विद्यालय में चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार किया। ज्ञानप्रभा प्रधानाध्यपक पूर्व माध्यमिक विद्यालय गिहारनगर भरथना द्वारा थाना भरथना पर अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय में कमरे व आफिस के ताले तोड़कर कमरों में रखा सामान चोरी किये जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। थाना भरथना पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी प्राप्त आपराधिक अभिसूचना पर आरोपी काशीराम कालोनी गिहारनगर कस्बा व थाना भरथना को काशीराम कालोनी कस्बा भरथना के पास से चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार किया गया।आरोपी के पास से सीपीयू चुराया हुआ, घरेलू गैस सिलेण्डर, पंखा छत वाला, तमन्चा 315 बोर, जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया। इस सफलता में भूपेन्द्र सिंह राठी प्रभारी निरीक्षक थाना भरथना, उ.नि. मोहनवीर, उ.नि. अनिल कुमार, हे.का. रामसिंह, का. शिव कुमार, का. सचिन कुमार, का. विकाश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

राठ (हमीरपुर)। जलालपुर थाने के धौहल गांव के पास सड़क किनारे खेतों में लगे पेड़ों पर एक युवक का शव फांसी पर लटका मिलने से सुनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। जलालपुर थाने के कटेहरी गांव निवासी 35 वर्षीय भरत पुत्र भरोसा यादव ने अपने पड़ोसी गांव धौहल के पास खेतों में लगे महुआ के पेड़ से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि भरत का बीते 4 दिन पहले गांव के ही विक्रम, रामकिशोर व राजेंद्र से मजदूरी मांगने को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद आरोपी लोगों ने भरत के विरुद्ध जलालपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई कराई थी। परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि तीनों आरोपी लोगों ने ही भरत की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या करके शव को फांसी पर लटका दिया है। बताया कि भरत आरोपी लोगों के यहां पर ड्राइवरी की नौकरी करता था। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। थानाध्यक्ष जलालपुर ने बताया घटना की जांच कराई जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

छात्रा 11 की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सुमेरपुर। थानाक्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में मंगलवार को शाम करीब 5 बजे सूना घर पाकर कक्षा 11 की छात्रा ने दुपट्टे से फांसी लगा ली। परिजनों की नजर पड़ी तो उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टेढ़ा गांव निवासी राजकुमार प्रजापति की इकलौती पुत्री अभिलाषा (17) गांव के ही राजकीय इंटर कालेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। मंगलवार को दोपहर 2 बजे स्कूल से वापस आने के बाद शाम करीब 5 बजे सूना घर पाकर अज्ञात कारणों के चलते उसने पीछे के घर में जाकर दुपट्टे से फांसी लगा ली।

पुलिस ने वाहन व मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

इटावा। समृद्धि न्यूज

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना पछायगांव पुलिस टीम ने अन्तर्जनपदीय वाहन एवं मोबाइल चोर गिरोह का सदस्य को गिरफ्तार किया।

थाना पछायगांव पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत चौकी कोरी कुँआ पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैंकिग की जा रही थी तभी आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि इटावा एवं अन्य जनपदों से वाहन एवं मोबाइल चोरी करने वाला व्यक्ति मोटर साइकिल पर सवार होकर उदी की ओर से जनपद आगरा की ओर जा रहा है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार मुच्ची उर्फ रमजानी पुत्र मुन्नू निवासी जाफरगंज फतेहपुर को चौकी कोरी कुँआ से गिरफ्तार किया गया। गये आरोपी की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 5 मोबाइल बरामद किये गये। बरामद मोबाइलों के सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा यह मोबाइल इटावा एवं अन्य जनपदों के विभिन्न स्थानों से चोरी किये गये हैं तथा मोटर साइकिल के बारे में बताया कि यह मोटर साइकिल मेरे द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत नुमाइश पण्डाल से चोरी की गयी थी इसी प्रकार मेरे द्वारा अन्य 2 मोटर साइकिल भी चोरी की गयी है, आरोपी की निशादेही के आधार पर 2 अन्य चोरी की मोटर साइकिल को गाँव बहादुरपुर में यात्री प्रतिक्षालय के पास से बरामद किया गया। इस सफलता में अनुभव चौधरी थानाध्यक्ष पछायगांव, उ.नि. प्रेमचन्द्र, उ.नि. सौरभ राणा, हे.का. प्रेमबाबू, का. रमन कुमार, का. अभिषेक कुमार, का. मंयक शर्मा, का. चालक सोनू चौधरी का सराहनीय योगदान रहा। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिय अधीक्षक द्वारा 5000 रूपये से पुरूस्कृत किया गया।

टप्पेबाजों ने गल्ला व्यापारी के पार किए 13 हजार रुपये

मौदहा। कस्बा के भीड़भाड़ वाले बड़ा चौराहा में सुबह बाइक सवार दो टप्पेबाज युवक एक खुदरा गल्ला व्यापारी को टप्पेबाजी का शिकार बनाकर चम्पत हो गए हैं। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। कस्बा निवासी खुदरा गल्ला व्यापारी व्यापारी दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि वह पेशाब करने के लिए सड़क पार गया था और जब वापस लौट रहा था। तभी बाइक सवार दो युवक अचानक उसके पास आकर रुके और उसे बाइक में बैठाकर कुछ दूरी में ही टप्पेबाजों ने उसका तेरह हजार रुपये पार कर दिया और उसे सड़क किनारे उतारकर चंपत हो गए हैं। व्यापारी ने जब अपनी जेब देखी तो रुपये गायब हो चुके थे। पीड़ित ने कोतवाली में टप्पेबाजों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

'ड्रग्स डिस्ट्रक्शन डे' पर आग के हवाले किये गये मादक पदार्थ

महोबा। समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देश पर पुलिस लाइन में ड्रग्स डिस्ट्रक्शन डे मनाया गया, इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का वर्चुअल संवाद सुना गया, इस मौके पर सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज कुल 30 मादक पदार्थ मालों का नियमानुसार विनिष्ठिकरण किया गया, जिसमे कुल 82 किलो गांजा, 400 ग्राम नशीला पदार्थ एवं 600 ग्राम डाइजापाम गोली का विनिष्ठिकरण करते हुये मादक पदार्थो को आग के हवाले किया गया, उक्त विनिष्ठीकरण की प्रक्रिया (जिलास्तरीय डिस्पोजल समिति) संबंधित अभियोजन अधिकारी, प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की मौजूदगी में किया गया।

भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर दोबारा निकले ग्रामीणों को पुलिस ने रोका

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

पीएम आवास वितरण में धांधली सहित प्रधान व सचिव के भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर मुख्यमंत्री से मिलने दोबारा पैदल निकले ग्रामीणों को पुलिस ने जमुना पुल में रोक लिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोक झोक भी हुई। जिला प्रशासन के आलाअधिकारी मौके पर पहुंच ग्रामीणों को उच्च स्तरीय जाँच का आश्वासन देकर गांव के लिए वापस भेज दिया है। कुरारा विकास खंड के ग्राम पंचायत भटपुरा डांडा व जमरेही गांव के लगभग दो दर्जन से अधिक महिला-पुरुष और बच्चे मंगलवार को ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत लेकर सीएम योगी का मिलने लखनऊ के लिए दोबारा पद यात्रा पर निकले थे। जिला प्रशासन को खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस को भेज ग्रामीणों को यमुना पुल पर रोक लिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोक झोक शुरू हो गई। तभी एसडीएम सदर व जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुँच ग्रामीणों को जिलाधिकारी द्वारा गठित की गई नई टीम से जाँच का आश्वासन दिया है। वहीं इस दौरान ग्रामीणों को लगभग तीन घंटे तक यमुना पुल स्थित चौकी में बैठा दिया गया।वहीं शिकायतकर्ता गुलाब सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास वितरण में धांधली हुई है और अपात्रों को आवास दिए गए हैं। प्रधान और सचिव की जुगलबंदी ने विकास कार्यो सहित मनरेगा में पलीता लगाया गया है।इन सब मुद्दों को लेकर ग्रामीण कई मर्तबा कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन भी कर चुके थे।लेकिन हर बार जिले के अधिकारीयों द्वारा जाँच का आश्वासन दें कर मुकर जाते है।बताया कि भ्रष्टचार की शिकायत लेकर बीते 13 जून को मुख्यमंत्री से मिलने निकले थे जैसी ही कानपुर पहुँचे तभी जिला प्रशासन व कानपुर पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार करते हुए वापस भेज दिया गया था।

श्रावण मास और मोहर्रम को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

इटावा। समृद्धि न्यूज

श्रावण मास और मोहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर एसडी इंटर कालेज में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि श्रावण मास और मोहर्रम को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं अगर किसी ने व्यवधान डालने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ़ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वहन किया जाए और नवयुवकों को समझाएं कि शासन प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गौड़ ने कहा मोहर्रम के जुलूसों की अनुमति के लिए शपथपत्र के साथ आवेदन करें। ताजियों की ऊंचाई को बिजली के तारों के बराबर न रखा जाए। एसपी सिटी कपिल देव सिंह ने कहा सावन और मोहर्रम साथ साथ रहेंगे इसलिए दोनों धर्मों के लोगों की जिम्मेदारी है कि वह मिलजुल कर मनाएं और आपसी सौहार्द की मिसाल पेश करें। मोहर्रम के जुलूसों में वक्त की पाबंदी का पूरा ख्याल रखें। शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं ताकि हुड़दुंग मचाने वालों से सख्ती से निपटा जा सके। इटावा की गंगा जमुनी संस्कृति को कायम रखना आप लोगों की जिम्मेदारी है प्रशासन आपका पूरा सहयोग करेगा। व्यापारी नेता आलोक दीक्षित, मुमताज चौधरी, चमन वारसी, सभासद हाशिम कुरैशी, सभासद जावेद हुसैन आदि ने बिजली के जर्जर पोल, आवारा पशुओं व सफाई की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। बैठक में एसडीएम सदर विक्रम राघव, सीओ सिटी अमित कुमार, शहर कोतवाल, मुख्य सफाई निरीक्षक नगर पालिका नत्थी लाल, प्रकाश प्रभारी नगर पालिका मो. अमजद, एसडीओ विद्युत ने लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। पीस कमेटी की बैठक में कामिल कुरैशी, हनी वारसी, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, मुशीर हैदर, जमीर हसन, अब्दुल हन्नान मंसूरी, नदीम वारसी, मुस्तकीम कादरी, जैनुल आबेदीन, इकरार अहमद, रंजीत कुशवाहा, रफत अली खां, लल्लू अब्बासी सहित बड़ी संख्या में शहर के सम्भ्रांत लोगों ने भाग लिया।

सेंटमेरी इन्टर कालेज में चुने हुए कैप्टेंस को पद और दायित्वों की शपथ दिलाई गई

इटावा। समृद्धि न्यूज

सेंटमेरी इन्टर कालेज में शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए अंजनेय शुक्ला कालेज कैप्टेन,अन्वी वाजपेई वाइस कैप्टेन तथा अहाना राज अवस्थी जूनियर स्कूल कैप्टेन व अवनी सिंह वाइस कैप्टेन के साथ सभी हाउस कैप्टेन को प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने पद और दायित्वों की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण व अलंकरण समारोह में आए मुख्य अतिथि माननीय जोज पलिकल बिशप डायोसेज आफ कंजीरापल्ली,गेस्ट आफ आनर माननीय थॉमस पाडियाथ बिशप डायसेस आफ शमसाबाद,इटावा राजस्थान रीजन ने अतिथियों फादर बॉबी एलेक्स,फादर डैनी व सेंटमेरी इन्टर कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ,मैनेजर फादर बिंसन,वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन,वाइस प्रिंसिपल सिस्टर जोशलिन व हेड मिस्ट्रेस सिस्टर नवीना की मौजूदगी में कालेज कैप्टेन,वाइस कैप्टेन,मदर टेरेसा हाउस,सेंट एंथोनी हाउस,सेंट फ्रांसिस हाउस व सेंट अल्फोंसा हाउस के सीनियर बॉयज,गर्ल्स कैप्टेन,वाइस कैप्टेन,जूनियर हाउस कैप्टेन व वाइस कैप्टेन को बैज,पट्टिका व फ्लैग देकर अलंकृत करते हुए अपने कार्यो के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से दायित्वों को निर्वाहन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। सेंटमेरी इन्टर कालेज में मंगलवार को आयोजित अलंकरण व शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना गीत से हुई।मुख्य अतिथि के साथ ही आए हुए अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया।कालेज के वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने वेलकम स्पीच दी और सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।सेंटमेरी परिवार ने मुख्य अतिथि का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर 2021 की हाईस्कूल परीक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक,2023 की इंटरमीडिएट परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक व इसी वर्ष 2023 की नीट (मेडिकल) परीक्षा में 720 में से 695 अंक प्राप्त कर आल इंडिया मेरिट लिस्ट में 519 रैंक प्राप्त कर सेंटमेरी इन्टर कालेज सहित जनपद इटावा का प्रदेश और देश में नाम रौशन करने वाली मेधावी छात्रा सोहानी वर्मा को मुख्य अतिथि ने मेडल पहनाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया।प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने कहा कि बिना कोचिंग के सेंटमेरी की होनहार मेधावी छात्रा सोहानी वर्मा ने प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा परिणाम में प्रदेश स्तर पर रैंक हासिल कर सेंटमेरी परिवार को गौरवान्वित किया है। शपथ ग्रहण व अलंकरण समारोह में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ग्रुप सांग बेफिकरा भी होना जरूरी है जाके कह दो दुनियां से जरा ने खूब तालियां बटोरी,इसके बाद प्राइमरी सेक्शन के बच्चों के डांस ने सभी का मन मोह लिया।सीनियर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ग्रुप डांस ने खूब वाहवाही बटोरी।

महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में बताये सड़क सुरक्षा के नियम

राठ (हमीरपुर)। स्थानीय ब्रह्मानंद महाविद्यालय में आज सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान महाविद्यालय के अखंड मंदिर में एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार 17 से 31 जुलाई 2023 तक पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। आज नगर के ब्रह्मानंद महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ एक वृहद संगोष्ठी आयोजित की गई। महाविद्यालय के गठित रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ सुरेंद्र सिंह, सदस्य डॉ ए एन शुक्ला ,डॉ आर बी शर्मा ,डॉ दुर्गेश पटेल एवं डॉ दीपक सिंह द्वारा ब्रह्मानंद महाविद्यालय के अखंड मंदिर भवन में आयोजित विशाल संगोष्ठी में रोवर्स रेंजर्स ,राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के कैसेट्स व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक मनीषा अनुरागी, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, उप जिलाधिकारी (राठ) सुरेंद्र यादव, आरटीओ अमिताभ राय , प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ इंद्रपाल सिंह, प्राचार्य डॉ एसएल पाल आदि ने स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज की समाधि पर माथा टेका और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया । अखंड मंदिर भवन में छात्र दीपक एवं छात्रा सिमरन ने सड़क सुरक्षा विषय पर अपने विचार रखें । आरटीओ अमिताभ राय ने कहा कि सभी को सड़क के नियमों का पालन करना चाहिए उन्होंने बताया एनएच 24 कानपुर -हमीरपुर -कबरई मार्ग सबसे ब्यस्ततम 10 मार्गो में से एक है, जिस पर अक्सर सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिलती हैं ।जो कि कहीं ना कहीं सड़क के नियमों की अनदेखी करने से होती है । यदि आप सड़क के नियमों का पालन करेंगे, आप सुरक्षित रहेंगे।

होम विजिट कार्यक्रम एवं आधार वैरीफिकेशन के कार्य में गति दिखनी चाहिये: जिलाधिकारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

ई-कवच पोर्टल पर सैम बच्चों की फीडिंग शत प्रतिशत हो जानी चाहिये। आरबीएसके टीम द्वारा बच्चो को जो दवाई उपलब्ध कराई गयी है उसकी फीडिंग समय से करें। साथ ही जिन सैम बच्चो को दोबारा देखा गया है उनकी भी फीडिंग करा दी जाये। उक्त निर्देश मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए।

बैठक में सौरिख सीडीपीओ पंकज यादव के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। वहीं छिबरामऊ की सुपरवाइजर संगीता

- छिबरामऊ की सुपरवाइजर संगीता शुक्ला का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर डीएम ने कार्यवाही के दिए निर्देश

बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम

शुक्ला का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि ऑगनवाडी की समस्त गतिविधियां पोषण टैऊकर पर दिखनी चाहिये। कहा कि जिन लाभार्थियों की पोषण ट्रैकर पर फीडिंग नही हुयी है वह योजना से लाभान्वित होने से वंचित रह जायेंगे। गर्भवती महिलाओं को प्रमुखता से पोषण टैऊकर पर फीडिंग करायी जाये। कहा कि गर्भवती महिलाये, स्तनपान करवाने वाली माताये, 0 से 6 माह के बच्चे, 06 माह से 03 वर्ष के बच्चे, 3 से 06 वर्ष के बच्चो आदि का पोषण ट्रैकर पर फीड हो जाना चाहिये। उन्होने कहा कि होम विजिट कार्यक्रम एवं आधार वैरीफिक्रेशन के कार्य में गति दिखनी चाहिये। पोषण ट्रैकर पर आधार वैरीफाई जिन लाभार्थियो का अभी तक नही हुआ है उसे समय से पूरा किया जाये। कहा कि टेक होम राशन की फीडिंग शत-प्रतिशत यथाशीघ्र कराई जाए। उन्होंने 108 केन्द्रों पर बाल पिटारा एप्प पर कार्यवाही प्रारम्भ न होने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि बाल पिटारा एप पर फीडिंग का कार्य शत-प्रतिशत हो जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि स्कूल न जाने वाली 11 से 14 वर्ष की 635 किशोरियों को चिन्हित किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सर्वे अथवा कैम्प के मायध्म से चिन्हांकन की कार्यवाही में गति लायी जाए। एनआरसी में पंजीकरण की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने कहा कि पंजीकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें तथा इस कार्य को प्रमुखता से कराया जाये। कहा कि वीएचएसएनडी सेशन को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कारागार में प्ली बारगेनिंग विषय पर लगाया गया साक्षरता शिविर

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

मंगलवार को जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल की अध्यक्षता में महिलाओं के अधिकार, निजी स्वच्छता एवं प्ली बारगेनिंग विषय पर साक्षरता शिविर लगाया गया। साथ ही सचिव ने कारागार का निरीक्षण भी किया। कारागार के निरीक्षण के दौरान सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि जमानत मिलने के पश्चात जमानतदार न मिल पाने की वजह से अब बन्दियों की रिहाई नहीं रुकेगी, सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशानुसार जमानदार न मिलने पर अस्थायी जमानत के साथ निजी मुचलके पर छोड़ा जा सकेगा, जिससे अभियुक्त स्वयं बाहर जाकर अपने जमानतदार न्यायालय में दाखिल कर सके। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि महिला बंदियों को कौशलपूर्ण कार्यों का कोई प्रशिक्षण कारागार में नहीं दिया जा रहा है ऐसे में उन्होंने जेल अधीक्षक को महिला बंदियों को उनके सकारात्मक सोच को विकसित करने हेतु कौशलपूर्ण कार्य सिखाये जाने हेतु आवश्यक एवं उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। सचिव द्वारा लीगल एण्ड प्राप्त करने वाले विचाराधीन बंदीयों के रजिस्टर लीगल एण्ड क्लीनिक के रजिस्टर एवं लीगल एण्ड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक राज कुमार गुप्ता को जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किये जाने के हेतु दिशा निर्देश दिये। सचिव द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिन बंदियों के आधार कार्ड नहीं बने है उनके आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया नियमानुयार शुरू की जाये। बन्दीयों से उनके रहन सहन व खान-पान के बारे में पूछे जाने पर किसी भी बन्दी द्वारा कोई भी समस्या से अवगत नही कराया गया। निरीक्षण उपरान्त सचिव लवली जायसवाल ने महिलाओं के अधिकार, निजी स्वच्छता एवं प्ली बारगेनिंग विषय पर साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजूद महिला बन्दियों को उनकी निजी स्वच्छता एवं सैनेटरी पैड के इस्तेमाल हेतु प्रेषित किया गया एवं महिलाओं के कानूनी अधिकार के प्रति सजग रहने एवं प्ली बारेगेरिंग विषय पर विस्तार से बताया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर व बंदीरक्षक तथा बसंत राम आदि मौजूद रहे।

खबरें चलते-चलते

बिजली बिल के लेनदेन में युवक से मारपीट

गुरसहायगंज, कन्नौज। बिजली बिल के लेनदेन को लेकर परिवार के ही युवक ने पीड़ित से गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामगंज निवासी गफ्फार अली पुत्र सत्तार अली ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि मोहल्ले के ही इमरान अली पुत्र सुगर अली ने बिजली बिल के लेनदेन को लेकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने जब विरोध किया। तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। घर से बाजार आए युवक ने अपनी मोटरसाइकिल एक दुकान पर खड़ी कर दी और खरीदारी करने चला गया। जब लौटकर आया तो उसकी बाइक उस स्थान पर नहीं थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टडहा निवासी सुमित कुमार रामशरण ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि बीते शनिवार को वह घर से शाम करीब 8.30 बजे बाजार के लिए आया था और अपनी मोटरसाइकिल पल्सर को मलिकपुर में श्याम बिहारी की दुकान के पास खड़ी करके खरीदारी करने चला गया। जब वापस आया तो उसकी बाइक वहा नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सट्टा पर्ची सहित युवक को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाल जेपी शर्मा के नेतृत्व में गश्त कर रहे कस्बा चौकी प्रभारी अजब सिंह ने मुखबिर की सूचना पर सट्टा पर्ची सहित युवक को दबोच कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। मंगलवार की दोपहर करीब 12.20 बजे रेलवे स्टेशन मंदिर के बाहर से कस्बा प्रभारी ने एक युवक को समय दबोच लिया। जब वह सट्टे की खाई बाड़ी कर रहा था। पुलिस गिरफ्त में आरोपी युवक ने अपना नाम इस्लाम पुत्र सोहराब निवासी मुरादगंज बताया। आरोपित युवक के पास से 320 रूपये नगद सट्टा पर्ची व पैन भी बरामद किया। कोतवाली पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए सक्रिय भूमिका का निर्वहन करे अभिभावक: अबधनारायण

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। शासन के निर्देशन में जलालाबाद ब्लॉक के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, गोवा, नदसिया, जसपुरापुर सरैया प्रथम, तरपुरवा ,जेंवा सहित परिषदीय विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। पीएस अलीनगर के प्रधानाध्यापक अबधनारायण ने सेवित क्षेत्र के छः से चौदह वर्ष आयु तक के बच्चों का आयुसंगत कक्षाओं में शत प्रतिशत नामांकन व उपस्थिति एवं ठहराव सुनिश्चित करने, निपुण भारत अभियान को जन अभियान बनाने, आउट आफ स्कूल बच्चों हेतु संचालित शारदा अभियान को सफल बनाने, विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन व उसके दायित्वों आदि के सम्बन्ध में अभिभावकों व एसएमसी के सदस्यों के मध्य जानकारी साझा करते हुए बच्चों के स्वर्णिम भविष्य हेतु उनके सक्रिय सहयोग का निर्वहन करने हेतु उन्हें प्रेरित किया। विद्यालय के सहाक अध्यापक प्रगति कुमार ने परिषदीय विद्यालयों में डीबीटी योजना के माध्यम से मिलने वाली बारह सौ रूपये की धनराशि के सदुपयोग हेतु व दिव्यांग बच्चों हेतु संचालित समर्थ अभियान कार्यक्रम के सम्बन्ध में अभिभावकों को प्रेरित किया। इस दौरान सिराज अहमद, अंजली शुक्ला, पंकज सिंह, राजेन्द्र कुमार, ग्राम प्रधान ऊर्मिला वाथम, एसएमसी अध्यक्षया धनदेवी, रिंकी, सरोजनी, ममता, सोनी, सुधा, मीरादेवी सहित सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे।

'ई कवच एप की मदद से आशा कार्यकर्ता अपने काम को ऑनलाइन कर सकेगी फीडिंग

- संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के साथ साथ ई कवज पोर्टल पर डाटा की फीडिंग भी अवश्य कराई जाए:डीएम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालग्राम में 'ई कवज एप' के संबंध में एमओआईसी, बीसीपीएम, बीपीएम एवं एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने की। इस दौरान डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि एएनएम अपने मोबाइल फोन पर ई-कवच एप डाउनलोड कर पेपरलेस काम कर सकेंगी। इसी एप के माध्यम से सर्वे और जरूरी काम किया जा सकेगा। गर्भवती महिलाओं का डाटा अब ई-कवच एप में फीड होगा। इसमें गर्भवती से लेकर प्रसव तक की जानकारी दवाओं के ब्योरे के साथ ही इलाज करने वाले चिकित्सक का भी नाम दर्ज होगा। इससे उन्हें संबंधित गर्भवती का रिकार्ड नहीं बनाना होगा। मोबाइल में ही गर्भवती की जानकारी मिल जाएगी। इस एप में गर्भवती के पर्चे का पंजीकरण नंबर और नाम फीड होगा। जब एएनएम गांव का दौरा कर गर्भवती के घर पर जाएंगी तो उन्हें संबंधित गर्भवती की हेल्थ आई डी डालना होगा जिससे प्रसव के पूर्व का पूरा ब्योरा सामने आ जाएगा। इससे एएनएम को सहूलियत होगी और उनकी उपस्थिति भी दर्ज हो जाएगी। इससे कर्मचारी लापरवाही भी नहीं कर सकेंगे। शिकायत पर स्वास्थ्य अधिकारी एप से पता कर लेंगे कि गर्भवती का क्या इलाज हुआ और उसे कितने टीके लगे। प्रशिक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने ओपीडी, प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण भी किया। जिसमें उन्होंने चिकित्सालय में कराए जा रहे रिनोवेशन के कार्य को देखते हुए हुये प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण कर लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ट्रेनर एवं डीपीएम दीपक राय सहित संबंधित अधिकारी व एएनएम समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

बहू को जलाकर मार देने के मामले में महिला को 10 वर्ष के कारावास की सुनाई गई सजा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्होंने अपनी बहू को जलाकर मार देने के मामले में में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने एक महिला को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदण्ड भी लगाया है। एफटीसी फर्स्ट न्यायालय के शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ला ने बताया कि इस मामले की सुनवाई करते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट फर्स्ट के अपर सत्र न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह ने इस मामले को साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर मृतका शाहीन की सास अनवरी बेगम को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर 8 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। जोकि सजावधि के दौरान अदा करना पड़ेगा। जबकि न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में शाहीन के पति जीशान को बरी कर दिया। मामला छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर का है यहां के निवासी एजाद ने 14 अप्रैल 2019 को तहरीर देते हुए अपनी बेटी के ससुरालीजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें एजाद ने आरोप लगाया था कि उसने अपनी बेटी शाहीन का निकाह गांव के ही रहने वाले जीशान के साथ 3 दिसम्बर 2018 को किया था। निकाह के कुछ समय बाद ही जीशान और उसके परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जिसे पूरा न कर पाने पर उन्होंने 14 अप्रैल 2019 को शाहीन को कमरे में बन्द कर जला दिया था। मामले में मृतका के पति जीशान, जेठ पप्पू, सास अनवरी बेगम और ससुर इरफान के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की विवेचना के दौरान पुलिस ने जेठ और ससुर के नाम निकाल दिए थे। जिस कारण उनके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल नहीं किए गए। पुलिस ने पति जीशान और सास अनवरी बेगम के खिलाफही आरोप पत्र दाखिल किए थे। जिस पर कोर्ट ने फैसला सुना दिया।

पुलिस व आबकारी टीम ने चलाया अभियान

छापेमारी करती आबकारी व पुलिस टीम — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- सैकड़ों लीटर लहन नष्ट कर दो को दबोचा

उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर चलाए जा रहे अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत आबकारी व पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर सैकड़ों लीटर लहन नष्ट कर कार्रवाई की है। मंगलवार की देर शाम आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार तिवारी, यतेंद्र कुमार शर्मा व सराय प्रयाग चौकी प्रभारी हाकिम सिंह ने पुलिस बल के साथ सराय प्रयाग स्थित बस्ती में छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें पुलिस ने अवैध शराब सहित दो लोगों अमर निवासी सराय प्रयाग व सुरेश निवासी कमालगंज को हिरासत में ले लिया। जबकि मौके पर मिले लगभग 250 लीटर लहन को टीम ने नष्ट कर दिया। पुलिस व आबकारी टीम की छापेमारी को देख अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कई लोग टीम को चकमा देकर फरार होने में सफल रहे।

त्यौहारों पर रहेगी अराजकतत्वों पर नजर: डॉ. प्रियंका बाजपेई

- एसडीएम व सीओ ने शांति कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें दोनों धर्म के संभ्रांत नागरिकों ने अपने अपने विचार रखे। अधिकारियों ने लोगों से त्योहारों को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। साथ ही यह भी कहा कि लोग अराजकतत्वों की सूचना देकर पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

मंगलवार की शाम श्रावण मास, रक्षाबंधन, 15 अगस्त, आदि त्योहारों से पूर्व कोतवाली परिसर में एसडीएम व सीओ सदर के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम अशोक कुमार ने संभ्रांतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि कोतवाली क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए एक दूसरे के त्योहारों का सम्मान करें। कहां कि अराजकता एवं नफरत फैलाने वाले लोगों का विरुद्ध सूचना देकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें जिससे उन पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। वहीं सीओ सदर प्रियंका बाजपेई ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों वर्ग के लोग एक दूसरे के त्योहारों का सम्मान करें। इस प्रकार की पहल करने से नफरत समाप्त होगी और भाईचारे की भावना जागृत होगी। इस दौरान एसडीओ अरविंद मौर्य, कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा, कस्बा प्रभारी अजब सिंह, पालिका कार्यालय अधीक्षक आर.पी सिंह, लेखपाल कौशल पांडे, शहर काजी हाफिज जुम्मन, सभासद दीपक गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, रजलामऊ प्रधान वेदप्रकाश शाक्य, पिंटू वर्मा, मुस्ताक खा, मोहम्मद नफीस सहित तमाम संभ्रांतजन मौजूद रहे।

शांति कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी व स्थानीय लोग

विद्यालय को जल्द निपुण बनाने पर दिया गया जोर

संकुल स्तरीय बैठक में मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- शिक्षकों की मासिक संकुल स्तरीय बैठक संपन्न

न्याय पंचायत समधन देहात की मासिक संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय समधन में किया गया। जिसमें एआरपी ने शिक्षकों को निपुण लक्ष्य ऐप की जानकारी देकर विद्यालय को जल्द से जल्द निपुण बनाने पर जोर दिया।

मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय समधन में एआरपी मलिखान सिंह ने संकुल स्तरीय बैठक में शिक्षकों को निपुण लक्ष्य एप से बच्चों का स्पॉट असेसमेंट की जानकारी दी। निपुण विद्यालय के 10 प्वाइंट टूल किट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने निपुण ऐप से नियमित बच्चों का आकलन करते रहने की बात कही। सभी शिक्षक जल्द से जल्द विद्यालय को निपुण बनाएं। जिससे हमारा जनपद निपुण जनपद हो सके। नोडल शिक्षक संकुल संजीव राजपूत ने निपुण विद्यालय कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि सितंबर 2023 तक सभी संकुल विद्यालय निपुण हो जाए। निपुण लक्ष्य एप से बच्चों का एसेसमेंट करते रहे इसके साथ साथ टीएलएम का भी प्रयोग करें। बैठक में उमेश कुमार, अभिषेक कुमार, अनीता सुधाकर, रजनी राजपूत, अभिषेक यादव, जोगेंद्र सिंह, शशांक,अभिषेक प्रताप सिंह, आशीष शंखवार सहित अध्यापक मौजूद रहे।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए आशा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

- जिले में 10 अगस्त से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान
- आशा कार्यकर्ता प्रत्येक व्यक्ति को दवा का सेवन अपने सामने ही कराएं: डा. बृजेश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी

फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, इससे बचने का एकमात्र उपाय फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करें, जिससे संक्रामण को रोका जा सके। लोगों को फाइलेरिया की दवा कैसे खिलायी जाए और उन्हें बीमारी के प्रति कैसे जागरूक किया जाए, इस संबंध में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) छिबरामऊ पर आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वह कैसे अपने कार्य क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतर भूमिका निभा सकती हैं। वेक्टर बोर्न डिजीज के नोडल अधिकारी डॉ बृजेश शुक्ल ने बताया कि जिले में 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू होगा, जो 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। अभियान की सफलता के लिए ब्लॉक स्तर पर आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि हर हाल में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य कर्मी अपने सामने ही दवा खिलाएं, बाद में खाने के लिए दवा नहीं देनी है। सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) डा. राहुल मिश्र ने आशा कार्यकर्ताओं को बताया कि किसी-किसी को दवा का सेवन करने के बाद प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उनके शरीर मे फाइलेरिया के परजीवी मौजूद होते हैं और उनके मरने की वजह से कभी-कभी किसी व्यक्ति को सिर में दर्द, बुखार, उल्टी, बदन पर खुजली की शिकायत हो सकती है। ऐसी स्थिति में घबराना नहीं चाहिए, यह कुछ समय में स्वतः ठीक हो जाती है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति होने पर सभी आशा कार्यकर्ता धैर्य पूर्ण व्यवहार का परिचय दें, नजदीकी स्वास्थ्य टीम और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि से समन्वय स्थापित करें, जिससे दवा सेवन के बाद होने वाले साइड इफेक्ट के संदर्भ में स्वास्थ्य टीम आकर तुरंत अपने स्तर से भी जानकारी उपलब्ध करा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीसीपीएम शमशाद समेत क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ता समेत अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

किस प्रकार खिलाई जाएगी दवा

पीसीआई से रामजी त्रिपाठी ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि फाइलेरिया से बचाव के लिए इस बार एक वर्ष से अधिक और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को आधी गोली एल्बेंडाजोल की दी जाएगी। दो वर्ष से अधिक और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को डीआईसी की एक गोली और एल्बेंडाजोल की एक गोली, पांच वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को डीआईसी की दो गोली, एल्बेंडाजोल एक गोली, 15 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए डीआईसी की तीन गोली, एल्बेंडाजोल की एक गोली आशा कार्यकर्ता अपने सामने खिलवाएंगी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला, गंभीर रोगियों को दवा का सेवन नहीं कराना है।

बाढ़ के पानी में डूबकर बालिका की मौत

रोते बिलखते बालिका के परिजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बाढ़ के पानी में डूबकर बालिका की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव मातादीन की मड़ैया निवासी वीरपाल की 10 वर्षीय पुत्री राधिका शौच करने के लिए खेतों में गयी थी। शौच करते समय वह बाढ़ के पानी में डूब गयी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद छात्रा के शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों के सूचना देने के बाद भी मौके पर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचे।

सड़क सुरक्षा के अंतर्गत डीएन कालेज में जागरुकता हेतु छात्र-छात्राओं को दिलायी गयी शपथ

छात्र-छात्राओं को सड़क जागरुकता की शपथ दिलाते प्राचार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दुर्गा नारायण महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत जागरुकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रो0 डॉ0 मनोज गर्ग छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी। सड़क सुरक्षा के अंतर्गत प्राचार्य मनोज गर्ग ने कहा हम सबका कर्तव्य है कि यातायात नियमों के बारे में जानें और उनका पालन करें। आसपास के लोगों को इन नियमों का पालन कराने के लिए गम्भीरता अपनायें। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ0 बी.के. तिवारी ने सड़क सुरक्षा के नियमों व विषय पर छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि जागनकारी ही बचाव है। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें, सील्ट बेल्ट लगायें, अपनी साइड में चलें आदि जानकारी दीं। डॉ0 हरि शिवनाथ गुप्ता ने नियमों को गम्भीरता से पालन करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अखण्ड चौहान, केसर सिंह, रागिनी शर्मा, ईशमालिका मिश्रा ने विचार रखे। इस मौके पर छात्राओं को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 सतेंद्र मिश्रा, डॉ0 अजहर जुनैद, डॉ0 राम नरेश सिंह, डॉ0 पंचम कुमार, डॉ0 मो0 अमीन, डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ0 अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम के अलावा महाविद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर पालिका क्षेत्र में 22 जुलाई तक 7140 पौधे लगाने का लक्ष्यः अधिशाषी अधिकारी

ईओ रविन्द्र कुमार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन के लिए वृक्षारोपण लक्ष्यों को निर्धारित किया गया है। नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद क्षेत्र में 7140 पौधों का लक्ष्य दिया गया है। जिसके लिए विभिन्न स्थानों पर गड्ढों का खुदान 22 जुलाई तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 स्थानों पर 22 जुलाई को पौधे लगाये जायेंगे। जिसके लिए नोडल अधिकारी व सफाई नायकों को नियुक्त किया गया है। 19 जुलाई तक गड्ढे खोदने का कार्य पूरा हो जायेगा। 22 जुलाई को वृक्षारोपण होगा। नगर पालिका परिषद में 400 पौधे लगायें जायेंगे। जिसके नोडल अधिकारी जलकल अभियंता गौरव मिश्रा व सफाई नायक नीरज को नियुक्त किया गया है। जलकल अभियंता के आवास के पास 300 पौधे लगेंगे। आवास विकास के पार्कों में 1000 पौधे, पटेल पार्क में 700 पौधे, मोहम्मदाबाद सकवाई कान्हा गौशाला में 2500 पौधे, काशीराम कालोनी परिसर में 200 पौधे, काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया में 900 पौधे, टाउनहाल टंकी जलकल के सामने 25 पौधे, छोटी काशीराम कालोनी में 25 पौधे, सलावत खां में 25 पौधे, पटेल पार्क जलाशय में 25 पौधे, गुरगांव देवी मंदिर के आसपास 25 पौधे, नेकपुर चौरासी में 25 पौधे, फतेहगढ़ स्टेडियम में 25 पौधे, जिला अस्पताल में 25 पौधे, वनखड़िया फतेहगढ़ में 25 पौधे, लिंजीगंज पुराना अस्पताल में 25 पौधे, लकूला में 25 पौधे, आवास विकास टंकी परिसर में 25 पौधे, आवास विकास परिसर दूसरी टंकी के पास 25 पौधे, डिफेंस कालोनी आवास विकास में 25 पौधे, सातनपुर पानी टंकी के पास 25 पौधे लगाये जायेंगे। जिनके लिए नोडल अधिकारी व सफाई नायकों की नियुक्ति की गई है। सभी सफाई नायक समय पर पौधे लगाकर लक्ष्य को पूरा करने की जिम्मेदारी उठाये।

विमल चौहान बने सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव

विमल चौहान का स्वागत करते जिलाध्यक्ष व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजपाल कश्यप ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी में जनपद फर्रुखाबाद के विमल सिंह चौहान को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। प्रदेश कार्यकारिणी में फर्रुखाबाद को भी स्थान मिलने से लोग उत्साहित हैं। पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल व जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी, पुष्पेंद्र यादव, शिव शंकर शर्मा, नौशाद अली, वीरभान सिंह, सुकर्म पाल व प्रेम सिंह ने नव नियुक्त प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग विमल चौहान का फूल-मालाओं से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया की समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विमल सिंह चौहान को उन्होंने खिमसेपुर का प्रभारी भी बनाया और उनसे उम्मीद है कि इस बार लोनिया समाज के लोगों को एकजुट कर समाजवादी पार्टी का परचम फहराने का काम करेंगे। नव नियुक्त विमल प्रताप सिंह चौहान का खिमसेपुर में भी जोरदार स्वागत हुआ।

बाढ़ प्रभावित बलीपट्टी रानी गांव व करनपुर मंझा का आला अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बाढ़ प्रभावित बलपट्टी रानी गांव का निरीक्षण करते आला अधिकारी

- प्रधानों को ग्रामीणों की हर सम्भव मदद करने के दिये निर्देश, एसडीएम को गौशालाओं पर नजर रखने के दिये निर्देश

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति एवं अपर पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार मंगलवार को अमृतपुर तहसील के गांव बलीपट्टी रानी गांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के लिए राशन व खाने की समुचित व्यवस्था करें। राशन वितरण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ग्राम प्रधान ब्रह्मदत्त शुक्ला से जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की हर संभव मदद करने के लिए कहा। इसके बाद वह गंगा की गोद में बसे गांव करनपुर मंझा पहुंचे। जहां घरों में पानी भरा देखकर उन्होंने राजस्व विभाग को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों व ग्राम प्रधान से वार्ता कर हर तरह की मदद करने का भरोसा दिया। कड़री सारंगपुर में बने गौशाला के बारे में उन्होंने काफी गंभीरता से ग्राम प्रधान अतर सिंह से जानकारी की। उन्होंने कहा पशुओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी गजराज सिंह को गौशाला पर हर वक्त नजर रखने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान फखरपुर शिवदत्त तिवारी से भी वार्ता कर बाढ़ में फंसे ग्रामीणों की मदद करने की बात कही। साथ ही बाढ़ चौकियों पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम गजराज सिंह यादव, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, सीओ अमृतपुर रवींद्रनाथ राय, थाना प्रभारी निरीक्षक अमृतपुर संत प्रकाश पटेल, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल अन्य राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

वर्कशाप कार्यशालाः अभिनय के गुण ही उच्च शिखर तक पहुंचाते हैंः अमित सक्सेना

वर्कशाप कार्यशाला में प्रतिभाग करते युवा रंगकर्मी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद की रंगमंचीय संस्था नक्श थियेटर द्वारा अभिनय के क्षेत्र में रुचि रखने वालों के लिए चार दिवसीय निःशुल्क एक्टिग वर्कशाप का आयोजन किया गया। देर शाम नगर के मेमरान स्थित नक्श थियेटर में फिल्म एवं एक्टिग स्टूडियो में संस्था के अध्यक्ष अमित सक्सेना ने भगवान नटराज व गणेश का पूजन कर वर्कशाप का शुभारंभ किया। कार्यशाला के पहले दिन राजगौरव पाण्डेय ने अभिनय में रुचि रखने वाले युवाओं का परिचय दिया। अभिनय का प्रशिक्षण दे रहे एक्टर अमित सक्सेना ने कहा कि अभिनय एक अनन्त साधना है। जो कलाकार के जीवन भर विभिन्न परिस्थितियों का सामना करता है। कोई भी व्यक्ति एक दिन में कलाकार नहीं बन सकता है, लेकिन एक दिन कलाकार बनकर सफल जीवन जीने के लिए लंबी संघर्ष यात्रा तय कर सकता है। जन्म से लेकर मृत्यु तक अभिनय रहता है। अभिनय कला व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करती है। अभिनेता की आवाज किस तरह से डेकोरेट की जाती है उसके लिए प्रैक्टिस करायी जाती है। कार्यक्रम में निहारिका पटेल ने कहा कि युवा बेझिझक होकर प्रतिभा का प्रदर्शन करें। जिससे वह अपना स्थान तय कर सकें। राष्ट्र सेवक रोहित दीक्षित ने वर्कशाप में आये हुए सभी लोगों का स्वागत किया।

राजगौरव पाण्डेय व दिलीप कश्यप ने अपने विचार साझा करते हुए अभिनय के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरित किया और कहा प्रतिभा निखारने के लिए प्रदर्शन करना बहुत जरुरी है। इस मौके पर अंकित गुप्ता, हर्षित दीक्षित, रमा कश्यप, उमंग मिश्रा, प्रिया राजपूत, विकास त्रिवेदी, आर्यन तिवारी, शैली दिवाकर, डॉ0 कमल सिंह गौतम, धीरज मौर्या, नेहा सक्सेना, सत्या आदि ने वर्कशाप कार्यशाला में प्रतिभाग किया और अपने अनुभव साझा किये।

सफाई कर्मचारी के ना आने से नालियां चोक, विद्यालय में भरा पानी

ग्राम कक्योली के संविलयन विद्यालय में भरा पानी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। सफाई कर्मचारी के मनमानी के चलते गांव की नालियां चोक हो गईं। जिससे विद्यालय में पानी भर गया। बच्चे स्कूल में शिक्षाध्ययन करने नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ब्लाक नवाबगंज के ग्राम कक्योली में बने संविलियन विद्यालय में पानी भरने से वह तालाब की स्थित में है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में तैनात सफाई कर्मचारी नहीं आता है। जिससे नालियों की सफाई नहीं हो पाती है वह बजबजा रही है। जब सफाई कर्मचारी आता है तो प्रधान अपने निजी कार्यों में लगा लेते है।

इस तरह गांव की गालियां व नालियां कैसे साफ हो पायेंगी। नालियां चोक होने से विद्यालय में पानी भर गया है। जिससे नौनिहाल पढ़ने नहीं जा पा रहे हैं। फिलहाल ग्रामीणों में घटना को लेकर रोष व्याप्त है। जब

- बच्चे नहीं जा पा रहे पढ़ने, ग्रामीणों में रोष

इस बाबत मोहम्मदाबाद के खंड शिक्षाधिकारी से बात करनी चाहीं तो उनका फोन स्विच ऑफ था।

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में मनाया गया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

छात्रों को जागरुक करते यातायात उप निरीक्षक रजनीश कुमार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार 17 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुपालन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टि0 गिरिजाशंकर की अध्यक्षता में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में सभी छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वी0एन0 चौधरी रहे। कार्यशाला का आरंभ प्रधानाचार्य द्वारा डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह तथा एआरटीओ बी0एन0 चौधरी का माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विश्वप्रकाश दीक्षित द्वारा किया गया। कार्यशाला में यातायात उपनिरीक्षक रजनीश कुमार द्वारा सभी छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स को यातायात के नियमों का पालन हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि सभी छात्र रोड पर चलते समय बाये चलें। 18 साल उम्र पूरी होने से पहले मोटर वाहन न चलाएं। सड़क पर चलते समय हमेशा सतर्क रहें। कभी भी शराब पीकर वाहन न चलाएं। वहीं एआरटीओ बी0एन0 चौधरी द्वारा सभी छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा हेतु संवेदनशील रहने के लिए प्रेरित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि सभी छात्र एनसीसी कैडेट्स समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें। इस अवसर पर शिक्षक अशोक कुमार कठेरिया, प्रदीप कुमार जायसवाल, अरविंद कुमार, रामेश्वर दयाल, प्रवीण कुमार, प्रबल प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

खबरें चलते-चलते

सरकारी जमीन हड़पने में पूर्व प्रधान सहित दो पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

मोहम्मदाबाद (सं.)। भू-माफिया द्वारा तत्कालीन प्रधान से षड्यंत्र कर सरकारी भूमि हड़प लेने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के हरसिंहपुर गोवा मौजा मुड़गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र मानसिंह ने न्यायालय में दायर की शिकायत में दर्शाया कि उसका ग्राम में वर्तमान गाटा संख्या 1493क व ख स्थित है। उक्त नम्बरान चकबंदी वर्ष 2015 के उपरान्त ग्रामसभा में निहित है। 1493 का पूर्व में नम्बर 806 था। 1493क का भाग ब्रजेन्द्र सिंह का है तथा खा भाग ग्राम सभा में निहित है। गांव के बलराम व ब्रजेन्द्र सिंह के मध्यम गाटा संख्या 1493 को लेकर विवाह हुआ। जिसकी पंचायत हुई जिसमें मैं व बलराम सिंह मौजूद था। बलराम ने 1493 ख जमीन का स्वयं का पट्टेदार बताया। घटना की जानकारी की गई तो वर्तमान प्रधान रामनारायन सिंह पट्टा न 117 वर्ष 2005 के सम्बन्ध में जनसूचना अधिकार के अन्तर्गत आवंटन पत्रावली की सूचना मांगी तो ज्ञात हुआ कि बलराम सिंह पुत्र जग्ननाथ सिंह से संबंधित ग्राम मुडगांव का कोई भी आवास संबंधित आवंटिन पत्रावली में उपलब्ध नहीं है। बलराम ने तत्काली प्रधान छविनाथ सिंह से षड्यंत्र कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ग्रामसभा की कीमती जमीन हड़प ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने वर्तमान प्रधान सहित दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

कानोडिया बालिका इंटर कालेज में स्काउट/गाइड की कार्यशाला सम्पन्न

- कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में प्रज्ञा सिंह ने किया प्रतिभाग

कार्यक्रम को संबोधित करते जिला विद्यालय निरीक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में जिला आयुक्त, जिला संगठन आयुक्त एवम जिला प्रशिक्षण आयुक्त की कार्यशाला का आयोजन मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रज्ञा सिंह सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा विद्यालय की ही छात्रा ने नृत्य प्रस्तुत करके सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया एवं माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा जिला मुख्य आयुक्त प्रधानाचार्य दिनेश वर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारियों का विद्यालय के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें जिला सचिव डॉ0 महेश राजपूत, जिला आयुक्त स्काउट रामदास, जिला आयुक्त गाइड इंदु मिश्रा, जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा, सहायक लीडर ट्रेनर पुष्कर मिश्रा, एडल्ट लीडर ट्रेनर प्रमोद चंद्र गंगवार, जिला संगठन आयुक्त सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, जिला संगठन आयुक्त गाइड चमन शुक्ला, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर भारती मिश्रा, जिला आयुक्त कब आशीष वर्मा, जिला आयुक्त ब्लॉक बुलबुल पुष्पा सिंह, विद्यालय से पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला, दर्शना आर्य, कार्यालय सहायक अजंट सिंह राजपूत, प्रदीप कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की गाइड शिक्षिका इंदिरा राठौर ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रज्ञा सिंह ने कहा वर्तमान में प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ0 प्रभात कुमार के निर्देशन में जनपद में जो नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है वह बहुत ही सराहनीय है तथा प्रत्येक पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी लेते हुए करें तो निश्चित रूप से स्काउट गाइड आंदोलन को एक नई दिशा मिलेगी।

जिला मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि वर्तमान सत्र में प्रत्येक विद्यालय में प्रवेश, प्रथम, द्वितीय सोपान के प्रशिक्षण संचालित कराए जाने हेतु अधिक से अधिक प्रशिक्षकों की आवश्यकता है अतः प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण को आगे बढ़ाए जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। उन्होंने अवगत कराया कि विगत कई वर्षों में जनपद में एडल्ट ट्रेनिंग के लिए केवल बेसिक कोर्स का आयोजन हुआ है तथा एडवांस कोर्स का प्रशिक्षण नहीं हुआ है। अतः इससे आगे वाला प्रशिक्षण एडवांस कोर्स अगले माह कराए जाने की कार्य योजना प्रस्तावित है। जिसमें विगत वर्षों में बेसिक कोर्स करने वाले स्काउट और गाइड के अध्यापक और अध्यापिका जिनका अधिकार पत्र प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा बन जाएगा वे सभी एडवांस कोर्स फॉर स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन करने हेतु अर्ह होगे। इस कोर्स को संपादित कराए जाने हेतु जनपद के समस्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। कि वे अपने अपने संपर्क में आने वाले बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े अध्यापकों को अवगत कराएंगे तथा उनके अधिकार पत्र फार्म भी उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में जिला सचिव डॉ0 महेश राजपूत ने नई कार्यकारिणी के बारे में अपने अपने विचार रखे और कहा कि जनपद स्तर पर कार्यकारिणी का गठन हो चुका है अब इसको तहसील स्तर पर भी गठित किया जाएगा। कार्यक्रम में कुसुम लता, पारुल जैन, समीक्षा, अंजलि, राधा दीक्षित, अर्चना कपूर, सुनीता पांडे, जया सिंह, स्वाति, नमिता, शिखा चौहान, पवित्रा राठौर, मंजू, अनीता सिंह, अंजना, दीप्ति, अर्चना देवी, जान्हवी, नेहा सक्सेना, वर्षा, ममता आदि शिक्षिकायें उपस्थित रहीं।

कुटरा पावर हाउस के जेई वसीम रजा को हटाने की मांग

अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सभासद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कुटरा पावर हाउस के जेई वसीम रजा को तत्काल हटाए जाने की मांग को लेकर अतिरिक्त एसडीएम को सभासद शशांक शेखर मिश्रा ने ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को सभासद एसोसिएशन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को सभासदों की बातों पर तत्काल संज्ञान लेने व जिला पूर्ति कार्यालय में अवैध वसूली पर रोक लगाने और थाना, कोतवाली पुलिस द्वारा सभासदों के हस्तक्षेप पर आपसी मामलो को वार्ड में ही निपटा देने की मांग की गई। कुटरा पावर हाउस के जेई वसीम रजा द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। इस पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही की जाए और जिला प्रशासन द्वारा सभी समस्याओं को जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में शशांक शेखर मिश्रा, अतुल शंकर दुबे, नन्हें पंडित, अनिल तिवारी, विजय अनुरागी, नवनीत मौजूद रहे।

पद्म श्री आवार्ड के लिए ऑन लाइन करें आवेदन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर सचिव गृहमंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किये गये पत्र के आधार पर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश ने भेजे गये पत्र का संज्ञान लेते हुए सीडीओ अरविन्द कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री की उपाधियों के लिए वर्ष 2024 हेतु भारत सरकार द्वारा विगत वर्ष की भांति उक्त उपलब्धियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। जिसके अन्तर्गत उक्त अवार्ड हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर 1 मई 2023 से 15 सितम्बर तक होना है।

वारंटी सहित छह गिरफ्तार

मेरापुर (सं.)। पुलिस ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव साहबगंज निवासी रामशरन, वीरेंद्र, सर्वेश व गांव नदौरा निवासी विपिन, मंशाराम को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। वहीं पुलिस ने मेरापुर थाना क्षेत्र गांव पुनपालपुर निवासी छविराम को वारंट के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

बदमाशों ने वृद्धा को बंधक बनाकर पीटा, नगदी व लाखों के जेवर किये पार

▶ सूचना पर पहुंची पुलिस खानापूर्ति कर वापस लौटी

घटना के बारे में वृद्धा व प्रधान से जानकारी करती पुलिस

कम्पिल, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। देर रात बदमाशों ने गांव पहाड़पुर में दो किसानों के घरों को निशाना बनाया। एक घर से नगदी समेत लाखों के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ली। जबकि दूसरे घर में चोरी का प्रयास किया, लेकिन वृद्धा के शोर मचाने पर बदमाशों ने उन्हें बंधक बनाकर पीटा। ग्रामीणों के जागने पर बदमाश भाग निकले।

मंगलवार रात लगभग आधा दर्जन हथियारबंद बदमाश गांव पहाड़पुर निवासी किसान शिव कुमार सिंह के घर में दीवार के सहारे घुस गए। कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों की कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ली। बदमाश किसान के मुख्य दरवाजे को बाहर से बंद कर चले गए। घटना के दौरान गर्मी के कारण किसान अपने पत्नी व बच्चों के साथ छत पर सो रहा था। जिसके बाद बदमाश छत से होकर गजेंद्र के घर में उतर गए। वह परिवार समेत कमरे की छत पर सो रहा था। गजेंद्र की वृद्ध मां छोटी बिटिया नीचे बरामदे में चारपाई पर लेटी थी। आहट होने पर वह जाग गई। उन्होंने अपने बेटे को आवाज लगाई। उसी समय बदमाशों ने वृद्धा को दबोच कर मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गई। शोर सुनकर ग्रामीण जाग गए। बदमाशों ने मौके से भागना ही उचित समझा। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। खानापूर्ति करने के बाद वापस लौट गई। उन्होंने बदमाशों को तलाश भी नहीं किया। पुलिस की कार्यशैली से नाराज ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों की फटकार के बाद कुछ देर में ही पुलिस दोबारा हाफी हुई गांव पहुंची। सुबह फौरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये। पीड़ित शिव कुमार ने घटना की तहरीर दी। बताया कि बीस हजार की नकदी समेत तीन लाख की चोरी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि काफी समय से पुलिस रात के समय गांव की तरफ गश्त करने नहीं आती है। जिस कारण बदमाशों ने आसपास डेरा डाल रखा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

चालक को झपकी आने पर रोडवेज गूलर के पेड़ से टकरायी

कई सवारियां घायल, डीएम, एसपी ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण, लोहिया में घायलों के लिए हालचाल

घटनास्थल पर मौजूद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

राजेपुर, समृद्धि न्यूज। चालक को झपकी आने पर सवारियों से भरी रोडवेज गूलर के पेड़ से टकरा गयी। हादसा होते ही बस में चीखपुकार मच गयी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायल सवारियों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया। जहां से कुछ को लोहिया रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर डीएम संजय कुमार व एसपी विकास कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और लोहिया अस्पताल में भर्ती घायलों से पूछताछ की।

थाना राजेपुर के अंतर्गत फर्रुखाबाद बदायूं हाईवे के निकट गांव कुतुलूपुर के सामने बदायूं से आ रही बदायूं डिपो की बस संख्या यूपी 78एचटी/5951 चालक विकास पुत्र राजवीर निवासी गांव बिल्सी देवरी जनपद बदायूं , परिचालक मनोज मिश्रा पुत्र सुरेश चंद्र मिश्रा निवासी बिल्सी देवरी जनपद बदायूं से सवारी भरकर हरदोई जा रहे थे। सुबह समय करीब 4 बजे फर्रुखाबाद बदायूं हाईवे के निकट गांव कुतुलूपुर के सामने रोड के किनारे खड़े गूलर के पेड़ से बस टकरा गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास के ग्रामीण आवाज सुनकर इकट्ठा हो गए। बस में बैठी सवारियों में चीखपुकार मच गयी। बताया गया कि चालक को झपकी आ गयी थी। जिससे घटना घटित हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया और सूचना उच्चाधिकारियों को दी। घायलों में सत्यवीर पुत्र नरेंद्र सिंह उम्र 38 वर्ष गांव बिल्सी बेहटा जनपद बदायूं, रामविलास पुत्र छोटेलाल उम्र 42 वर्ष बिसौली थाना पचदेवरा जनपद हरदोई, प्रेमा पत्नी रामविलास उम्र 40 वर्ष जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर, शेखर शर्मा पुत्र बड़े लाल उम्र 15 वर्ष, पुष्पा पत्नी सर्वेश उम्र 32 वर्ष निवासी बिल्सी बदायूं, नितिन पुत्र सर्वेश निवासी जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने घर भेज दिया। अन्य की हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे जिलाधिकारी संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, सीओ अमृतपुर, सीडीओ ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। वहीं डीएम व एसपी ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर घायलों के हाल-चाल लिये।

शमशाबाद क्षेत्र की गंगा कटरी के आधा दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में, सड़कों पर 3 फुट तक पानी

▶ विद्यालयों में भरा पानी, पंचायत घरों में हो रही पढ़ाई
▶ आवागमन के लिए ग्रामीण ले रहे नाव का सहारा

घरों में भरा बाढ़ का पानी

बाढ़ के पानी से मिड-डे-मील के बर्तन धोती रसोईया

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। शमशाबाद क्षेत्र की गंगा कटरी के आधा दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। जिससे ग्रामीणो की रातों की नींद उड़ गयी है। वहीं सड़क पर तीन फिट तक पानी भरने से आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। कहीं-कहीं गांव के रास्ते ही कट गए हैं। जिससे आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाव के अभाव में लोग जान की बाजी लगाकर आवागमन करने को मजबूर हैं। कटरी क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय गंगलई जिसमे बाढ़ का पानी भर गया है। परिणामस्वरुप पंचायत घर में शिक्षक छात्रों को पढ़ाने के लिए मजबूर हैं। उक्त विद्यालय में पंजीकृत छात्रों की संख्या 93 है, जबकि मौके पर ढाई दर्जन छात्र उपस्थित थे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक जगेंद्र सिंह, सहायक अध्यापक सुनील कुमार, शिक्षामित्र सविता वर्मा मौजूद थी। उधर बाढ़ के पानी में जलमग्न हुए विद्यालय के अंदर रसोईया द्वारा मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा था। बर्तनों को धोने के लिए बाढ़ का पानी उपयोग किया जा रहा था। इंचार्ज प्रधानाध्यापक जगेंद्र सिंह ने बताया विद्यालय में बाढ़ का पानी भर जाने तथा पंचायत घर में छात्रों को पढ़ाने की सूचना ब्लाक संसाधन केंद्र शमशाबाद को दे दी गई। ग्रामीण राजेंद्र सिंह, रामबाबू, मोनू, सेवाराम तथा लक्ष्मण के आशियाने जलमग्न हो गए। यहां ग्रामीणों को बैल गाड़ियों में खाना बनाते हुए देखा गया। लोगों का कहना था बाढ़ जैसी त्रासदी का उन्हें हर वर्ष सामना करना पड़ता है। प्राथमिक विद्यालय गंगलई के अलावा प्राथमिक विद्यालय नगला बसोला, जमुनिया नगला, भगवानपुर तथा समोचीपुर सहित सभी विद्यालय जलभराव का शिकार हो गए हैं। गंगा कटरी क्षेत्र के गांव भगवानपुर से मुंशी नगला जाने वाला मार्ग भी पानी के तेज बहाव में कट गया। यहां के ग्रामीणों ने आवागमन के लिए प्रशासन से नाव उपलब्ध कराए जाने की मांग की। बताया गया है उक्त मार्ग पर लगभग 3 फिट तक पानी का तेज बहाव हो गया है। बांसखेड़ा, समोचीपुर चितार, भगवानपुर के अलावा नगला बसोला के संपर्क मार्गों पर पानी के तेज बहाव के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आवश्यकता के अनुरूप आवागमन करने वाले लोगों को डर है कहीं बहाव किसी की मौत का कारण न बन जाए। ग्रामीणों की मानें तो बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही पर दुख जताते हुए कहा पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र के ग्रामीण बाढ़ की समस्याओ से जूझ रहे हैं। वहीं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मूक बनकर बर्बादी का नजारा देख रहे हैं। बताते हैं शमसाबाद-शाहजहॉपुर मार्ग पर ग्राम चौरा के निकट बाढ़ के पानी का तेज बहाव जारी है। जिसके चलते लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है पानी के तेज बहाव में आना जाना खतरे से खाली नहीं।

खबरें चलते-चलते

फर्जी परीक्षार्थियों के प्रवेश रोकने हेतु माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कमर कसी

फर्रुखाबाद (सं.)। यूपी बोर्ड ने वर्ष 2024 की परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थियों के प्रवेश रोकने हेतु प्रयास शुरु कर दिये है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकान्त शुक्ला ने इस बाबत जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र लिखकर आगाह किया है। सचिव ने अमान्य विद्यालयों एवं वर्ग विषय में अनाधिकृत प्रवेश रोकने के लिए डीआईओएस को निरीक्षण करने के निर्देश दिये। विदित है कि वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा में कई फर्जी परीक्षार्थी पकड़े जाने के बाद बोर्ड ने यह सख्त कदम उठाया है। सचिव ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता मिलने के बाद ही स्कूल मान्य वर्ग और विषयों में छात्र-छात्राओं का प्रवेश लिया जाये। साथ ही अमान्य संस्था के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के भी निर्देश दिये गये है। सचिव ने डीआईओएस को यह भी निर्देश दिये गये है कि वह सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर देखे कि कक्षा 9 से 12 तक केवल अर्ह छात्र-छात्राओं का ही प्रवेश है। सचिव के निर्देशों के अनुसार पालन में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। एमआईसी, रखा गर्ल्स इंटर कालेज, सिटी मिशन कालेज, रामानन्द इंटर कालेज सहित एक दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है।

पुत्र की शादी का झांसा देकर एक लाख ठगे

नवाबगंज (सं)। पुत्र की शादी का झांसा देकर युवक से आरोपी ने एक लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी सुरजन सिंह पुत्र दिवारी लाल यादव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र संजीव कुमार की शादी कराने का झांसा देकर पीड़ित से आरोपी युवक ने 1,00,000 रुपया नगद ले लिया तथा एक वर्ष हो जाने के बाद भी आज तक ना ही शादी कराई और ना ही पीड़ित का पैसा वापस किया। जब पीड़ित पैसा मांगने आरोपी के घर गया तो आजकल करके पीड़ित को टकराता रहा। जब पीड़ित आज पुनः उससे पैसे मांगने गया, तो उसने युवक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपी युवक सुभाषचंद्र पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम दुनिया के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

रोडवेज बस की टक्कर से भैंस की मौत

नवाबगंज (सं.)। सड़क पार करते समय भैंस को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे मौस की मौत हो गयी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बरतल निवासी रामपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय फूल सिंह ठाकुर मंगलवार को अपने मवेशी चराने गया था, तभी एक भैंस खेत से भागने लगी जो नवाबगंज-मंझना रोड को क्रस कर अपने घर को जाने लगी, तभी मंझना की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने भैंस को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे किसान की भैंस मर गयी। भैंस की कीमत करीब 80 हजार रुपये बतायी गयी है। यह देख किसान मौके पर पहुंचकर रोने चिल्लाने लगा। किसान को रोते बिलखते देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। दुर्घटना करने के बाद चालक बस को भगाने लगा, लेकिन एक ग्रामीण ने बाइक से बस का पीछा कर उसका नंबर ले लिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर उपरोक्त रोडवेज बस संख्या यूपी76टी6623 के अज्ञात चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। पीड़ित ने इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल अजीत मिश्रा को भी दी। खबर लिखे जाने तक पीड़ित की भैंस घटनास्थल पर ही पड़ी थी।

जानलेवा हमले के मामले में तीन भइयों समेत चार पर दोष सिद्ध, सजा आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला करने के मामले में अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने श्याम सिंह पुत्र पुत्तुलाल, अतर सिंह, दयाल सिंह, रूपलाल सिंह पुत्रगण लालाराम को दोषी करार देते हुये न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई आज होगी।

विगत 27 वर्ष पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के ग्राम मसेनी निवासी राजेश्वर प्रसाद पुत्र राधाकृष्ण ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 11 जुलाई 1996 को सुबह लगभग 5 बजे के समय मैं अपनी छत पर सो रहा था। मेरे पड़ोसी पुत्तुलाल, निर्बल, अतरसिंह, दयाल, लालाराम, रूपलाल तमंचे व लाठी-डंडा को लेकर अपनी छत पर आए और पुत्तुलाल ने श्याम सिंह ने कहा कि इसे आज जान से मार दो, बचने न पाये। श्याम सिंह ने जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर दिया। मेरे शोर मचाने पर गांव के लोग आ गए। हमलावर भाग गए। मेरी पुत्तुलाल से ट्यूबवेल के विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी, तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विष्णु चन्द्र वैश्य ने श्याम सिंह, अतर सिंह, दयाल सिंह, रूपलाल को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 19 जुलाई की तिथि नियत की है। मुकदमा विचारण के दौरान पुत्तुलाल, निर्बल, लालसहाय की मृत्यु हो गयी थी।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जनपद अलीगढ़ के थाना अकराबाद निवासी विष्णु अपनी बहन के घर नगर के मोहल्ला चिलांका आया था। मंगलवार को उसने आत्महत्या के उद्देश्य से जहरीला कीटनाशक पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया रेफर कर दिया।

बैलगाड़ी से चारा लेने जा रहे पांच बाढ़ के तेज बहाव में बहे, ग्रामीणों ने बचाया

▶ तेज बहाव से ग्रामीण दहशत में, कई स्थानों पर रास्ते कटे, बैलगड़ियों से ग्रामीण कर रहे हैं आवागमन

घटना के बाद दहशत में बच्चे

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। बैलगाड़ी से चारा लेने जा रहे पांच लोग बाढ़ के तेज बहाव में बहने लगे। चीखपुकार करने पर ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी पांचों को बचा लिया।

जानकारी के अनुसार गंगा कटरी क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप जारी है। गांव-गली, मोहल्ले सब जलमग्न है लोग घर से बेघर हो गये। गांव कटरी तौफीक निवासी सुखदेवी पत्नी नेकराम, उपेंद्र, अर्पित पुत्रगण राम सेवक, जयंती पुत्र नेकराम, सरबन पुत्र अर्जुन बैल गाड़ी से जानवरों के लिए चारा लेने खेतों की ओर जा रहे थे। झौबा गांव के पास सड़क पर पानी का तेज बहाव हो रहा था, तभी अचानक पानी के तेज बहाव में बैलगाड़ी बहने लगी। बैलगाड़ी पर बैठे सभी 5 लोग घबरा गये और चीखपुकार शुरु कर दी। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और कड़ी मशक्कत के बाद पांचों ग्रामीणों को बाहर निकाला। जिससे ग्रामीणों की जान बच गयी। बाद में बैलगाड़ी को भी बाहर निकाल लिया। लोगों का कहना था संकट की इस घड़ी में मसीहा बनकर आए लोगों ने उन्हें बचा लिया।

वरना कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों का कहना है कि पानी अधिक होने से ग्रामीण बैलगाड़ी से आवागमन कर रहे हैं।

गांव की गलियों में घुसा पानी, ग्रामीणों को आवागमन में हो रहीं दिक्कतें

पानी से होकर निकलता ग्रामीण

▶ संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका प्रबल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। गांव की गलियों में बरसात का पानी घुसने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का समना करना पड़ रहा है। मोहम्मदाबाद विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकंदरपुर नगला विनायक के मजरा ममरेजपुर में बरसात का पानी गलियों में इस तरह घुसा की गांव की गलियां तालाब बन गई। जिससे ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी भरने से उन्हें निकलने बैठने में मुश्किल हो रही है। वहीं छोटे-छोटे बच्चे घरों में कैद होकर रह गये हैं। ग्रामीण अमित कुमार मनोज कुमार, सियाराम के मुताबिक सुबह को शौच के लिए खेतों की तरफ चले जाएं, तो गांव में घुसने की इच्छा नहीं होती है और यदि घरों पर आ जाएं तो बाहर निकलने की इच्छा नहीं होती है। गांव की गलियों के जलभराव से कई घरों में भी पानी घुस गया। जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका प्रबल हो गयी है। जबकि जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जब इस बाबत बीडीओ मोहम्मदाबाद से बात करनी चाही, तो उनका फोन आउट ऑफ कवरेज एरिया से बाहर बता रहा था। जिस बाबत विकास खंड अधिकारी से कोई बात नहीं हो सकी।

युवती से अश्लील टिप्पणी करने के मामले में मुकदमा दर्ज

मेरापुर, समृद्धि न्यूज। पुत्री से अश्लील टिप्पणी करने के मामले में मेरापुर पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव दिउरा निवासी नरेंद्र पुत्र राम आसरे के विरुद्ध पुत्री के साथ अश्लील टिप्पणी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। पिता ने दर्ज कराए गए मुकदमें में कहा है कि 28 मई 2023 को दोपहर बाद मेरी पुत्री नल से पानी भरने गई थी, तभी उपरोक्त आरोपित नरेंद्र ने मेरी पुत्री के साथ अश्लील टिप्पणी करते हुए गलत इशारा किया। मेरी पुत्री ने घर आकर हम लोगों को बताया। पिता ने घटना की शिकायत आरोपित नरेंद्र के स्वजनों से की। शिकायत के बाद नरेंद्र अपना घर छोड़कर चला गया।अब वह वापस घर आ गया है। मेरापुर पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर उपरोक्त आरोपित नरेंद्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दारोगा बालेश्वर दयाल को सौंपी गयी है। वहीं थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि उपरोक्त आरोपित को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

करंट लगने से महिला अचेत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। विद्युत करंट लगने से महिला अचेत हो गयी। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर निवासी श्यामादेवी को मंगलवार को जोरदार करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गयी। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

हत्या व फिरौती के मामले में एक पर दोष सिद्ध, साक्ष्य मिटाने के मामले में पत्नी व मां दोषी करार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फिरौती न मिलने पर किशोरी की हत्या कर देने के मामले में विशेष अपर जिला जज पाक्सो न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने आरोपी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव पुत्र सुरेशचन्द्र को दोषी करार दिया व आरोपी की पत्नी गीता देवी व मां कुसुमलता को साक्ष्य मिटाने के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार विगत वर्ष 13 अक्टूबर 2020 को कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के खिमसेपुर निवासी समरपाल पुत्र मैकूलाल ने दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि मेरी 10 वर्षीय पुत्री को 13 अक्टूबर 2020 को शाम 5 बजे से गुम हो गयी थी। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली। पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर लिया था। घटना के दो दिन बाद मेरे पुत्र रामू ने पुलिस को बताया कि मेरी बहन घर से गुम हो गई थी। जिसका मुकदमा दर्ज है, तब से हम काफी खोजबीन कर रहे। 14 अक्टूबर को मेरे चचेरे भाई सुरजीत के मोबाइल पर मेरी बहन के मोबाइल से फोन आया कि 5 लाख रुपये फिरौती के रुप में मांग की और दो दिन का समय दिया। घटना पुलिस को बताई। जांच के दौरान पता चला कि पड़ोसी चन्द्रशेखर पुत्र सुरेशचन्द्र ने मेरी बहन का गैंसिगपुर गैस प्लांट के पास मोबाइल को खोला गया और उसमे 49 रुपये का रिचार्ज करवाया। फिरौती की मांग की। पुलिस ने किशोरी का शव व मोबाइल फोन चन्द्रशेखर के घर से बरामद किया। पुलिस ने हत्या व फिरौती मांगने व उसकी मां व पत्नी, पिता को साक्ष्य मिटाने के मामले में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान सुरेशचन्द्र की मृत्यु हो गयी थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने आरोपी चन्द्रशेखर, कुसुमलता, गीता को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर आगामी 24 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

मार्ग दुर्घटना में महिला घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। मार्ग दुर्घटना में महिला घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी जयरानी मार्ग दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे चिकित्सक ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।